RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 299
नई दिल्ली, बुधवार, 6 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





ग्राहक अपने खातों में वारिस का नाम अद्यतन करें

राष्ट्रीय-11


# इंडिया से भारत की ओर बढ़ी सरकार

● जी-20 के रात्रिभोज के निमंत्रण में मुर्मू को प्रेसीडेंट ऑफ भारत कहा गया, राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ

● विपक्ष ने इस कदम को विभाजनकारी और इतिहास से छेड़छाड़ करार दिया, सत्तारूढ़ दलों के नेताओं ने सराहा और कहा, भारत शब्द संविधान का भी हिस्सा



नई दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू अमृत उद्यान में विभिन्न राज्यों से आए अध्यापकों से बातचीत करती हुईं।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जी20** से संबंधित रात्रिभोज के निमंत्रण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रेसीडेंट ऑफ भारत (भारत के राष्ट्रपति) के तौर पर संबोधित किए जाने को लेकर मंगलवार को बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार देश के दोनों नामों इंडिया और भारत में से इंडिया को बदलना चाहती है। विपक्ष ने इस कदम को विभाजनकारी और इतिहास से छेड़छाड़ करार देते हुए दावा किया कि सरकार इंडिया गठबंधन से डरी हुई है। हालाँकि, केंद्रीय मंत्रियों और सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि भारत नाम संविधान का भी हिस्सा है। इस कदम से यह अटकलें भी तेज हो गईं कि देश का नाम बदलने का मुद्दा 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के दौरान उठ सकता है। सूत्रों ने जी-20 से संबंधित कुछ दस्तावेजों में देश के नाम के रूप में भारत का इस्तेमाल किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि यह सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। जी-20 प्रतिनिधियों के लिए तैयार की गई एक पुस्तिका में कहा गया है, भारत देश का आधिकारिक नाम है। इसका उल्लेख संविधान और 1946-48 की चर्चाओं में भी किया गया है।

भारत द मदर ऑफ डेमोक्रेसी शीर्षक वाली पुस्तिका में यह भी कहा गया है, भारत, जो इंडिया है, उसमें शासन में लोगों की सहमति लेना प्राचीन समय से जीवन का हिस्सा रहा है। केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान और गिरिराज सिंह ने विश्व नेताओं के जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम में शनिवार के लिए राष्ट्रपति की ओर से आयोजित जी-20 रात्रिभोज का निमंत्रण पत्र एक्स पर साझा किए। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और केंद्र सरकार के मंत्रियों ने राष्ट्रपति भवन की ओर से उठाए गए इस कदम की सराहना की है। इस कदम से इन अटकलों को बल मिल गया कि संसद के विशेष सत्र में देश का नाम बदलने का विषय आ सकता है। इस निमंत्रण को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है।

विपक्ष ने इस निमंत्रण में प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखे जाने को लेकर आपत्ति जताई और दावा किया कि सरकार विपक्षी गठबंधन इंडिया से डर गई है और इस कारण देश का नाम बदलने में जुट गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह खबर वास्तव में सच है। राष्ट्रपति भवन ने जी-20 शिखर सम्मेलन में नौ सितंबर के लिए प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बजाय प्रेसिडेंट ऑफ भारत के नाम पर निमंत्रण भेजा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, अब, संविधान के अनुच्छेद 1 में पढ़ा जा सकता है: भारत जो इंडिया था, राज्यों का एक संघ होगा। लेकिन अब इस राज्यों के संघ पर भी हमले हो रहे हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में नौ से 10 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित दुनिया भर के कई राष्ट्राध्यक्ष इसमें भाग ले रहे हैं। एक अन्य पोस्ट में रमेश ने कहा, मोदी इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करना जारी रख सकते हैं और भारत को बांट सकते हैं। (शेष पेज 9)

# उदयनिधि के बयान पर विवाद जारी

● भाजपा ने सनातन धर्म पर द्रमुक नेता की विवादास्पद टिप्पणियों की तुलना हिटलर द्वारा यहूदियों के चरित्र-चित्रण से की, आरएसएस ने कहा- राष्ट्र को खंडित करने का प्रयास किया जा रहा



नई दिल्ली में मंगलवार को संसद सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ अपने आवास पर बैठक की।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चेन्नई

**तमिलनाडु** के खेल और युवा मामलों के मंत्री तथा मुख्यमंत्री एमकेस्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन द्वारा भारत से सनातन धर्म को खत्म करने और 'उन्मूलन' करने का आह्वान एक बड़े विवाद में बदल गया है और भाजपा और आरएसएस ने कहा है कि यह कदम सोची समझी रणनीति है। भारत के विभाजन के साथ-साथ राष्ट्र को खंडित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया घटक दलों के बीच इस मुद्दे को लेकर मतभेद के कारण उसके बिखरने की आशंका से घबरा रहा है। द्रमुक नेता की टिप्पणी से लगातार दूसरे दिन विवाद जारी रहा, भाजपा नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमला करते हुए पूछा कि क्या इसकी हालिया मुंबई बैठक हिंदू धर्म को निशाना बनाने के लिए थी, वहीं कांग्रेस ने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती है, लेकिन दूसरों को भी ऐसा करना चाहिए। सबको अपने विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता है।

सूत्रों ने कहा कि मंगलवार शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर संसद के विशेष सत्र के लिए बुलाई गई इंडिया गठबंधन की रणनीतिक बैठक में इस विवाद पर गहन विचार किया गया और ऐसे किसी भी बयान से बचने का संकल्प लिया गया, जिससे कि भावनाओं को ठेस न पहुंचे। साथ ही यह भी कहा गया कि घटक दल केवल अपनी अपनी सरकारो की उपलब्धियों और केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओ पर बात करनी चाहिए। उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म संबंधी टिप्पणी को लेकर विपक्षी गठबंधन भारत पर अपना आक्रामक रुख जारी रखते हुए, भाजपा ने मंगलवार को द्रमुक नेता की विवादास्पद टिप्पणियों की तुलना हिटलर द्वारा यहूदियों के चरित्र-चित्रण से की।

भाजपा ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'उदय स्टालिन की सोची-समझी टिप्पणी शुद्ध घृणास्पद भाषण है और भारत की 80 प्रतिशत आबादी के नरसंहार का आह्वान है, जो सनातन धर्म का पालन करते हैं। स्टालिन के लिए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का समर्थन सबसे अधिक निराशाजनक है।' केंद्र में सत्ताधारी पार्टी ने आरोप लगाया कि हिटलर ने यहूदियों का जिस तरह वर्णन किया और उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म का जो वर्णन किया, उसमें एक भयानक समानता है। इसमें कहा गया, 'हिटलर की तरह, स्टालिन जूनियर ने भी मांग की है कि सनातन धर्म को खत्म कर दिया जाए... हम जानते हैं कि कैसे नाजी नफरत की परिणति नरसंहार में हुई, जिसमें लगभग 60 लाख यूरोपीय यहूदी और कम से कम 50 लाख युद्ध बंदी और अन्य पीड़ित मारे गए।' (शेष पेज 9)

# जी-20 : परेशान न हों दिल्ली खुली रहेगी

● मेगा इवेंट के दौरान एनडीएमसी के अंतर्गत आने वाला केवल एक क्षेत्र बंद रहेगा

**संजय राय।** नई दिल्ली

**जी-20** शिखर सम्मेलन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। नौ-10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानीमें होने वाली इस सम्मेलन में 28 देशों और दर्जनों वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा सेलेकर यातायात व्यवस्था के सभी बंदोबस्त हो चुके हैं। कई बार रिहर्सल भी की जा चुकी है। ऐसे में अब दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता सुरक्षा के साथ-साथ आम लोगों की परेशानी को कम करना है। इसी के मद्देनजर पुलिस ने स्पष्ट किया कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। इसलिए नई दिल्ली जिले को नियंत्रित क्षेत्र बनाया है। मेगा इवेंट के दौरान एनडीएमसी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के एक हिस्से को छोड़कर पूरा शहर खुला रहेगा।

दिल्ली पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि नई दिल्ली क्षेत्र में दूध के बूथ और अस्पताल जैसी सभी आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी। इसके अलावा पूरी दिल्ली आवाजाही के लिए खुली रहेगी। एनडीएमसी के केवल एक छोटे हिस्से में पाबंदियां रहेंगीं। लिहाजा अफवाहों पर विश्वास न करें। जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को यहां प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में आयोजित होने वाला है। अन्य पोस्ट में, पुलिस ने कहा कि भले ही आठ से 10 सितंबर के बीच व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा, लेकिन नई दिल्ली क्षेत्र में आवश्यक श्रेणी में आनी वाली सभी सेवाएं जैसे दूध के बूथ, दवाओं की दुकानें, अस्पताल और अन्य सेवाएं चालू रहेंगी। (शेष पेज 9)

# अमेरिकी राष्ट्रपति कल पहुंचेंगे भारत

● बाइडन की रिपोर्ट निगेटिव, जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आएंगे, बाइडन की पत्नी हो गई हैं कोरोना संक्रमित

**एपी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन के कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने की पुष्टि हुई है और वह जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को भारत जाएंगे तथा इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गई हैं। सोमवार को आई जांच रिपोर्ट में जिल में संक्रमण की पुष्टि हुई, लेकिन उनमें सिर्फ हल्के लक्षण उभरे हैं। जिल की प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के मुताबिक, जिल में संक्रमण की पुष्टि के बाद राष्ट्रपति बाइडन की भी कोविड-19 जांच की गई, लेकिन उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति की नियमित रूप से जांच की जाएगी और उनमें लक्षणों पर भी नजर रखी जाएगी। संपर्क निदेशक एलिजाबेथ एलेक्जेंडर ने बताया कि जिल बाइडन कुछ दिनों तक डेलावेयर के रेहोबोथ बीच स्थित बाइडन दंपति के आवास में रहेंगी। राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन पिछले साल गर्मियों में भी कोरोना वायरस संक्रमण के शिकार हुए थे। दूसरी ओर व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को भारत जाएंगे। राष्ट्रपति बाइडन प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। राष्ट्रपति बाइडन शनिवार और रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन के आधिकारिक सत्र में भाग लेंगे।

## गेल के कार्यकारी निदेशक 50 लाख रुपए के रिश्वत मामले में गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने 50 लाख रुपए के कथित रिश्वत मामले में गेल (इंडिया) लिमिटेड के एक कार्यकारी निदेशक और एक मुख्य महाप्रबंधक को तीन अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गैस पाइपलाइन परियोजनाओं के ठेके में वडोदरा की कंपनी को फायदा पहुंचाया गया था। सीबीआई ने गेल के कार्यकारी निदेशक (परियोजना) केबी सिंह को रिश्वत की रकम संभावित तौर पर पहुंचाने की जानकारी मिली थी जिसके बाद जाल बिछाया गया। तलाशी के दौरान जांच एजेंसी ने सिंह के पास से कथित रिश्वत की रकम बरामद कर ली। उन्हें शुरुआती पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया गया। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि सिंह के अलावा, सीबीआई ने वडोदरा स्थित एडवांस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुरेंद्र कुमार, गेल के मुख्य महाप्रबंधक दविंदर सिंह और दो अन्य व्यक्ति हर्ष यादव और सूर्यवेश को भी गिरफ्तार किया है।

# अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 16 दिन की मैराथन सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल हैं।

न्यायालय ने सुनवाई के अंतिम दिन वरिष्ठ अधिवक्ताओं- कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यन्त दवे और अन्य की दलीलें सुनीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ताओं या प्रतिवादियों की ओर से पेश कोई वकील लिखित अभिवेदन दाखिल करना चाहता है तो वह अगले तीन दिन में ऐसा कर सकता है। इसने कहा कि अभिवेदन दो पृष्ठों से अधिक का नहीं होना चाहिए। पिछले 16 दिन में सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने केंद्र और हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं- हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करते हुए सुना।

वकीलों ने प्रावधान को निरस्त करने के केंद्र के 5 अगस्त, 2019 के फैसले की संवैधानिक वैधता, पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने वाले जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की वैधता, 20 जून, 2018 को जम्मू कश्मीर में राज्यपाल शासन लगाए जाने, तथा 19 दिसंबर, 2018 को राष्ट्रपति शासन लगाए जाने और 3 जुलाई, 2019 को इसे विस्तारित किए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### मणिपुर के पांच घाटी जिलों में एहतियातन पूर्ण कर्फ्यू

**इंफाल।** मणिपुर के सभी पांच घाटी जिलों में मंगलवार शाम से एहतियात के तौर पर पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया गया है। कॉर्डिनेशन कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रेशन (सीओसीओएमआई) और उसकी महिला शाखा के आह्वान के मद्देनजर बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में कर्फ्यू में छूट के घंटों को रद्द किया गया है। उन्होंने बुधवार को घाटी के जिलों के सभी हिस्सों के लोगों से चुराचांदपुर से कुछ किलोमीटर दूर बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इखाई में सेना के बैरिकेड को हटाने का अनुरोध किया था। फिलहाल घाटी के सभी पांच जिलों में प्रतिदिन सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक कर्फ्यू में छूट दी गई है। सरकार के प्रवक्ता और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सपम रंजन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, सरकार सीओसीओएमआई से 6 सितंबर को तोरबुंग के पास फौगाकचाओ इखाई में सेना के बैरिकेड पर हमला करने की प्रस्तावित योजना को वापस लेने की अपील करती है।

## बिकरू कांड: 23 अभियुक्तों को 10 वर्ष का कारावास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, कानपुर

**कानपुर देहात** जिले की एक विशेष अदालत ने तीन साल पहले चौबेपुर थाना क्षेत्र में हुए बिकरू कांड के 23 अभियुक्तों को मंगलवार को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और उन पर 50-50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। अदालत ने सात आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने एक बयान में मंगलवार को बताया कि कानपुर देहात के माती में अपर जिला सत्र न्यायाधीश-पंचम (विशेष अदालत गैंगस्टर एक्ट) दुर्गेश की अदालत ने चौबेपुर थाना क्षेत्र में हुए बिकरू कांड में गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत 30 अभियुक्तों में से 23 को 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है जबकि सात आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। (शेष पेज 9)

# मेहमानों को भारत के समृद्ध इतिहास से रूबरू कराएंगी किताबें

● जी-20 पर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और आधुनिक दृष्टिकोण से समाहित दो पुस्तिका जारी

● शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले गणमान्यों को दी जाएगी पुस्तिका

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**भारत** के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ आधुनिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती दो पुस्तिकाओं 'भारत, लोकतंत्र की जननी' और 'भारत में चुनाव' का सेट मंगलवार को जारी किया गया। इन दोनों पुस्तिकाओं में भारत के 6,000 ईसा पूर्व से लेकर अबतक का इतिहास समाहित है, जिसे जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाएगा। इसमें से एक पुस्तिका में जी-20 शिखर सम्मेलन के दस्तावेज हैं, जिसमें मोदी सरकार यह बता (दर्शा) रही है कि कैसे भारत ऐतिहासिक काल से लोकतंत्र की जननी रहा है। 'भारत-लोकतंत्र की जननी' पुस्तिका में 26 पेज हैं, जिसमें बताया गया है कि देश का आधिकारिक नाम भारत है और इसका उल्लेख संविधान के साथ-साथ 1946-48 की चर्चाओं में भी किया गया है। इसमें सिंधु घाटी सभ्यता से मिली 'नृत्य मुद्रा में लड़की' वाली करीब 5,000 साल पुरानी कांस्य प्रतिमा के बारे में बताया गया है। प्रतिमा को लड़की के आत्मविश्वास के प्रतीक के रूप में वर्णित किया गया है। जिसमें लड़की स्वतंत्र व मुक्त भाव के साथ पूरे आत्मविश्वास से दुनिया की आंखों से आंखें मिलाकर देख रही है।




इस पुस्तिका में विश्व के सबसे पुराने धर्मग्रंथों, चार वेदों की जानकारी दी गई है, जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षिक सिद्धांतों को शामिल करने वाली सभ्यतागत मूल्य प्रणाली की चर्चा की गई है। इसमें महाकाव्यों के माध्यम से लोकतांत्रिक तत्वों का भी वर्णन किया गया है। पुस्तिका में यह दर्शाया गया है कि प्राचीन काल से ही भारत के शासन में लोगों की सहमति लेना जीवन का हिस्सा रहा है। भारतीय लोकाचार के अनुसार, लोकतंत्र में सद्भाव, चुनने की स्वतंत्रता, कई विचार रखने की स्वतंत्रता, स्वीकार्यता, समानता, लोगों के कल्याण के लिए शासन और समाज में समावेशिता के मूल्य शामिल हैं।

पुस्तिका में रामायण और महाभारत के समय में भी लोकतांत्रिक तत्वों का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्राचीन काल से ही भारत में लोगों के कल्याण के लिए शासन केंद्रीय विशेषता रही है। महाकाव्य रामायण में उल्लेख किया गया है, भगवान राम को उनके पिता द्वारा मंत्रिपरिषद से अनुमोदन के बाद ही राजा के रूप में चुना गया था। ठीक इसी प्रकार महाभारत में भीष्म पितामह ने अपनी मृत्यु शय्या पर यधिष्ठिर को सुशासन की शिक्षा दी थी। पुस्तिका बौद्ध धर्म के सिद्धांतों की जानकारी देती है, जिससे चंद्रगुप्त मौर्य, अशोक और छत्रपति शिवाजी जैसे कई राजाओं ने अपने शासन के माध्यम से भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार को आगे बढ़ाया। पुस्तिका में कुरूक्षेत्र के युद्धक्षेत्र में कृष्ण द्वारा अर्जुन को भगवद्गीता के उपदेश का भी हवाला दिया गया है। (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 6 सितंबर, 2023



# जी-20 सम्मेलन: पांच बार्डर, तीन एक्सप्रेसवे के मार्ग बदले

## नोएडा के लिए रूट प्लान जारी, 7 से 10 सितंबर तक रहेगा लागू, हेल्पलाइन नंबर जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर नोएडा-गाजियाबाद और दिल्ली सीमा के लिए नए यातायात निर्देश जारी किए गए है। पुलिस की ओर से गौतम बुद्धनगर के बॉर्डर से दिल्ली राज्य में भारी, मध्यम, हल्के माल.वाहक वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित करने के लिए कहा गया है। ऐसे में 07 सितंबर को शाम 5 बजे से 10 सितंबर की रात 12 बजे तक इस श्रेणी के वाहनों का दिल्ली में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

वहीं आम लोगों को निजी वाहनों का कम प्रयोग करके मेट्रो का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। वहीं ज़रुरी सेवाओं जेसे दूध, सब्जियां, फल, चिकित्सा आपूर्ति ले जाने वाले माल-वाहक वाहनों को दिल्ली पुलिस नो.एंट्री परमिशन के अनुसार जा सकेगें। यातायात असुविधा होने पर गौतमबुद्धनगर यातायात हैल्प लाइन नंबर 9971009001, दिल्ली यातायात पुलिस हैल्प लाइन नंबर 1095-011.25844444 एवं वॉट्सऐप नंबर 8750871493 पर सम्पर्क कर सकते है। ट्रैफिक डीसीपी अनिल यादव ने बताया कि गौतमबुद्धनगर सीमा से दिल्ली राज्य से सटे बॉर्डर चिल्ला, डीएनडी, कालिंदी कुंज, न्यू अशोक नगर, कोण्डली/झुण्डपुर से दिल्ली सीमा में भारी, मध्यम और हल्के माल.वाहक वाहन का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

ये वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

⏭ **चिल्ला बॉर्डर:** चिल्ली रेड लाइट बॉर्डर से दिल्ली राज्य प्रवेश कर अन्य स्थानों को जाने वाले वाहन चिल्ली रेड लाइट से यू-टर्न लेकर नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

⏭ **डीएनडी :** डीएनडी बॉर्डर से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्य स्थानों को जाने वाले वाहन डीएनडी टोन प्लाजा से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

⏭ **कालिंदी:** कालिंदी कुंज यमुना बॉर्डर से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्य स्थानों को जाने वाले वाहन यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किये जायेंगे, जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

⏭ **न्यू अशोक नगर:** डीएससी रोड से आकर न्यू अशोक नगर बॉर्डर से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्य जाने वाले वाहन गोलचक्कर चौक सेक्टर-15 से डीएससी रोड होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

⏭ **कोंडली, झुण्डपुरा:** झुंडपुरा/कोंडली बॉर्डर से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन स्टेडियम चौक से शहर क्षेत्र होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

**अन्य जनपद में जाने के लिए ये है मार्ग...**

**मेरठ, हापुड, गाजियाबाद, से ईस्टर्न पेरिफेरल द्वारा बील अकबरपुर से जनपद आगरा, मथुरा, लखनऊ व अन्य जनपद में जाने के लिए एनएच-91 का प्रयोग करेगें। पलवल से ईस्टर्न पेरीफेरल द्वारा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से होकर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों का सिरसा लूप से उतरना पूर्णत: प्रतिबन्ध रहेगा। केवल गौतमबुद्धनगर आने वाले भारी, मध्यम और हल्के माल-वाहक वाहन का संचालन नो-एंट्री के प्रावधान के साथ प्रवेश कर सकेगें।**

# कुत्ते के काटने की बात बच्चे को नहीं बताना पड़ा भारी, रैबिज के बाद एबुलेंस में तोड़ा दम

● इलाज कराने के लिए अस्पतालों में भटकता रहा पिता

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में कुत्ते के काटने से 14 साल के बच्चे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। तमाम बड़े हॉस्पिटलों ने उसको लाइलाज घोषित कर दिया।

बुलंदशहर में एक वैद्य के यहां दिखाकर लौटते समय बच्चे ने एम्बुलेंस में अपने पिता की गोद में दम तोड़ दिया। पीड़ित परिजनों की मांग है कि जिस महिला ने कुत्ता पाल रखा है, उस पर कड़ी कार्रवाई हो। पूरा मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है। यहां चरण सिंह कॉलोनी में याकूब का परिवार रहता है। याकूब मेहनत मजदूरी करते हैं। याकूब का बेटा शाहवेज कक्षा आठ में पढ़ता था। चार दिन पहले 1 सितंबर को बेटे को अजीबो-गरीब दिक्कतें होनी शुरू हो गईं। उसको पानी देखने से डर लगने लगा। खाना-पीना बंद कर दिया।

कभी-कभी भौंकने जैसे आवाजें भी मुंह से निकलने लगीं। फैमिली ने कुछ डॉक्टरों को दिखाया तो पता चला कि उसे कुछ समय पहले किसी कुत्ते ने काटा, जिसका इंफेक्शन अब ज्यादा फैल गया है। पिता याकूब के मुताबिक, 1 सितंबर को अचानक उनके बेटे की हरकतें कुछ अजीब हो गईं। वो बात-बात पर जीभ निकालने लगता था। फिर अजीब हरकतें करने लगता था। शरीर को अजीब तरीके से मोड़कर बैठने लगा। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसे पहले गाजियाबाद के एक अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने बताया कि बच्चे को रैबीज हो गया है। इन्फेक्शन ज्यादा होने की बात कह कर डॉक्टर ने दिल्ली ले जाने की बात कही। जीटीबी और एम्स दिल्ली ले गए। लेकिन कहीं भी बेटे को इलाज नहीं मिला। बच्चे के दादा मतलूब अहमद ने बताया हमने पोते से जब पूछा तो उसने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले पड़ोस में रहने वाली आंटी के कुत्ते ने उसको काट लिया था। डर के मारे उसने ये बात घर पर नहीं बताई। जिस वजह से बच्चे को तुरंत उचित इलाज नहीं दिया जा सका। जब बच्चे में लक्षण दिखने शुरू हो गए, तब हमें पता चला।

मतलूब अहमद ने बताया तीन दिन से हम लोग एम्बुलेंस लेकर जीटीबी दिल्ली, एम्स दिल्ली सहित मेरठ.गाजियाबाद के हॉस्पिटलों में घूमते रहे। किसी भी हॉस्पिटल ने हमारे पोते को भर्ती नहीं किया और उसे लाइलाज घोषित कर दिया।

## गाजियाबाद में 15वीं मंजिल से कूदकर वृद्ध ने दी जान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की हाईराइज सोसाइटी में सोमवार रात एक वृद्ध ने 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के फ्लैट से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या करने की वजह भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया, वेव सिटी थाना क्षेत्र के ड्रीम होम टॉवर में सातवें फ्लोर पर 65 वर्षीय राजा सचदेवा अपनी पत्नी और पुत्र कुंदनलाल के साथ रहते थे। सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे वो 15वें फ्लोर पर पहुंचे और वहां से नीचे कूद गए। आसपास के लोग उन्हें तुरंत नजदीकि हॉस्पिटल में ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया, इस घटनाक्रम के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ भी हुई। फैमिली व अन्य लोगों ने बताया कि वे माइंड से कुछ डिस्टर्ब थे। कभी भी किसी से झगड़ा कर लेते थे और गालियां देनी शुरू कर देते थे। घर में भी उनका अक्सर झगड़ा होता रहता था। पुलिस का कहना है कि मृतक के फ्लैट से हमें कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# पति को छोड़कर लिव-इन में रह रही महिला की हत्या

● गोली मारकर बदमाश फरार



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक अज्ञात युवक ने महिला को गोली मारी है। महिला को घायल अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां महिला ने दम तोड़ दिया है। इस घटना के बाद गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के आला अफसर मौके पर पहुंच कर मुआयना कर रहे हैं। घटना के बाद महिला के परिजनों में रोष है। यह मामला कोतवाली बादलपुर क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक, महिला की शादी करीब 13 साल पहले एक व्यक्ति के साथ हुई थी। उसको छोड़कर वो किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग चल रही थी। पिछले कई महीनो से महिला और युवक लिविंग में रह रहे थे। महिला का 11 साल का बच्चा भी साथ रहे था। परिजनों का आरोप है कि मृतका को उसके पहले पति ने मरवाया है। मृतिका का नाम सोनी है, जो 35 साल की थी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी का कहना है कि जल्द ही इस घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक महिला करीब 35 साल की थी।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर करीब 3:45 बजे बाइक सवार दो बदमाश महिला के घर में घुसे। बदमाशों ने महिला से कहा कि अपने पति से बात करवाओ। जब महिला कॉल कर रही थी। तभी बदमाशों ने एक के बाद एक महिला के ऊपर पांच गोली बरसा दी। चंद सेकंड में बदमाशों ने महिला को गोली से छलनी कर दिया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना के बाद आसपास सनसनी फैल गई। गोली की आवाज सुनकर काफी लोग मौके पर आए, लेकिन बदमाश बंदूक दिखाते हुए मौके से भाग गए।

## संक्षिप्त समाचार



गाजियाबाद में स्थित भूमाफिया महबूब अली की अवैध रुप अर्जित की गई लगभग 26 करोड़ रुपये की अचल सम्पत्ति कुर्क की गई

### भारतीय मजदूर संघ ने दिया धरना

**गाजियाबाद।** जनकपुरी में साप्ताहिक बाजार लगवाने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ गाजियाबाद ने जिला मुख्यालय पर धरना दिया। वेतन विसंगतियों सहित कई मांगों को लेकर संघ ने चरणवार आंदोलन शुरू किया है। इसी स्त्र5म में आज प्रदेश के सभी मुख्यालयों पर धरना दिया गया। 27 सितम्बर को लखनऊ में प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने ऑटो स्टैंड दिया जाए, पुलिस उत्पीडन बंद किया जाए, ई.रिक्शा चालक, ऑटो चालक, धोबी, दर्जी, बढाई, लुहार, मोची, कुम्हार को श्रेणी प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा दी जाए। उद्यान कर्मचारियों को तत्काल बहाल किया जाए। ईंट भट्टों पर बंधुवा मजदूरी बंद कराई जाए। 108102 एम्बुलेंस के बर्खास्त कर्मियों की बहाली की जाए। एनएचएम के सभी संविदा कर्मियों का बीमा, स्थानातंरण, वेतन विसंगितयों की समस्याओं को दूर करने सहित 17सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम के माध्यम से प्रदेश के सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने कहा कि संघ लम्बे समय से अपनी मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है।

### ग्रेटर नोएडा में नशे में धुत युवकों की स्टंटबाजी

**नोएडा।** जब शराब का नशा चढ़ता है, तो दिमाग जीरो हो जाता है और शरीर हीरो। ऐसे में नशे में धुत लोग क्या कर बैठे, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जो कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इकोविलेज-3 सोसाइटी का है। जिसमें कुछ लड़के शराब के नशे में धुत पांचवें फ्लोर पर बालकनी पर बनी स्लैब पर बैठकर उत्पात मचाते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इन युवकों की तलाश कर रही है। बिसरख थाना क्षेत्र के ईकोटेक विलेज.3 का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। करीब 1 मिनट 20 सेकेंड के इस खौफनाक वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक शराब के नशे में सोसायटी के भीतर उत्पाद मचाते हैं, फिर बालकनी पर बनी स्लैब पर जाकर बैठ जाते हैं। अपनी जान को जोखिम में डालकर स्टंटबाजी करते दिखते हैं। जिसमें दो अर्धनग्न होकर स्लैब पर लटक रहे तो एक युवक ऊपर खड़ा है। वहीं एक युवक उन्हीं के साथ लटक रहा है। जिसको देखकर सोसायटी के निवासियों में हड़कंप मच जाता है और जब वह लड़कों को वहां से उठाने का प्रयास करते हैं, तो यह लड़के गाली गलौज करने लगते हैं।

### चलते ट्रक में लगी आग, ड्राइवर सुरक्षित

**नोएडा।** नोएडा में मंगलवार तड़के ईस्टर्न पेरिफेरल पर दनकौर कट के पास ट्रक में आग लग गई। ड्राइवर और हैल्पर दोनों ने कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक में सरसों की तूरी थी, जिससे तेजी से आग फैल गई। आग ने ट्रक को पूरी तरह से चपेट में ले लिया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल को दी। दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से ट्रक और मॉल जलकर राख गया। वहीं ड्राइवर सुरक्षित है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि ट्रक संख्या आरजे 11जी 9635 मालिक का नाम महेश अग्रवाल है। इस्टर्न पेरीफेरल से नोएडा आते समय सुबह करीब तीन बजे के आसपास ट्रक के पिछले टायर में घर्षण बढ़ गया। इस कारण टायर में आग लग गई। आग इतनी तेज फैली की ट्रक में रखी सरसों के तूरी की गाड़ियों में आग पहुंच गई। जिससे पूरे ट्रक में फैल गई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट घटना स्थल पर रवाना हुई। 3 गाड़ियों की मदद से आग को बुझा दिया गया है।

# सेक्टर-43 में देनी थी जमीन, बोर्ड में पास किया सेक्टर-42 का संशोधित प्लान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक मामले में उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय सहकारी आवास समिति को सेक्टर-43 में जमीन देने का आदेश दिया, जबकि प्राधिकरण ने इस मामले में जमीन देने के लिए सेक्टर.42 के संशोधित ले आउट प्लान को मंजूरी के लिए बोर्ड बैठक में रख दिया।

अब लापरवाही उजागर होने पर नए सिरे से सेक्टर-43 का ले आउट प्लान तैयार किया जा रहा है। इसको अगली बोर्ड बैठक में मंजूर कराया जाएगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद नियोजन विभाग की ओर से 12 अगस्त 2023 को हुई बोर्ड बैठक में सेक्टर.42 का संशोधित ले आउट प्लान मंजूरी के लिए रखा गया। इसमें बताया गया कि न्यायालय के आदेश के तहत केंद्रीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति को भूखंड संख्या-जीएच-01, सेक्टर-42 में 60 हजार वर्ग मीटर जमीन आरक्षित कर दी गई है। इस सेक्टर में 12 और 24 मीटर की चौड़ी सड़कों के प्रावधान के साथ 350 और 450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के बड़े आवासीय भूखंडों को नियोजित किया गया है। बोर्ड बैठक के बाद प्राधिकरण ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया कि सेक्टर-42 के संशोधित ले आउट प्लान को मंजूरी की जानकारी दी। इस मामले में नियोजन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

**MODI RUBBER LIMITED**
CIN: L25199UP1971PLC003392
**Registered Office:** Modinagar - 201204; Dist. Ghaziabad, (U.P.)
**Corporate Office:** 4-7C, DDA Shopping Centre, New Friends Colony, New Delhi-110025
Website: www.modirubberlimited.com; Email: investors@modigroup.net; Phone: +91-11-47107398

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the 50th Annual General Meeting ('AGM'") of the members of Modi Rubber Limited ("Company') will be held on Friday, the 29th September, 2023 at 11:30 a.m. (IST) through Video Conferencing ('VC")/ Other AudioVisual Means ("OAVM') facility provided by Mas Services Limited to transact the business set out in the Notice convening the AGM.

**Notice of AGM and Annual Report:** In compliance with general Circular No. 02/2021 dated January, 13 2021 read with circulars dated April 8, 2020, April, 13 2020 and May 5, 2020 and all other applicable laws and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA), Government of India and Securities and Exchange Board of India (SEBI), to transact the Ordinary and Special businesses as set out in the Notice. The Notice setting out the business to be transacted at the AGM together with the Integrated Annual Report of the Company for the year 2022-23 has been sent on 05.09.2023 through electronic mode only to the members whose email address is registered with the Company / Depository Participant(s). The Notice and the Integrated Annual Report are also available on the Company's website at www.modirubberlimited.com and on the website of the Stock Exchanges, i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively.

**E-voting**: The Company is providing to the members, the facility to cast their vote(s) on the business as set out in the Notice of the AGM through remote e-voting facility ("remote e-voting") as well as during the AGM to those members who could not cast their vote(s) by remote evoting. Members are requested to note the following:

i. The company has fixed 22nd September 2023 as the 'Cut Off date' to ascertain the eligibility of members to vote by remote e-voting or by e-voting at the AGM.
ii. A person, whose name is recorded in the register of members orin the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date i.e. 22nd September 2023 only, shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or for participation and voting at the AGM.:
iii. the remote e-voting period shall be available as under:
Commencement of remote e-voting : from 09:00 a.m. (IST) on Tuesday 26th September 2023
End of remote e-voting : till 05:00 pm (IST) on Thursday, 28th September 2023
iv. any person, who acquires shares of the Company and becomes a member of the Company after dispatch of the Notice and holds shares as on the cut-off date, may obtain the login ID and password. by sending a request at evoting@nsdl.co.in. However, if the person is already registered with NSDL for remote e-voting then he/she can use their existing User ID and password for casting the vote.
v. the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM can also attend/ participate in the AGM through VC / OAVM but shall not be entitled to cast their vote again at the AGM.
vi. the remote e-voting module shall be disabled by NSDL after 5.00 p.m. (IST) on 28th September 2023. The votes once cast by the member, cannot be changed subsequently.
vii. those members, who intend to participate in the AGM through VC / OAVM facility and could not cast their vote on the resolutions through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through e-voting during the AGM.
viii. the manner of voting for members holding shares in dematerialized mode, physical mode and for members who have not registered their email address has been provided in the Notice of the AGM. The notice will also be available on the website of the Company at www.modirubberlimited.com. Members are requested to carefully read all the Notes set out in the Notice of the AGM with respect to instructions for joining the AGM, manner of casting vote etc. Contact details: In case of any queries relating to e-voting, the members may refer to the FAQs for members and e-voting user manual for members available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800-222-990 or send a request at evoting@nsdl.co.in.

The members are requested to note the following contact details for addressing queries/ grievances, if any:

MAS Services Limited
T-34, IInd Floor, Okhla Industrial Area
Phase-II, New Delhi - 110020

**Phone No.** +91-11-2638 7281 82, 83
**Fax no.**-+91-11-2638 7384
**E-mail:** info@masserv.com

By order of the Board of Directors
Sd/-
**(S K Bajpai)**
Head - Legal & Co. Secretary

Place : New Delhi
Date : 05th September, 2023

**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995
पंजीकृत कार्यालय : एनएस-92, खसरा सं. 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली-110043;
ई-मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com;
वेबसाइट : http://www.superiorfinlease.com फोन सं. : 91-9953798335

**वार्षिक सामान्य बैठक ई-वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 को अप. 02.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

कोविड-19 महामारी की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए, कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") ने इसके सर्कुलर दिनांकित 5 मई, 2020 के साथ पठित सर्कुलर दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 तथा 13 अप्रैल, 2020 और सेबी सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020 (सामूहिक रूप से "लागू सर्कुलर्स" कहे गए हैं), कम्पनी ने इसकी एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय किया है।

उपरोक्त लागू सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड में उन सभी सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है, जिनका ई-मेल पता कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट नामतः स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड ("आरटीए") तथा डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत है। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल द्वारा भेजने का कार्य 6 सितम्बर, 2023 को पूरा किया जा चुका है।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा कम्पनी की वेबसाइट http://www.superiorfinlease.com पर, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("बीएसई") की वेबसाइट https://www.bseindia.com पर, मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एमएसई") की वेबसाइट https://www.msei.in से डाउनलोड की जा सकती है। विकल्पतः, सदस्यगण उसको कम्पनी को superiorfinlease@gmail.com पर अथवा कम्पनी के आरटीए को admin@skylinerta.com पर ई-मेल भेज कर प्राप्त कर सकते हैं।

सदस्यगण नोट करें कि कम्पनी की शेयर हस्तांतरण बहियां और सदस्यों की पंजिका एजीएम के प्रयोजन हेतु शेयरधारकों की गणना के उद्देश्य हेतु शनिवार, 23 सितंबर 2023 से शुक्रवार, 29 सितंबर 2023 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेगी।

**इस सूचना में सूचीबद्ध प्रस्तावों पर ई-वोटिंग हेतु ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने तथा यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए डिपॉजिटरीज के पास ई-मेल पता पंजीकृत करवाने हेतु विधि :**

1. यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं, तो कृपया ई-मेल पता पंजीकृत करवाने के लिए आरटीए को admin@skylinerta.com पर एक अनुरोध फोलियो नं., शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे) की स्कैंड प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैंड प्रति) उपलब्ध कराएं।
2. यदि शेयर डीमैट रूप में धारित हैं, तो कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (डीपी) के साथ सम्पर्क करें और अपने डीमैट खाते में अपना ई-मेल पता और बैंक खाता विवरण अपने डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं।
3. वैकल्पिक रूप में, शेयरधारक/सदस्यगण उपरिवर्णित दस्तावेज उपलब्ध करवा कर ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध प्रेषित कर सकते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग**

1. कम्पनी (प्रबन्धन तथा प्रशासन) नियमावली 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 (यथा संशोधित) के विनियम 44 और लागू सर्कुलर्स के अनुपालन में, कम्पनी एजीएम में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी ने ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु एनएसडीएल की सेवाएं एक अधिकृत ई-वोटिंग एजेन्सी के तौर पर अनुबंधित की हैं तथा इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग सुकर बनाने के लिए उनके साथ आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने के क्रम में, सदस्यगण वेबसाइट https://www.evoting@nsdl.com देखें।
2. वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग सहित) के प्रयोजन हेतु कट-ऑफ तिथि बृहस्पतिवार, 21 सितम्बर, 2023 है।
3. रिमोट ई-वोटिंग सुविधा निम्नवर्णित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी और उसके बाद एनएसडीएल द्वारा उक्त पोटल ब्लॉक कर दिया जाएगा :

| | |
|---|---|
| रिमोट ई-वोटिंग आरंभन | मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) |
| रिमोट ई-वोटिंग समापन | बृहस्पतिवार, 28 सितम्बर, 2023 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) |

4. उपरोक्त अवधि के दौरान, कम्पनी के सदस्य, जो कट-ऑफ तिथि बृहस्पतिवार, 21 सितम्बर, 2023 को भौतिक अथवा अभौतिक रूप में कम्पनी के शेयरों के धारक हैं, अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से दे सकेंगे। कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रेषित किए जाने के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि को शेयरधारक है, वह evoting@nsdl.co.in अथवा admin@skylinerta.com अथवा superiorfinlease@gmail.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
5. सदस्यगण, जो एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट पहले ही डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं, परंतु एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से पुनः वोट डालने के हकदार नहीं होंगे। रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीका www.evoting@nsdl.com पर और एजीएम की सूचना में दिया गया है।

**वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु प्रक्रिया**

सदस्यों को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक एजीएम की सूचना में उपलब्ध है। वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होंगे और रिमोट ई-वोटिंग द्वारा प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला होगा और ऐसा करने हेतु प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने हेतु ग्राह्य होंगे।

किसी पूछताछ की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज)" तथा शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा एनएसडीएल से 022-4886 7000 तथा 022-2499 7000 पर सम्पर्क करें अथवा evoting@nsdl.co.in को ई-मेल करें।

कृते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
प्रगति अग्रवाल
कम्पनी सचिव

दिनांक : 06-09-2023
स्थान : नई दिल्ली

**राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड**
CIN - L27109DL1971PLC005905
पंजीकृत कार्यालय: 24/1-ए, मोहन सहकारी औद्योगिक एस्टेट, मथुरा रोड विहार, नई दिल्ली-110044,
वेब: www.rathisteelandpower.com,
ई-मेल: investors@rathisteelandpower.com दूरभाष: 011-45092400

**राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड की 52वीं वार्षिक आम बैठक, बुक क्लोजर और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सूचना का नोटिस**

**वार्षिक आम बैठक:** यह सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 52वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 29 सितंबर, 2023 को सुबह 10.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वीसी'') / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (''ओएवीएम'') के माध्यम से नोटिस में उल्लिखित व्यवसाय को करने के उद्देश्य से आयोजित की जाएगी। उक्त एजीएम की सूचना, ई-वोटिंग निर्देश और वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेज दी गई है, जिनकी ईमेल-आईडी डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। उक्त नोटिस, ई-वोटिंग अनुदेश और वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट भी अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत मोड के माध्यम से भौतिक मोड में भेजी जा चुकी है। एजीएम नोटिस और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई-वोटिंग) के निर्देशों के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 की एक प्रति कंपनी (www.rathisteelandpower.com) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**बुक क्लोज़र:** नोटिस यह भी दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसरण में, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित, और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ सेबी एलओडीआर विनियमन, 2015 के अनुपालन में, कि कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक 23 सितंबर, 2023 से 29 सितंबर, 2023 तक बंद रहेगा (दोनों दिन शामिल) 29 सितंबर, 2023 को सुबह 10.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वीसी'') / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (''ओएवीएम'') के माध्यम से निर्धारित कंपनी की वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से।

**इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग जानकारी:** शेयर या तो भौतिक रूप में या अभौतिक रूप में रखने वाले सदस्य, कट-ऑफ तिथि 22 सितंबर, 2023 को एनएसडीएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से 52 वीं वार्षिक आम बैठक के नोटिस में निर्धारित सामान्य और विशेष व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (क) 52वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में निर्धारित साधारण कार्य और विशेष कार्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा किए जा सकते हैं। (ख) 52वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना भेजने की तिथि 07 सितम्बर, 2023 है। (ग) इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान 26 सितंबर, 2022 को सुबह 09:00 बजे शुरू होगा और 28 सितंबर, 2023 को शाम 05:00 बजे समाप्त होगा। (घ) इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की अनुमति 28 सितंबर, 2022 को शाम 05:00 बजे के बाद नहीं दी जाएगी। (ङ) 52वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.rathisteelandpower.com और एनएसडीएल की वेबसाइट अर्थात् एनएसडीएल वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध कराई जाएगी। (च) इलेक्ट्रॉनिक मतदान की प्रक्रिया और तरीके के लिए, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक मतदान अनुदेशों का अध्ययन कर सकते हैं। तो ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल https://www.evoting.nsdl.com/ के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध हो सकते हैं या वैकल्पिक रूप से कंपनी के investors@rathisteelandpower.com की ईमेल आईडी पर संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड की आदेशानुसार
मैसर्स राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड हेतु और उसकी ओर से
हस्ता/-
(प्रेम नारायण वार्ष्णेय)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00012709

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 05.09.2023

# जी-20 से पहले सड़कों पर दौड़ेंगी 400 नई ई-बसें

## उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया

● डीटीसी के बेड़े में 7135 बसों में अब 800 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही हैं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं : मुख्यमंत्री


एलजी विनय सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आईपी स्टेट डिपो से 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सड़कों पर दौड़ेंगी 400 नई ई-बसें। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आईपी स्टेट डिपो से 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।

इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि ये बसें सब्सिडी स्कीम की 921 बसों में शामिल हैं। इन बसों के लिए केंद्र सरकार ने 417 करोड़ की सब्सिडी दी है, जबकि दिल्ली सरकार द्वारा 3674 करोड़ रुपए खर्च किया है। इन बसों के दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल होने से सड़कों पर अब 800 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही हैं, जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं।

सीएम ने कहा कि उनका लक्ष्य वर्ष 2025 के अंत तक दिल्ली की सड़कों पर 8 हजार इलेक्ट्रिक बसें उतारने का है। इसके बाद दिल्ली में 10 हजार से ज्यादा बसें हो जाएंगी, जिसमें से 80 फीसद यानि कि 8280 इलेक्ट्रिक बसें होंगी। इसके बाद पूरे विश्व में दिल्ली को इलेक्ट्रिक बसों के लिए भी जाना जाएगा।

अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में नई लो फ्लोर एसी ईलेक्ट्रिक बसों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आज से सड़कों पर 400 और ई-बसें उतरी गई हैं। जबकि पहले से ही 400 ई-बसों सड़कों पर चल रही हैं। अब आधुनिक और वातानुकूलित 800 ई-बसें चलने लगी हैं। इसी के साथ दिल्ली देश का वो शहर बन गया है, जहां सबसे ज्यादा ई-बसें चल रही हैं।

### वित्तीय स्थिति के आंकड़े

**सीएम ने बताया कि केंद्र सरकार की 921 बसों पर सब्सिडी मिल रही है। हर बस पर लगभग 45 लाख रुपए प्रति बस सब्सिडी मिलेगी। 921 बसों पर केंद्र से 417 करोड़ रुपए की सब्सिडी मिल रही है। हर बस की लाइफ करीब 12 साल है। इस तरह इन 921 ई-बसों पर कुल खर्च 4091 करोड़ रुपए है। इसमें से 417 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से मिल रहा है। यानि केंद्र सरकार से 10 फीसद और बाकी 90 फीसद खर्च का वहन दिल्ली सरकार कर रही है। इस प्रकार दिल्ली सरकार का 8280 ई-बसों का जो कुल लक्ष्य है, उसमें से 1200 ई-बसें केंद्र सरकार की सब्सिडी से मिल रही है और बाकी ई-बसें दिल्ली सरकार अपने पैसे से खरीद रही है। केंद्र सरकार से अपील है कि जिस तरह 1200 बसों पर सब्सिडी दे रही है, वैसे ही बाकी बसों पर भी सब्सिडी दे तो और अच्छा रहेगा। उम्मीद करते हैं कि केंद्र सरकार बाकी बसों पर भी सब्सिडी देगी।**

### अगले दो साल में 8 हजार ई-बसें हो जाएंगी

सीएम ने कहा कि दिसंबर 2023 तक 1900 ई बसें सड़कों पर आ जाएंगी इन ई-बसों के आने के बाद दुनिया के उन चुनिंदा शहरों में दिल्ली का नाम आएगा, जहां ज्यादा ईलेक्ट्रिक बसें चलती हैं। 1900 ईलेक्ट्रिक बसों के आने के बाद हर साल 1.07 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी। सरकार की कोशिश है कि दिसंबर 2025 तक सड़कों पर कुल 10480 बसें होंगी। इसमें से 80 फीसद यानि 8280 ई-इलेक्ट्रिक बसें होंगी। यह काफी महत्वाकांक्षी लक्ष्य है और यह किसी भी क्रांति से कम नहीं है। इसके बाद आज की तारीख में दिल्ली में 7135 बसें हैं। इसमें 800 ई-बसें हैं और 6335 सीएनजी बसें हैं।

### नई इलेक्ट्रिक बसों की प्रमुख खासियत



सभी बसें इलेक्ट्रिक हैं। इनसे प्रदूषण नहीं होता है। एक बार चार्ज करने के बाद 225 किलोमीटर तक चल सकती हैं। बसें वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम से लैस हैं। दिव्यांग जनों के लिए फोल्डेबल रैंप है, जिससे उन्हें बस में चढ़ने में सहूलियत मिलती है। यात्रियों का बस में चढ़ना-उतरना आसान काफी आसान है। सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे, हूटर के साथ पैनिक बटन और आपातकालीन स्थिति में लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग की सुविधा। कंट्रोल रूम के साथ दो-तरफा संचार की सुविधा। बस की लाइव। ट्रैकिंग के लिए जीपीएस यूनिट है। रियर इंजन के साथ पूरी तरह से स्वचालित ट्रांसमिशन। डिस्क ब्रेक आग का पता लगाने और सप्रेशन सिस्टम की व्यवस्था।


पीएम मोदी धन्यवाद की तख्तियां लिए भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आईपी बस डिपो के बाहर धन्यवाद मोदी की तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश महासचिव हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के लिए किए गए कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश करते हैं। आज फिर केंद्र सरकार से फेम योजना के तहत 400 इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं, जिसका श्रेय केजरीवाल सरकार लेने की कोशिश कर रही है।

भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि युवा मोर्चा युवाओं और छात्रों के बीच एक अभियान चलाएगा ताकि उन्हें इलेक्ट्रिक बसों, रैपिड रेल, मेट्रो विस्तार और सड़कों के बुनियादी ढांचे के विकास के रूप में मोदी सरकार के योगदान से अवगत कराया जा सके, जिससे दिल्ली विश्व स्तरीय बन रही है।

## जी-20 के मेहमानों के लिए नहीं थीं बसें : बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** दिल्ली



नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं सांसद मनोज तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है कि जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले उन्होंने राजधानी को 400 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात दी है।

दिल्ली वालों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने फेम-2 योजना के तहत ये नई इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई हैं। बिधूड़ी ने कहा कि जी-20 सम्मेलन में विदेशी मेहमान आ रहे हैं और उन्हें लाने-ले जाने के लिए बसों की आवश्यकता थी। दिल्ली सरकार की गलत नीतियों के कारणमेहमानों के लिए बसें तक उपलब्ध नहीं हैं। मनोज तिवारी ने कहा कि लोग परेशान हैं। खासकर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लेकर क्योंकि जिसके ऊपर जिम्मेदारी और उनका वादा था 11000 बसे देकर अच्छी परिवहन व्यस्था देने की वह इसकस श्रेय ले रहे हैं।

# सशक्त, समृद्ध भारत को पेश करने की तैयारी

पायनियर लाइव

**राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी चरम पर है, केंद्र व राज्य सरकार दोनों ने किसी भी तरह की कमी न रह जाए इसके के लिए अपने सभी निकायों ने पूरी ताकत झोक दिया है। पूरी दिल्ली अभेद्य बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था से लैस कर दिया गया है। जी-20 के मेहमानों के स्वागत के लिए पूरी दिल्ली में पोस्टर बैनर से सज गए हैं। पायनियर संवाददाता अजीत तिवारी ने मंगलवार को राजधानी के कई स्थानों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया।**




● राजधानी को संवारने में सभी निकायों ने झोंकी ताकत, आंगतुकों के स्वागत के लिए चारों तरफ लगे बैनर

● अभेद्य सुरक्षा के बीच धौला कुंआ, मुनिरका फुटपाथ समेत कई जगहों पर रंग रोगन का काम जारी

**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट से होटल और प्रगति मैदान जाने के रास्तों पर पैरामिलिट्री फोर्स को तैनात किया गया है। धौला कुंआ से करोल बाग वाले रिज मार्ग पर दोनों तरफ पैरा मिलिट्री फोर्स सीआरपीएफ के जवान दोनों तरफ थोड़ी थोड़ी दूरी पर मुस्तैद दिखे। वहीं प्रत्येक सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों के साथ दिल्ली पुलिस की टीम भी जगह जगह दिखाई दी।

हालांकि, दोपहर 12 से 12.30 के बीच रिज रोड से धौला कुंआ के बीच जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं धौलाकुंआ के चौराहे पर लगी ग्रिल को चमकाने के लिए मजदूर पेंट करते देखे गए। जबकि मुनिरिका के पास भी फुटपाथ पर रंग रोगन का काम करते देखा गया। वहीं एनडीएमसी और एमसीडी अधिकारी सफाई को लेकर अपने कर्मचारियों के साथ जगह जगह पर मुस्तैद दिखाई दिए। कई सार्वजनिक स्थानों पर कर्मचारी सड़कों की साफ करते व झाड़ू लगाते देख गए। एयरपोर्ट से धौला कुंआ, मोती बाग, महिपालपुर, बसंत कुंज की सड़कों पर विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए बैनर व पोस्टर से सजा हुआ है। इन सड़कों से गुजरते हुए जी-20 के मेजबान देश के रूप में हर भारतीय नागरिक को गर्व का अनुभव अवश्य होगा। वहीं शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल व मेहमानों के रास्ते से अलग उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला, करोलाबाग, राजेंद्र नगर इलाके में अन्य दिनों की तरह यातायात अन्य दिनों की तरह भारी जाम व अव्यवस्था देखा गया।

### सिग्नल से भिखारियों को हटाया गया

शिखर सम्मेलन में देश की छवि को चमकाने के लिए राजधानी में सिग्नल पर सामान बेचने वालों और भीख मांगने वाले बच्चों व महिलाओं को सख्ती के साथ हटा दिया गया है। मंगलवार को एनडीएमसी और एमसीडी के इन क्षेत्रों में सामान बेचने और रेड लाइट पर पैसे मांगने के लिए आने वाले बच्चे व महिलाएं नहीं दिखीं। स्थानीय प्रशासन ने इसके लिए पहले से मुस्तैदी दिखाई है।

### रेहड़ी पटरी गायब

**करोल बाग रिज क्षेत्र, धौलाकुंआ, चाणक्यपुरी बसंत विहार व बसंत कुंज की मुख्य सड़कों से रेहड़ी पटरी गायब दिखी। जिसके चलते इन स्थानों पर अन्य दिनों की तुलना में कम जाम देखा गया।**

# दिल्ली सरकार के पांच अस्पताल हाई अलर्ट पर

● स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जी-20 की व्यवस्थाओं पर की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली के 8 अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इनमें 5 सरकारी और 3 निजी अस्पताल शामिल हैं।

इनमें लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल, जीबी पंत, डीडीयू, बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल के अलावा प्राइमस अस्पताल चाणक्यपुरी, मैक्स अस्पताल साकेत और मणिपाल अस्पताल द्वारका हैं। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को उन तमाम डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की जिनको विदेश से आने वाले मेहमानों की स्वास्थ्य की देखभाल के लिए तैनात किया गया है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को मुस्तैदी के साथ काम करने की सलाह दी। साथ ही सख्त चेतावनी भी दी कि इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह महा आयोजन देश का सम्मान बढ़ाने का हमारे पास एक बड़ा मौका आया है। सबको इस तरह से कम करना है, कि विदेशों से आए मेहमान वे अच्छी यादें लेकर यहां से जाएं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान जिस जुनून के साथ काम किया, उसी जुनून के साथ शिखर सम्मेलन की व्यवस्था में भी काम करना है।

### तीन नोडल हॉस्पिटल बनाए

*जी-20 के लिए गठित डॉक्टरों की विशेष टीम के सदस्य डॉ अविरल माथुर ने बताया कि देश में जैविक, रेडियोलाजिकल और परमाणु हमले से निपटने के लिए कोई अस्पताल नहीं है। लेकिन जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान सीबीआरएन से निपटने को सफदरजंग अस्पताल (रसायन), राम मनोहर लोहिया अस्पताल (जैविक) और लोक नायक जय प्रकाश असप्ताल (परमाणु) नोडल अस्पताल बनाए गए हैं।*




### 'शिव-नटराज' की् भव्य प्रतिमा स्थापित

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान के भारत मंडपम् परिसर में मंगलवार को दुनिया की सबसे ऊंची नटराज प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी ऊंचाई 27 फीट, चौड़ाई 21 फीट और वजन लगभग 18 टन है।

नटराज की मूर्ति का निर्माण तमिलनाडु के स्वामीमलाई के पारम्परिक स्थापतियों द्वारा राधाकृष्ण की अगुआई में शिल्प शास्त्र में उल्लिखित सिद्धांतों और मापों का पालन करते हुए पारंपरिक मधुच्छिष्ट विधान (लॉस्ट वैक्स तकनीक) से किया गया है। इस विधि का चोल काल से नटराज प्रतिमा के निर्माण में पालन किया जाता है। राधाकृष्णण का परिवार चोल काल से यह शिल्प कार्य करता रहा है।

# शिक्षक दिवस : निगम स्कूलों के शिक्षक-प्रिंसिपल सम्मानित

## दिल्ली सरकार का वादा-अगले 2 साल में नगर निगम की सभी समस्याओं को करेगी दूर : मंत्री आतिशी

● 99 शिक्षकों को एमसीडी टीचर्स पुरस्कार से नवाजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक दिवस, शिक्षकों के उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है।

हमारी संस्कृति में माता-पिता के बाद गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। गुरु न सिर्फ बच्चों को शिक्षित करते बल्कि बच्चों के जीवन की दशा और दिशा को बदलने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दिन देश भर में बच्चों-बड़ों द्वारा अपने गुरु का सम्मान किया जाता है।

स्कूलों में इस दिन बच्चों द्वारा कई कायक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री आतिशी व महापौर शैली ओबरॉय ने दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के 99 शिक्षकों और प्रिंसिपलों को एमसीडी टीचर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें एमसीडी स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने के लिए प्रेरित किया।

आतिशी ने कहा शिक्षकों की छात्रों के जीवन में, विशेषकर शुरु की कक्षा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके शिक्षक ही उनके लिए सब कुछ होते हैं और उनकी नजर में उनके शिक्षक हमेशा सही होते हैं। एक शिक्षक के रूप में, किसी को यह याद रखना चाहिए कि छात्रों के लिए वे भगवान से कम नहीं हैं।

छात्र शिक्षकों को अपना आदर्श मानते हैं और उनका अनुकरण करने का प्रयास करते हैं।

ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि, भविष्य में बेहतर इंसान के रूप में छात्रों का सर्वांगीण विकास क्लास में और पूरे स्कूल में उनके शिक्षकों के व्यवहार पर निर्भर करता है। आतिशी ने दावा किया अगले दो सालों में एमसीडी स्कूलों की सभी चुनौतियाँ हल हो जाएगी।

# भारतीय संस्कृति का मूल आधार है वेद : राजनाथ

● महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती पर हंसराज कॉलेज में व्याख्यानमाला

**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली


राजनाथ सिंह को पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश भेंट करतीं प्राचार्य रमा सिंह।

वेद ही भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। जिसे हम भारतीय संस्कृति कहते हैं वह वेदों द्वारा निर्धारित सामाजिक नियमों व सांस्कृतिक विधानों में मिलता है।

यह बात रक्षा मंत्री ने शिक्षक दिवस शिक्षक दिवस और महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को हंसराज कॉलेज में महर्षि दयानन्द व्याख्यान माला में कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महर्षि अनेक उदाहरणों के माध्यम से यह प्रतिपादित किया कि आधुनिक विज्ञान के समस्त सिद्धांतों और अनुसन्धानों का मूल हमें वेदों में मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि आदर्श जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी सूत्र वेदों में निहित हैं और हमें वेदों में कही गई उन बातों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में और प्रधानमंत्री की प्रेरणा से कॉलेज यह संकल्प लेता है कि 2047 में विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय संकल्प में अग्रणी भूमिका निभाएगा। डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति के महासचिव अजय सूरी ने सरस्वती के विचारों पर प्रकाश डाला। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या अलका कक्कड़ ने दिया।

# शिक्षक दिवस पर कॉलेज में केक काटकर शिक्षक, छात्रों ने मनाई खुशी

### मिठाई खिलाकर धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**राजकीय** महाविद्यालय सेक्टर-9 में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने प्राध्यापकों एवं प्राध्यापिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी। प्राध्यापकों एवं प्राध्यापिकाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में सामाजिक सचिव डॉ. मीनू शर्मा के कुशल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या मधु अरोड़ा ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव को मजबूत बनाने में बहुत मुख्य भूमिका अदा करता है। आज जो शिक्षा हम अपने विद्यार्थियों को दे रहे हैं।

भविष्य में वही शिक्षा हमारे समाज और देश की दशा एवं दिशा निर्धारित करेंगे। नवनियुक्त प्राचार्या डॉ. कृष्णा मल्हान ने कबीरदास के दोहों का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु की महिमा को शब्दबद्ध करना कठिन ही नहीं असम्भव है। नवनियुक्त प्राचार्या डॉ. गीतिका ने अपने विद्यार्थी जीवन को याद कर शिक्षकों द्वारा दिए गए उत्साह वर्धन के अनुभवों को सबके समक्ष सांझा किया। नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. राजेश कुंडू ने सभी प्राध्यापकों एवं प्राध्यापिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए विकास के छोटे से घटनाक्रम से लेकर चंद्रयान की सफलता में अनेकों शिक्षकों के योगदान को रेखांकित किया। प्राध्यापिका डॉ. ललिता गौड़ ने गुरु-शिष्य परम्परा के बारे में बताते हुए राष्ट्र निर्माण में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक रोहित शर्मा ने अपने विद्यार्थी जीवन में लिखी कविता सुनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व मेंचंद्रयान 3 विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शीर्ष तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश शर्मा, संदीप यादव, सतीश यादव, मीनाक्षी दलाल, वंदना ढांगी, अजंना शर्मा सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे।


गुरुग्राम के सेक्टर-9 कालेज में शिक्षक दिवस पर केक काटते शिक्षक व विद्यार्थी।

# मिट्टी के चूल्हे पर बनीं ज्वार, बाजरे की रोटियों के मुरीद हुए विदेशी मेहमान



आईटीसी ग्रैंड भारत होटल में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मिट्टी के चूल्हे पर बन रही रोटी का स्वाद चखते विदेशी मेहमान। विदेशी मेहमानों के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

संजय कुमार मेहरा। नूंह/गुरुग्राम

### बाजरे का खिचड़ी, राबड़ी, टिक्की, फिरनी व लापसी सहित देसी व्यंजनों का चखा स्वाद

### होटल ग्रैंड भारत में जी-20 समिट की चौथी शेरपा बैठक

**जिन** मिलेट्स को हमने खाना छोड़ दिया है, उनके यहां जी-20 समिट की चौथी शेरपा बैठक में पहुंचे विदेशी मुरीद हुए। हरियाणा सरकार की ओर से रात्रि भोज में विदेशी मेहमानों को मिलेट्स से तैयार देसी व्यंजन परोसे गए।

हरियाणवी महिलाओं द्वारा मिट्टी के चूल्हे पर ज्वार और बाजरे की रोटियों समेत अनेक व्यंजन परोसे गई। खान-पान से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का तड़का लगा, जिसमें विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। हरियाणा सरकार की ओर से डिनर में विदेशी मेहमानों ने बाजरे से बना खीचड़ा, रोटी, राबड़ी, टिक्की, फिरनी, लापसी सहित कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मेहमानों से शिष्टाचार भेंट की तथा उनके साथ देसी व्यंजनों का आनंद लिया। जी-20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत व विभिन्न देशों से आए शेरपा व अन्य प्रतिनिधियों ने हरियाणा के परंपरागत व्यंजनों का जायका लिया। भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेटस घोषित करने के बड़े संकल्प को साकार करने में हरियाणा की इस खातिरदारी ने नई दिशा देने का काम भी किया है।

जब दुनिया मोटे अनाज (श्रीअन्न) का स्वाद चखेगी तो इसकी अहमियत भी समझेगी। यहां पहुंचे मेहमानों के डिनर के लिए की गई सजावट व स्वाद लाजवाब था। विदेशी डेलीगेट की थाली में विभिन्न प्रदेशों के शाकाहारी भोजन परोसे गए। इसके साथ-साथ उनकी रुचि व खान-पान के अनुसार कॉन्टीनेंटल पकवान भी तैयार किए गए थे। हरियाणा की इस मेहमानवाजी से विदेशी डेलीगेट अभिभूत नजर आए।


जी-20 शिखर सम्मेलन में डिनर से पहले विदेशियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं कलाकार। *फोटो : संजय कुमार मेहरा*

### रात्रि भोज में पहुंचे कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी

**रात्रि** भोज में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली व सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव, हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा व शहरी विकास के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी, मुख्यसचिव संजीव कौशल, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, रेवाड़ी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राजेंद्र कुमार, गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसी निशांत यादव, नूह के डीसी धीरेंद्र खड़गटा, एसपी नरेन्द्र बिजारणिया सहित अनेक विशिष्ट लोग शामिल हुए।

### मोहम्मदपुर अहीर की महिलाओं ने सेंकी रोटियां

**खाने** के दौरान मिट्टी के चूल्हे पर बाजरे व ज्वार की रोटी सेंक रही गांव मोहम्मदपुर अहीर की महिलाएं भी विदेशियों को रोटी खिलाते हुए विदेशियों का राम-राम से अभिवादन कर रही थी। शेफ आयुष ने बताया कि मिलेट की सबसे बड़ी खासियत ये है कि यह अनाज ग्लूटन फ्री होता है जो सेहतमंद होता है। यहां हर रोज मिलेट के बने अलग-अलग व्यंजन मेहमानों को खिलाए जाएंगे। विदेशी मेहमानों को इस तरह के व्यंजन परोसे जाने से मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा सरकार की मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए की जा रही कोशिश को सफलता के पंख लगेंगे। दक्षिणी हरियाणा की धरती भी मोटे अनाज के लिए उपयुक्त हैं तथा यहां के अधिकतर किसान बाजरा व ज्वार उगाते हैं। विश्वभर में बाजरे की खपत बढ़ेगी तो हमारे किसानों को भी लाभ होगा। रात्रि भोज से पहले आईसीसीआर के कलाकारों द्वारा भारत की सांस्कृतिक विविधता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

# सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रुप में मनाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**क्षेत्र** के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं महार शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में मनाया। इस अवसर पर के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की भूमिका निभाते हुए पढ़ाने काम कार्य किया। जिसको लेकर विद्यार्थियों में भारी जोश नजर आया।

मंगलवार को क्षेत्र के सभी सरकारी व गैरसरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा अपने गूरुजनों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनका सम्मान किया। उपहार में पुष्पगुछ देकर और पेंन डायरी देकर सम्मानित किया। मंगलवार को स्कूल आते समय आज शिक्षक की भूमिका निभाने वाले विद्यार्थियों में भारी उत्साह व जोश नजर आया। जिन्होने स्कूलों में प्रार्थना सभा से ही अपनी कमांड संभालते हुए पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभाई। विद्यार्थियों द्वारा स्कूलों में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए।


राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की छात्राएं शिक्षक दिवस पर बनी शिक्षक।

**2500 छात्राओं को संभाला छात्राओं ने :** शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में हर दिन करीब 2500 छात्राएं हर दिन शिक्षा प्राप्ती के लिए आती है। जिन्हे शिक्षित करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग द्वारा तैनात किए गए करीब 72 शिक्षाक व प्राध्यापकों को दी हुई है। शिक्षक दिवस के अवसर पर 72 ही छात्राओं ने प्रत्येक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए पढ़ाने का काम किया।

**शिक्षकों के कार्य को सहराया :** स्थानीय स्कूल में शिक्षक बनकर पढ़ाने वाली कक्षा 11वीं की छात्रा ने माना कि शिक्षकों का कार्य बहुत ही कठिन होता है।

वह आज शिक्षिका की भूमिका निभा तो रही है। लेकिन भोजन अवकाश तक वह पूरी तरह से थक गई। जबकि शिक्षक तो पूरे छह घंटा उन्हे पढ़ाने का काम करते है। विद्यार्थियों को संभालना भी बहुत मुश्किल होता है। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की बधाई दी व उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए आशीर्वाद दिया।

# विदेशी मेहमानों ने सीखी भारतीय योग पद्धति




पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**वसुधैव** कुटुम्बकम् की अवधारणा को सही साबित करने व स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग महत्वपूर्ण पद्धति है। जी-20 सम्मिट की शेरपा बैठक में पहुंचे विदेशी मेहमानों को भारतीय योग पद्धति व ध्यान प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है तथा उन्हें योग आसन व स्वस्थ रहने के लिए उनके फायदों के बारे में बताया जा रहा है। विदेशी मेहमानों ने आईटीसी ग्रैंड भारत के प्रांगण में आज मंगलवार को सुबह योग ध्यान पद्धति का अभ्यास किया तथा इनके फायदों को महसूस किया।

योग सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम के तहत दुनिया एक परिवार है। भारत की धरा पर मिले प्रेम व सम्मान व हरियाणा की मेजबानी उनके जीवन का एक खास अनुभव है। शेरपा बैठक में जहां महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हो रहा है, वहीं उन्हें भारतीय संस्कृति व योग जैसी पद्धति जानने व सीखने का अवसर मिल रहा है। आज उन्हें सुबह योग सत्र में भाग लेकर काफी अच्छा महसूस हुआ और योग की पद्धति जानने का अवसर मिला।

### जी - 20 को लेकर बोले डीसी नूंह

**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा नूंह ने मेजर कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्टेट की तरफ से जी - 20 सम्मेलन में जो डिनर का आयोजन किया गया था। उसमें हरियाणवी संस्कृति के बारे में देखने को मिला। भारत की संस्कृति देखने को मिले डांस कार्यक्रम आयोजित कराए गए। कथकली, भरतनाट्यम दिखाया गया। राष्ट्रीय एकता में कैसे पिरोना है, इसके बारे में दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने जो उन्नति की है, उसके बारे में विदेशी मेहमानों को दिखाया गया था। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा नूंह ने कहा कि हमारे डेलिगेट्स जो बैठक में भाग लेने के लिए आए थे।



# संक्षिप्त समाचार

### जल्द होंगे पंजाबी बिरादरी महासभा की गवर्निंग बॉडी के चुनाव


पंजाबी बिरादरी महासभा गुड़गांव की गर्वनिंग बॉडी की बैठक में बोलते डा. सुभाष खन्ना।

**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महासभा गुड़गांव की गर्वनिंग बॉडी के चुनाव जल्द ही करवाएं जाएंगे। सभा एक बार फिर से गुरुग्राम के पंजाबी समाज के हितों के लिए काम करना शुरू करेगी। पंजाबी बिरादरी महासभा के पूर्व प्रधान डॉ. सुभाष खन्ना के मुताबिक इस बाबत पंजाबी बिरादरी महासभा गुरुग्राम की एक विचार-विमर्श बैठक हुई। जिसमें सभा से जुड़े सभी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक क्षेत्र के 100 से भी अधिक प्रमुख और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। बैठक का मंच संचालन सभा के संस्थापक सदस्य और पूर्व महामंत्री और पूर्व आईआरएस अनुराग बक्शी ने किया। बैठक में गुरुग्राम से 4 बार के विधायक एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय धर्मबीर गाबा, संस्थापक सदस्य स्वर्गीय केके बहल, स्वर्गीय अश्विनी चुग, स्वर्गीय रविंद्र बजाज और पंजाबी बिरादरी महासभा से जुड़े सदस्यों के दिवंगत परिजनों को श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. सुभाष खन्ना ने कहा कि पंजाबी बिरादरी महासभा ने शुरू से ही गुड़गांव में पंजाबी समाज को संगठित करने का काम करते हुए शहर में एक अलग पहचान बनाई। अनुराग बक्शी ने बताया कि सभा का गठन वर्ष 2012 में एक नितांत गैर राजनैतिक समाजसेवी संस्था के रूप में पंजाबी समाज को संगठित कर उनके हितों की रक्षा और कल्याण के लिए किया गया।

### पलवल-सोहना मार्ग पर दो की मौत व दो घायल

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सांचौली के पास बस व टैऊक्टर-ट्राली की टक्कर में दो मजदूरों की मौत हो गई तथा दो घायल हो गए। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल से गुरुग्राम के लिए रेफ्र कर दिया। जबकि मृतक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव ग ृह कक्ष में रखवा दिया है। मंगलवार की दोपहर बाद समय करीब चार बजे पलवल-सोहना मार्ग पर गांव सांचौली के निकट तेज रफ्तार सोसायटी की बस और लेबर को लेकर जा रहा ट्रैक्टर-ट्राली की भिंडत हो गई। जिसमें ट्राली के अंदर बैठे चार मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने दो को मृतक घोषित कर दिया। गंभीर रुप से घायल दो को गुरुग्राक के सेंक्टर-10 के लिए रेफ्र कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मजदूर मध्यप्रदेश के मूल निवासी है। जिनमें से एक मृतक की पहचान दिनेश पुत्र राजू गांव रतलाम मध्यप्रदेश निवासी के रुप में हुई है। मौके पर पहुंची सदर थाना सोहना पुलिस घटना को लेकर जांच जुट गई है। पुलिस हादसे को अजाम देने वाली सोसायटी बस की तलाश में आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों से जांच कर रही है।

### केंटर की टक्कर से 12 वर्षीय छात्र हुआ घायल

**सोहना।** तावडू जाने वाले मार्ग पर अग्रसैन पार्क के निकट घाटी से तेज गति में आ रहा केंटर ने 12 वर्षीय विद्यार्थी को मारी सिधी टक्कर। टक्कर लगने से घायल छात्र सड़क पर गिर गया। इस दौरान उसके हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सा में चोट लगी। अज्ञात चालक मौके पर केंटर को छोड़कर भाग गया। मंगलवार की दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे वार्ड-13 की पहाड़ कॉलोनी में रहने वाला किशोर 12 वर्षीय मनीष तावडू-सोहना मार्ग को पैदल पार कर रहा था। उसी समय घाटी की तरफसे तेज गति में आया केंटर ने सड़क पार कर रहा छात्र को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्चा सामने की तरफजा गिरा। जिसकों हाथ-पैर, सिर व शरीर के अन्य हिस्सा में चोटें लगी। डीजे की दुकान चलने वाले विक्की सिंह ने बताया कि मनीष की चिख को सुनकर आसपास से लोग दौड़कर घटना स्थल पर आए। अधिक भीड़ होने का फायदा उठा अज्ञात चालक मौके पर अपने केंटर को छोड़कर भाग गया। घायल छात्र को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने केंटर को अपने कब्जे में लेते हुए थाना में खड़ा कर लिया है। पुलिस फरार केंटर चालक की तलाश में जुट गई है।

### अंजू देवी के खिलाफ विरोधियों की याचिका हुई खारिज

**सोहना।** देश की सबसे बड़ी अदालत ने नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी के खिलाफदायर की गई विरोधियों की याचिका को खारिज कर दिया है। जिससे अंजू देवी के पक्ष में आए इस फैसले से विरोधियों के खैमे में मायूशी छा गई है। जून 2022 में हुआ नगर परिषद चेयरपर्सन चुनाव में जीत हासिल करने वाली अंजू देवी द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा अंजू देवी को पद से हटाएं जाने के नोटिसफिक्केशन को स्टे दी गई थी। हाई कोर्ट द्वारा दी गई स्टे को लेकर ललिता कुमारी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। लेकिन मंगलवार को उक्त चुनौती को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए हरियाणा एवं पंजाब हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को सही ढहराया है। अंजू देवी को मिली इस राहत से विरोधी पक्ष के चेहरे मुर्झा गए है। जबकि नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी के खिलाफराजस्थान हाई कोर्ट में चल रहा शिक्षा को लेकर मामला अभी विचाराधीन है।

### बस स्टैंड पेड़ पर शव फांसी के फंदे पर मिला लटका

**सोहना।** सामान्य बस स्टैंड परिसर के खाली परिसर में पेड़ों के बीच अज्ञात व्यक्ति का लावारिश शव संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस और ड्यूटी मैजिस्टेट के औचक निरीक्षण के बाद पुलिस ने शव को पहचान तथा पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मंगलवार की सुबह स्थानीय बस स्टैंड के खाली परिसर में खड़ी काबली कीकरों के बीच एक पेड़ पर बंधा कपड़े पर करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव लटका मिला। जिसकी सूचना खाली परिसर में सुबह शौच करने के लिए आने वाले नागरिकों ने शहर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे। एएसआई प्रवीण ने हालातों को जायजा लिया।

# कापी सॉल्यूशंस ने 22वीं राष्ट्रीय बरिस्ता चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक समापन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** कापी सॉल्यूशंस, स्पेशलिटी कॉफ़ी एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एससीएआई), यूनाइटेड कॉफ़ी एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया और कॉफ़ी बोर्ड ऑफ़ इंडिया के सहयोग से, 22वीं राष्ट्रीय बरिस्ता चैम्पियनशिप, दिल्ली प्रीलिम्स के सफल समापन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। इस कार्यक्रम ने कॉफी क्राफ़्टमनशिप और इनोवेशंस का शानदार प्रदर्शित किया, जिससे भारतीय कॉफी इंडस्ट्री में इस आयोजन की अहमियत और मजबूत हुई।

कॉफी कल्चर को बढ़ावा देने और इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने के कमिटमेंट के साथ, 22वीं राष्ट्रीय बरिस्ता चैम्पियनशिप एक शानदार सफलता साबित हुई। श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, मंडी हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे भारत से 40 प्रतिभाशाली बरिस्ता ने भाग लिया। सफलता पर, कापी सॉल्यूशंस के सीईओ, विक्रम खुराना ने कहा, ''हम उन सभी पार्टिसिपेंट्स, जज, पार्टनर्स और उपस्थित लोगों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। 22वीं राष्ट्रीय बरिस्ता चैंपियनशिप भारत में कॉफी की इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण क्षण है, और हम इस कम्युनिटी से इंडस्ट्री में ग्रोथ और इनोवेशन आने की आशा करते हैं।



यूरोप जैसी जगहों पर बरिस्ता बनना दूसरी सबसे प्रशंसित नौकरी है और ये आयोजन भारत में बरिस्ता के लिए एक बड़ी प्रेरणा के रूप में काम करता हैं। स्पेशलिटी कॉफी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के डीएम पूर्णेश ने कहा, 'इतने सारे प्रोफेशनल बरिस्ता को दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेते देखना एक शानदार अनुभव था, विशेष रूप से उन महिला बरिस्ता को जिन्होंने इसे करियर के रूप में चुना और अपनी और इस प्रतियोगिता में भाग भी लिया। हमें सर्वश्रेष्ठ बरिस्ता का सपोर्ट और सम्मान करते हुए बहुत खुशी हो रही है और हम उन्हें मुख्य एनबीसी कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देते हैं।''

# सेक्टर-37 में ग्राउंड का खत्ता किया साफ, सभी का आभार: नवीन गोयल

### अगर यह खत्ता खत्म नहीं होता तो सेक्टर-10ए रहने के लायक नहीं रहता: डॉ. डीपी गोयल

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम को स्वच्छ शहरों की श्रेणी में टॉप10 में लाने के प्रयासों में भागीदार बन रहे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल शहर में अवैध कूड़ा डपिंग स्टेशनों के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। जनता की आवाज बनकर ऐसे स्टेशनों से कूड़ा उठवाने के लिए उनके प्रयास सराहनीय हैं। पहले बसई रोड ऑटो मार्केट की जगह से और अब सेक्टर-37 एचएसवीपी ग्राउंड से टनों कूड़ा उठवाकर नवीन गोयल ने हजारों लोगों को राहत दिलाई है। स्वच्छता का मिशन लेकर चल रहे नवीन गोयल योजनाबद्ध तरीके से शहर में स्वच्छता अभियान चलाते हैं। पर्यावरण बचाने को पौधारोपण अभियान चलाते हैं। हर छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी समस्या के समाधान के लिए जनता की आवाज बनकर चल पड़ते हैं। करीब एक महीने पहले नवीन गोयल ने सेक्टर-37 में अवैध रूप से बनाए कूड़ा डंपिंग स्टेशन को बंद करवाने के लिए उन्होंने सेक्टर-37, सेक्टर-10ए और आसपास के लोगों को साथ लेकर आवाज उठाई थी। बरसात के बीच वे सड़ांध मारती गंदगी पर धरना-प्रदर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने भाजपा संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डॉ. सुधा यादव के का आभार जताया।


नवीन गोयल।

# सदन की बैठक से गैरहाजिर रहे अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** को नगर परिषद चेयरपर्सन ने सदन की बैठक से गैरहाजिर रही कार्यकारी अधिकारी व एक्सइएन समेत अन्य कर्मचारियों के गैरहाजिर होने की शिकायत की है। चेयरपर्सन ने गैरहाजिर रहने वाले अधिकारी और कर्मचारिसों पर सदन का मजाक बनाने का आरोप लगाया है।

सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में हुई सदन की बैठक कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा, एक्सइएन विक्की सिंह समेत अन्य कर्मचारी गैरहाजिर रहे। चेयरपर्सन अंजू देवी ने सदन की बैठक में पहुंचे पार्षद वेदकला शर्मा, सुनीता गर्ग, ओमप्रकाश, हरिश नंदा, परमन्द्रि यादव समेत अन्य पार्षद एसडीएम कार्यालय में पहुंचे। जहां एसडीएम को लिखित में शिकायत देते हुए सदन की बैठक से गैरहाजिर रहे अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया किए जाने की मांग की। उन्होने कहा कि चेयरपर्सन निशा शर्मा ने ही 29 अगस्त को सदन की बैठक बुलाने का एजेंडा तैयार कराया था। एजेंडा के साथ नियमों का पालना करते हुए सभी अधिकारी व संबंधित कर्मचारियों को बैठक में हाजिर रहने के आदेश जारी किए गए थे।

एसडीएम के माध्यम से चेयरपर्सन ने निदेशक शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा, मंत्री शहरी स्थानीय निकाय व मुख्यमंत्री हरियाणा को भी लिखित में शिकायत भेजी गई है। इस अवसर पर एसडीएम ने नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी समेत साथ आए पार्षदगणों को उनकी शिकायत जल्द से जल्द उच्चाधिकारियों तक पहुंचा देने का आश्वासन दिया है।

वहीं जानकारी के अनुसार कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा का तबादला चार दिन पहले सोहना से गोहाना हो गया था। निशा शर्मा ने गोहाना नगर परिषद का कार्यभार संभाल लेने के कारण से सोमवार को सोहना नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक में हाजिर होना उचित नहीं समझा। नगर परिषद के एक्सइएन विक्की सिंह को पारिवारीक समस्या आ जाने के कारण बैठक में नहीं पहुंचने की बात कही गई है।


सोहना एसडीएम को नगर परिषद चेयरपर्सन व अन्य पार्षद लिखित में शिकायत देते हुए।

# लखनाका व घुडावली में सेम की समस्या से निजात को लगाए जाएंगे ट्यूबवेल

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**प्रदेश** सरकार आमजन मानस के हितों को ध्यान में रखकर अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। सरकार गरीब परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ऐसे परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। यह बात हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा हथीन खंड के गांव घुडावली व लखनाका में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए कृत संकल्प है। इस मौके पर मूलचंद शर्मा ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई परेशानियों से निजात दिलाने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

### केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने हथीन खंड के गांवों में ग्रामवासियों की सुनीं समस्याएं

परिवहन मंत्री ने लोगों से संवाद करके उनकी परेशानियों को जाना तथा ग्रामवासियों को उनकी परेशानियों से निजात दिलाने की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। जन संवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने गांव की सर्वहित समस्याओं और मूलभूत सेवा-सुविधाओं की मांगों को केबिनेट मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। शर्मा ने ग्रामीणों की परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान अति शीघ्र करने के निर्देश दिए।



जनसंवाद में ग्रामीणों ने एक-एक करके अपनी मांगों जैसे- स्कूल के रास्ते को इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पक्का करवाने, पानी की निकासी के लिए नाले को पक्का करवाने, पशु अस्पताल, लडमाकी माइनर कार्य, कच्चे रास्तों को पक्का करवाने, बिजली आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति, घुडावली व लखनाका के राजकीय माध्यमिक स्कूल को वरिष्ठ माध्यमिक में अपग्रेड करवाने, टीचर स्टाफ उपलब्धता, तालाबों की चारदिवारी निर्माण, हरीजन व प्रजापत चौपाल का दोबारा निर्माण, खेल स्टेडियम, रास्तों व नालियों को दुरुस्त करवाने, गांवों में रोडवेज बस की सुविधा मुहैया करवाने, खेतों में सिंचाई के लिए रजवाहे में पानी छोड़ने आदि की मांगों को मूलचंद शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया। ग्रामीणों की मांगों को शीघ्र पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष प्रस्तुत कर दिया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि वे जनसंवाद के माध्यम से सीएम मनोहर लाल का संदेश आमजन तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं और मांगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आमजन को सरकारी सेवा सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। परिवार पहचान पत्र में दर्ज परिवार की वार्षिक आमदनी के आधार पर ही पात्र व्यक्तियों के बीपीएल तथा चिरायु आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा के कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिनका लाभपात्र परिवार फायदा भी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में लोग चिरायु योजना, बीपीएल परिवार तथा सामाजिक सुरक्षा योजना का पूरा लाभ उठा रहे हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गरीब परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा ऑनलाइन माध्यम से मिल रहा है। अब बिना पर्ची और खर्ची के योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है। वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में भी कार्य किया है। सरकार लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे, केएमपी, केजीपी, राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह उपरगामी पुल निर्माण आदि के माध्यम से घंटों के सफर को मिनटों में तय कर रहे हैं।

# तिगांव रोड पर कॉलेज की सीएनजी बस में लगी आग, बाल-बाल बचे 47 विद्यार्थी

### मची अफरा तफरी, ग्रामीणों ने छात्रों को बस से बाहर निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मंगलवार** को तिगांव के भुआपुर रोड पर एक कॉलेज बस में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में बस धू-धू कर जलने लगी। बमुश्किल ग्रामीणों की मदद से ड्राइवर-कंडक्टर ने बस में सवार बच्चों को बाहर निकाला। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन इसके बाद भी घटना स्थल पर 20 मिनट बाद पहुंची, इसके बाद ही बस की आग को काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि बस में आग बुझाने के कोई भी साधन मौजूद नहीं थे। समय पर यदि बच्चों को नहीं निकाला जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने बस में लगी आग को फायर ब्रिगेड की मदद से काबू पाया है। सुबह करीब 9.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई की भुआपुर रोड पर एकलोन कॉलेज की बस में आग लग चुकी है। सूचना मिलते ही इआरवी टीम तथा तिगांव थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचकर देखा तो बस में आग बहुत ज्यादा लगी हुई थी। पुलिस टीम ने छात्रों तथा वहां पर खड़े लोगों को वहां से दूर हटाया, ताकि किसी को किसी प्रकार की हानि न पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचित किया जिसपर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। पूछताछ करने पर सामने आया कि यह कॉलेज बस दिल्ली से छात्र लेकर कबूलपुर आ रही थी।

यह एक सीएनजी बस है, जिसमें वेयरिंग शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई थी। सभी 47 छात्र सुरक्षित हैं और किसी को जान माल की कोई हानि नहीं हुई। क्षतिग्रस्त होने के कारण पुलिस टीम द्वारा छात्रों को उनके कॉलेज तक पहुंचाने के लिए वहां से जा रहे वाहनों को रोककर उनमें बैठाया गया।

## शिक्षक ही बच्चों के सही मागदर्शक होते हैं : रामनारायण भारद्वाज



**पलवल।** जो बनाए हमें इंसान और दे सही गलत की पहचान, देश के उन निर्माताओं को कोटि-कोटि नमन। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिक्षक ही बच्चों के मार्गदर्शक होते हैं, उन्हें सही-गलत की पहचान करवाते हैं। इस दिवस को मनाते हुए विद्यालय में शिक्षक दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मैनेजमेंट व प्रिंसिपल के संग सभी शिक्षकों ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा नौवीं की छात्रा मानवी व युविका द्वारा किया गया। इसी के चलते विद्यालय के बच्चों ने लघु नाटिका, गायन, भाषण, कविता व अध्यापक-अध्यापिकाओं की मिमिक्री आदि की प्रस्तुति दी। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देव दत्त भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी व बच्चों के नाम संदेश दिया।

# धर्म पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

### शिक्षकों ने बच्चों को बताया शिक्षक दिवस का महत्व

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**धर्म** पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर अपने शिक्षकों का अभिनंदन किया। छात्रा जया कक्षा आठवीं ने महान दार्शनिक, शिक्षाविद एवं देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन दर्शन एवं उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किए।

शिक्षिका मीनाक्षी जैन ने भी शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महान शिक्षा विद डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन को याद किया। पर्यवेक्षिका मोनिका खंडेलवाल के कुशल मागदर्शन में विभिन्न शिक्षिकाओं के निर्देशन में अनेक सांस्कृतिक कुशल कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गुरूओं एवं शिक्षकों के सम्मान में नृत्य, गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कर रंग-बिरंगे परिधान में सजे धजे बच्चों ने मंच पर रंग जमा दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूंज उठा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के निदेशक पवन अग्रवाल ने शिक्षा जगत में गुरुओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सामाजिक विज्ञान विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले शिक्षक सुनील बैंसला को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रेस्टोरेट में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं लंच में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। निदेशक पवन अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या ज्योति डांगे ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी ने की थी बच्चे की हत्या

### बच्चे के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी, एक आरोपी धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**हसनपुर** थाना पुलिस ने 13 दिन पहले हसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव अजीजाबाद के सात वर्षीय नाबालिग लड़के समीर के ब्लाइंड मर्डर केस में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुरानी रंजिश को लेकर इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए डीएसपी टेफिक पलवल संदीप मोर ने बताया कि गांव अजीजाबाद निवासी जाकिर ने 23 जुलाई को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका पोता सात वर्षीय समीर शाम को घर से लापता हो गया था। 25 जुलाई को अजीजाबाद में आगरा केनाल की पटरी के साथ धान के खेत में गुमशुदा समीर का शव मिला। कार्रवाई करते हुए हसनपुर थाना पुलिस ने चार सितंबर को पुलिस इंटेलिजेंस पर गांव अजीजाबाद निवासी जुबेर को गिरफ्तार किया। जब पुलिस ने जुबेर से गहनता से पूछताछ की तो सारे मामले का खुलासा हुआ।

पूछताछ के दौरान जुबेर ने पुलिस को बताया कि करीब 8/9 माह पहले मृतक समीर के पिता साहिल ने कीकर पेड़ को लेकर कहासुनी में उसके अब्बा की दाढ़ी पकड़ी थी, जिसको लेकर उसके मन में उसी दिन से रंजिश चली आ रही थी और बदला लेने की नीयत से समीर को अकेला पाकर उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर खेतों पर ले गया। जहां गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी और मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गया था। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# जीवा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस शिक्षाप्रद ढंग से मनाया



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में अध्यापक दिवस बड़े अनोखे एवं शिक्षाप्रद ढंग से मनाया गया। सभी अध्यापकों को सम्मानित किया व सबका तिलक एवं फूलों से स्वागत किया। विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया, क्योंकि उन्हीं के जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीशचंद्र आजाद एवं उनके संस्थान के सदस्य भी मौजूद रहे। संस्थान के चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा एवं जगजीत कौर, जिला अध्यक्ष संतोष सतीजा, जिला चेयरमैन सुनील गुलाटी, महिला विंग चेयरमैन मुख्य पदाधिकारी शीतल लूथरा उपस्थित रहीं। संस्थान की ओर से आई दो बेटियों मोनल और नीरल को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने खेल जगत में अनेक पदक जीते। इस मौके पर अंग्रेजी की अध्यापिका स्वाति गार्गी ने अध्यापक की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए, वहीं विद्यालय की हिंदी की अध्यपिका जया पाल ने भी एक स्वरचित कविता प्रस्तुत की। रजनी शर्मा ने एक गीत प्रस्तुत किया। कुछ अध्यापिकाओं ने नृत्य भी प्रस्तुत किया। बेटी बचाओ संस्थान के संस्थापक हरीशचंद्र आजाद एवं टीम की ओर विद्यालय की 21 अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने हरीशचंद्र एवं उनकी टीम को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहना की एवं सभी को संबोधित किया।

# लोअर लिंब रिकंस्ट्रक्शन से पैर काटने से बचाया जा सकता है : मोहित शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हर साल,** भारत में यातायात दुर्घटनाओं और सारकोमा जैसी बीमारियों के परिणामस्वरूप हजारों पैर काट दिए जाते हैं। हालांकि, ऐसे अधिकांश लोगों का पैर बचाया जा सकता है, यदि वे तुरंत बहु-विषयक और लोअर लिंब रिकंस्ट्रक्शन टीम से सुसज्जित अस्पताल पहुंच जाते हैं। फरीदाबाद के अमृता अस्पताल के लोअर लिंब रिकंस्ट्रक्शन सेंटर के रिकंस्ट्रक्टिव सर्जनों ने यह बात कही।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद के प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट, प्रोफेसर और एचओडी डॉ. मोहित शर्मा ने कहा, हर साल सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों के पैर जख्मी हो जाते हैं और दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि उनमें से ज्यादातर युवा हैं। ऑन-द-स्पॉट स्टेबलाइजेशन की कमी और उपचार मिलने में देरी के कारण एक्सीडेंट के बाद अंग-विच्छेदन की घटनाएं भी अधिक होती हैं। यहां तक कि जब मरीज समय पर ट्रॉमा सेंटर पहुंचता है, तब भी विशेष सर्जनों की कमी के कारण विकलांगता की दर अधिक होती है। हालांकि, इस रुग्णता से बहुत हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने कहा, नवीनतम माइक्रोसर्जिकल तकनीकों ने रिकंस्ट्रक्शन के माध्यम से रोगी के अंगों को बचाना संभव बना दिया है। सड़क दुर्घटना या आघात पीड़ित के पैरों को कटने से बचाने में दो महत्वपूर्ण कारक हैं। चोट लगने के बाद सबसे पहले रोगी को जितनी जल्दी हो सके अस्पताल ले जाना है। एक बार जब वे स्थिर हो जाते हैं, तो दूसरा कदम उन्हें जल्द से जल्द एक बहु-विषयक लोअर लिंब रिकंस्ट्रक्शन सुविधा वाले टर्सरी केयर सेंटर में स्थानांतरित करना है, जिसमें माइक्रोवास्कुलर प्लास्टिक और रिकंस्ट्रक्शन सर्जन, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट वेसकुलर सर्जन, आर्थोपेडिक सर्जन और कुशल एनेस्थेटिस्ट जैसे विशेषज्ञ उपलब्ध हों। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के एचओडी डॉ. मृणाल शर्मा ने कहा, अगर तुरंत ध्यान न दिया जाए, तो आघात पीड़ितों को अक्सर घुटने के जोड़ के नीचे अपने पैर काटने पड़ते हैं। इसका कारण यह है कि जब तक सही उपचार प्रदान किया जाता है, तब तक प्रभावित हिस्से के टिश्यू और मांसपेशियां मृत हो जाती हैं। यदि हड्डी का नुकसान होता है, तो एक वेस्कुलराइज्ड हड्डी ग्राफ्ट का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। यदि यह भी संभव न हो तो सर्जन विशेष तकनीकों द्वारा हड्डी ट्रांसपोर्ट कर सकते हैं। क्षतिग्रस्त अंग में लोअर लिंब रिकंस्ट्रक्शन एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है, जिसे एक छोटे अस्पताल में नहीं किया जा सकता है।

अमृता अस्पताल फरीदाबाद के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के कंसलटेंट और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. साहिल गाबा ने कहा, सड़क दुर्घटनाएं अंग विच्छेदन का सबसे आम कारण हैं।

## शिक्षक दिवस पर 21 शिक्षाविदों को किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** शिक्षक दिवस पर मानव सेवा समिति ने मानव भवन सेक्टर-10 में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित करके मिशन मानव सुपर-21 में अपनी निशुल्क सेवाएं दे रहे प्रोफेसर/ शिक्षाविदों को शिक्षक रत्न सम्मान देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मिशन संरक्षक अरुण आहूजा, रोशन लाल बोरड, समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन महिला मंडल उषा किरण शर्मा ने सभी 11 शिक्षाविदों सुभाष शर्मा, केएल दुआ, एनके गर्ग, एसपी फोगाट, सौरभ अरोड़ा, केसी अग्रवाल, विवेक भाटिया, रविप्रकाश हरित ,राजेश कुमार, विष्णु कुमार, कुनिका पांडे के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उनको शॉल, सम्मान पट्टिका पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मानव सुपर 21 में कोचिंग प्राप्त कर रहे सभी 21 विद्यार्थियों को प्रतियोगिता बुक प्रदान करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस शुभ अवसर पर समिति के महासचिव सुरेंद्र जग्गा, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, क्षेत्र प्रबंधक जितेंद्र मेहता, धर्मवीर गुप्ता, राज राठी, समाजसेविका प्रतिमा गर्ग, बीना शर्मा, मीरा माथुर, एमएल मोदी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीके स्कूल ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**पलवल।** बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कृष्ण जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रोग्राम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें बच्चों ने बड़े काम का बंदर, मटकी फोड़ डांस व राधा-कृष्ण वाले गाने पर डांस किया। स्कूल के अध्यापक जिकेश ने फूलों का तारों का सबका कहना है गाना गाकर अपनी कला को दर्शाया। सभी बच्चों ने अध्यापकों की देखरेख में सांस्कृतिक प्रोग्राम करके अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिष ने बच्चों और स्टाफ के सहयोग से मटकी फोड़ने की रस्म को पूरा किया तथा सबको माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया। स्कूल के वाइस प्रेसिडेंट जितेश कौशिष ने इस त्योहार का महत्व बताते हुए कहा की हमें फल की इच्छा के बिना कर्म करने के सिद्धांत को अपनाने की जरुरत है और हमें इसे बड़े प्रेम से मनाना चाहिए। अंत में श्रेष्ठ कार्यक्रर्म के लिए छात्रों व अध्यापकों की प्रशंसा की।

### सेंट कोलंबस में मनाया शिक्षक दिवस



**फरीदाबाद।** सेंट कोलंबस नेशनल स्कूल, चार्मवुड विलेज, सूरजकुंड में शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। नन्हे बच्चों ने शिक्षकों के भेष में सबका मन मोह लिया। सभी शिक्षकों ने बच्चों के लिए एक सरप्राइज नृत्य की प्रस्तुति दी। नजमा को वर्ष 2022-23 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवसर सभी के लिए बहुत उत्साहजनक और प्रेरणादायक था। शाखा प्रमुख रुचि वालिया ने बच्चों को संबोधित किया और बताया कि शिक्षक दिवस हम सभी के जीवन में कितना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में ऋषि चौधरी ने सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत की सराहना की और स्टाफ सदस्यों को भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### केसीएम वर्ल्ड स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस व जन्माष्टमी



**पलवल।** टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में शिक्षक दिवस व जन्माष्टमी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के संयोजकों श्री कृष्ण शर्मा, दीपशिखा व मंजू कंवर ने विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज को नन्हा पौधा प्रदान कर शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इसके बाद नए दिन की शुरुआत शुभ विचारों के साथ करते हुए कक्षा छठी के छात्रों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से जुड़ी जानकारियां सांझा की गईं। शिक्षक दिवस कब से और क्यों मनाया जाने लगा, इसके संबंधित जानकारी देने के लिए वीडियो भी दिखाई गई। छठी कक्षा के छात्र अर्णव ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए बहुत ही सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। राधा कृष्ण का श्रृंगार रूप धारण किए हुए छात्रों ने प्रधानाचार्या को पुष्पगुच्छ प्रदान किया तथा सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की हिंदी शिक्षिका राजरानी ने भी इस अवसर पर स्वरचित कविता की प्रस्तुति देते हुए सभी को हृदय से नमन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पारूल भारद्वाज ने सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा इस दिवस को मनाने के औचित्य पर प्रकाश डाला।

### अंबेडकर कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई



**पलवल।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय पलवल में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बाबू लाल शर्मा के निर्देशन व एनएसएस इंचार्ज अनिल चौहान की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त हरियाणा व नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ललिता सैनी बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान संजना बीए प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पायल बीएससी तृतीय वर्ष एवं मीनाक्षी बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस अवसर पर पवन कुमार, दिलबाग सिंह, तरूण सैनी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर सरिता देवी, पिंकी, निशा रानी, डॉ. योगेश बैंसला, डॉ. संजीव कुमार, शेर सिंह, ओम प्रकाश व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### फुलवाड़ी में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित



**पलवल।** हथीन विधानसभा यूथ कांग्रेस के हल्का अध्यक्ष वीरेंद्र पोसवाल के संयोजन में ग्राम फुलवाडी में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा यूथ कांग्रेस की प्रभारी अरुण महाजन, हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक चौधरी, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष फिरे पोसवाल, हरियाणा यूथ कांग्रेस की प्रदेश महासचिव नेहा खान, केसीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव छत्रपाल सौरोत, राहुल सरपंच फुलवाड़ी, भीम सिंह, अभिषेक कानोली, प्रेम कराका, अमित बामनीखेड़ा, भीम बहढोला, सुनील टीकरी ब्राह्मण एवं फुलवाडी गांव के पंच सरपंच सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में बूथ स्तर पर पार्टी को मजूबत करने के लिए रणनीति तय की गई। कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र पोसवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज चाहे युवा हो, किसान हो, व्यापारी हो, कर्मचारि हों, मजदूर हों, हर वर्ग भाजपा से दुखी है। लोग भाजपा को सत्ता से दूर फेंकने का मन बना चुके हैं। और आने वाले समय में देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर अनेक लोग मौजूद रहे।

## कोटा में आत्महत्यायें रोकने के प्रयास

**कोटा** छात्रों की आत्महत्याओं का केन्द्र बन गया है, हालांकि अब इस विभीषिका पर लगाम लगाने के प्रयास हो रहे हैं। कोटा को भारत में आईआईटी-जेईई, नीट व अन्य उच्च स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षाओं की 'कोचिंग राजधानी' कहा जाता रहा है, लेकिन हाल में यह छात्रों के लिए 'आत्महत्या राजधानी' के रूप में बदनाम हो गया है। यहां सैकड़ों संस्थान छात्रों को सम्मानित इंजीनियरिंग व मेडिकल कालेज प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं और इस शहर को कठोर अकादमिक परिवेश के लिए जाना जाता है। लेकिन इस शिक्षा केन्द्र की गहराई में छात्रों की आत्महत्याओं के खतरनाक रूप से बढ़ने के कारण गंभीर चिन्ता व्याप्त है। कोटा के कोचिंग संस्थान भारी-दबाव वाले प्रतियोगी परिवेश का पर्याय बन गए हैं। हर साल पूरे भारत से हजारों छात्र सर्वोच्च इंजीनियरिंग व मेडिकल कालेजों में प्रवेश के सपने लेकर यहां आते हैं। पढ़ाई के लंबे समय, कठोर प्रतियोगिता तथा प्रदर्शन के लिए निरंतर दबाव के कारण छात्रों को 'प्रेशर कुकर' जैसे परिवेश का सामना करना पड़ता है। छात्रों पर लगातार परीक्षाओं में सफलता का दबाव रहता है क्योंकि उनकी सफलता पर बहुत कुछ निर्भर होता है। इसमें माता-पिता का पैसा, सामाजिक सम्मान व व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा शामिल हैं। छात्रों की आत्महत्या का प्रमुख कारण उन पर लगातार बढ़ता अकादमिक दबाव है। अत्यधिक प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की अथक खोज अक्सर छात्रों को उनकी क्षमताओं के सिरे तक धकेल देती है। विफलता के भय तथा माता-पिता की उम्मीदों के बोझ से उनमें तनाव व बेचैनी पैदा होती है। कोटा आने वाले अधिकांश छात्र अपने घर और परिवार से दूर होते हैं। ऐसे में सहायक व्यवस्था के अभाव में वे अवसाद का शिकार बन आत्महत्या की सोचने लगते हैं। कोटा के कोचिंग संस्थान मुख्यत: अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान देते हैं और अक्सर छात्रों की मानसिक बेहतरी को अनदेखा करते हैं।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अब कोटा में छात्रों की आत्महत्यायें रोकने के लिए अनेक पहलें की जा रही हैं। कोटा पुलिस ने 'दरवाजे पे दस्तक' नामक अभियान छेड़ा है जहां वार्डन नियमित रूप से हर छात्र के दरवाजे पर 11 बजे रात के बाद दस्तक देते हैं और उनसे पूछते हैं कि क्या वे ठीक हैं। वे उनकी गतिविधियों पर नजर रखते हैं और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि उनमें तनाव, अवसाद या असामान्य गतिविधि के कोई संकेत न हों। इसके साथ ही होस्टलों के पंखों में स्प्रिंग लगाए गए हैं। इन जमीनी उपायों के साथ असली समाधान छात्रों में जागरूकता पैदा करने के साथ ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां छात्रों को आवश्यकता होने पर कौंसिलिंग व सहायता मिल सके। कुछ कोचिंग संस्थानों ने छात्रों के लिए कौंसिलिंग सेवायें शुरू की हैं। अक्सर छात्रों व उनके माता-पिता के बीच संवाद अकादमिक व साथियों की ओर से आने वाला दबाव सहन करने में सहायक होता है। समाज, शिक्षा संस्थानों तथा माता-पिता को परस्पर सहयोग से काम करते हुए ऐसा परिवेश बनाना चाहिए, जिसमें छात्र अपना जीवन समाप्त किए बिना अपने सपने पूरे कर सकें। हालांकि, कोटा में छात्रों की आत्महत्यायें जारी हैं, पर बढ़ी जागरूकता व सुनियोजित प्रयासों से आशा की जाती है कि छात्रों के जीवन में भविष्य में तनाव कम होगा। आखिरकार किसी काम की तुलना में उनका जीवन ज्यादा महत्वपूर्ण है। कहावत है कि हार मानने तक कोई पराजय अंतिम नहीं होती है।

# कामगारों का कौशल संवर्धन

डिजिटल परिवर्तन व स्वचालीकरण के लिए कौशल संवर्धन जरूरी है। आने वाले समय में इससे उद्योगों का सर्वोत्तम विकास संभव होगा।

**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल संवर्धन क्षेत्र से संबद्ध हैं)





पूरी दुनिया इस समय चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचने की उल्लेखनीय उपलब्धि से अभिभूत है। चंद्रमा पर भारत की सफल लैंडिंग का आधार वैज्ञानिक विशेषज्ञता और खोज का उल्लेखनीय प्रदर्शन है। पहले हुई विफलताओं की तुलना में यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है। इस उपलब्धि से भारतीय कार्यबल की क्षमता प्रदर्शित होती है जो अपनी सीमाओं के पार जाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम चंद्रमा तक पहुंची इस सफलता से मूल्यवान सबक सीख सकते हैं जो रोजगार के अन्य क्षेत्रों में कार्यबल के कौशल संवर्धन पर लागू हो सकते हैं। चंद्रयान-3 की तरह हमें सफलता प्राप्त करने के लिए सीमाओं को आगे बढ़ाने में खोजी कौशलों की ओर आगे बढ़ना चाहिए। सेवायोजकों व कर्मचारियों को अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य परिभाषित करने चाहिए, जिनको 'मूनशाट गोल्स' कहा जा सकता है। इन लक्ष्यों से अपनी अतीत की सीमाओं को चुनौती देनी चाहिए तथा वह लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए जिसे अब तक असंभव माना जाता है।

इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कौशलों और दृष्टिकोणों में समन्वय की आवश्यकता होगी तथा इसके लिए अच्छी योजना व क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। मूनशाट गोल्स के माध्यम से भारत स्वयं को कुशल कार्यबल के मामले में विश्व नेता बनाने का प्रयास कर सकता है। दुनिया के सबसे बड़े कार्यबल को दीर्घकालीन रूप से सशक्त बनाना चाहिए और इसके लिए भूनशाट प्रयासों की जरूरत है। अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है और तकनीकी प्रगति की गति उससे भी अधिक तेज है। वर्तमान वैश्वीकृत दुनिया में कुशल कार्यबल की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। लेकिन अनेक कंपनियां और कर्मचारी आगे बढ़ने की अपनी क्षमताओं को देखते हुए भी वर्तमान व भावी आवश्यकताओं हेतु बदल नहीं रहे हैं।

आवश्यक कौशल की कमी एक बड़ी समस्या है। गार्टनर के अनुसार, अपना काम बहुत अच्छी तरह से करने के लिए 58 प्रतिशत कर्मचारियों को नए कौशल सीखने की आवश्यकता है। 'अपस्किलिंग' या कौशल संवर्धन कर्मचारी का कौशल बढ़ाने की प्रक्रिया है जो वैश्विक चुनौतियों का उपयुक्त समाधान है। वर्ड इकोनोमिक फोरम-डब्ल्यूईएफ ने 2021 में एक रिपोर्ट जारी की थी जिसने अपस्किलिंग के आर्थिक लाभों को रेखांकित किया था। रिपोर्ट में तर्क दिया गया है कि उद्यमियों के लिए अपस्किलिंग क्रांति बहुत जरूरी है। इससे कर्मचारियों को अपने काम के भविष्य के अनुकूल ढलने, प्रतियोगियों से आगे बने रहने तथा अर्थव्यवस्था में ट्रिलियनों डालर योगदान करने का अवसर मिलता है।

हाल के वर्षों में भारत श्रम-आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ कर नए कौशल प्राप्त करने पर ध्यान दे रहा है। विश्व बैंक ने हाल ही में 250 मिलियन डालर के 'स्किल इंडिया मिशन' को मंजूरी दी है। इस पहल का लक्ष्य अल्पकालीन कौशल विकास कार्यक्रमों को बाजार योग्य बनाना है जिनमें तीन से बारह महीने का समय लगता है। आशा है कि 2025 तक भारत की 70 प्रतिशत जनसंख्या कार्यबल आयु में पहुंच जाएगी। लेकिन यह अनिश्चित है कि क्या वे रोजगार प्राप्त करने में सफल होंगे। ऐसे में युवा पीढ़ी को कौशल विकास के अवसर प्रदान करना राष्ट्र की प्रगति के लिए जरूरी हो गया है। ऐसा करने में विफलता से भारत के 'जनसंख्या लाभांश' को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। दुर्भाग्य से 'स्किल इंडिया' अपनी अपेक्षित सफलता प्राप्त करने में विफल रहा है जिसका कारण प्रशिक्षण ढांचे की कमी तथा निजी क्षेत्र की समुचित सहभागिता में कमी है। स्किल इंडिया मिशन तथा नई पीढ़ी का कौशल विकास एक राष्ट्रीय आवश्यकता है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' की मजबूत नींव डालने के लिए जरूरी है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के लिए जरूरी है कि हर नौजवान का स्कूली शिक्षा के समय से कौशल संवर्धन द्वारा सशक्तीकरण जरूरी है ताकि वह सफल कैरियर बना सके।

इस प्रकार भारत के नौजवानों का कौशल संवर्धन असंदिग्ध रूप से एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है। लेकिन भारत के स्किलिंग मार्ग में सुधार करने का सरकारी रिकार्ड अभी बहुत संतोषजनक नहीं है। स्किल इंडिया सुधारों पर शारदा प्रसाद कमेटी के विश्लेषण से पता चलता है कि अक्सर कौशल विकास कार्यक्रमों का सीमित महत्व रहा है और वे ज्यादा रोजगार के अवसर नहीं पैदा कर पाते हैं। हालांकि, इसके बाद कुछ स्किलिंग योजनाओं का पुनर्गठन किया गया है, पर इससे समस्या को पूर्णत: संबोधित नहीं किया जा सका है। उदाहरण के लिए सरकार ने 2020 में स्किलिंग व विकास संबंधी मुद्दों को संबोधित करने के लिए 'गरीब कल्याण रोजगार योजना'-जीकेआरवाई शुरू की थी। इसका उद्देश्य विपरीत-पलायन को संबोधित करना था, लेकिन इसका आवश्यकतानुसार विस्तार नहीं हो सका। अनेक रिपोर्टों से पता चलता है कि जीकेआरवाई के बाजार मांग-संचालित स्किलिंग पहलकदमियां सफल नहीं हुईं और वे लक्षित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच सकीं। इससे एक व्यवस्थागत समस्या का संकेत मिलता है जो भारत में कुशल परिस्थितिकी को प्रभावित करती है।

कुशल व प्रमाणित कामगार मांग पूरी नहीं कर पा रहे हैं और इसके कारण भारी असंतुलन पैदा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ का अनुमान है कि 2030 तक भारत में 29 मिलियन कुशल कर्मचारियों की कमी हो सकती है। वर्तमान समय में कंपनियों में कुशल कामगारों की कमी है, जबकि देश में अनेक शिक्षित लोग हैं जो बेरोजगार हैं। बेरोजगारी ऐसी महत्वपूर्ण समस्या है जिसे लोगों का कौशल संवर्धन कर कम किया जा सकता है। उम्मीद है कि अगले कुछ वर्ष में भारत वैश्विक कार्यबल में 25 प्रतिशत का योगदान करेगा। ऐसे में अपने नौजवानों को स्किल, रि-स्किल व अप-स्किल करने में विफलता से हम वैश्विक जिम्मेदारी निभाने में सफल नहीं होंगे। ऐसे में वैश्विक स्तर पर कौशल कमी का लगातार आंकलन करना जरूरी है। इसके साथ ही कर्मचारियों की भर्ती का आधार 'डिग्री-आधारित' बनाए रखने के बजाय 'कौशल-आधारित' करना होगा। इन मुद्दों का समाधान करने के लिए नेशनल स्किल युनिवर्सिटीज़ बिल, 2015 लाया गया था। इसमें राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालयों-एनएसयू की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

अपने कर्मचारियों के कौशल संवर्धन का लाभ संगठनों को भी होगा। लेकिन निवेश पर सबसे अधिक लाभ उस स्थिति में होगा जब कंपनियों के लक्ष्य एवं दृष्टिकोण में प्राथमिकता के रूप में कौशल संवर्धन की पहचान की जाए। कंपनी प्रमुखों को उन कौशलों को प्राथमिकता देनी होगी जिनका प्रभाव सबसे अधिक हो। उनको इन क्षेत्रों में कर्मचारियों का कौशल संवर्धन करना होगा। अपस्किलिंग से कर्मचारियों का लगाव बढ़ेगा तथा कंपनी की वृद्धि के साथ कर्मचारियों की प्रगति की अवधारणा के अनुसार उनको कंपनी में बनाए रखना संभव होगा। इससे कर्मचारी कैरियर आगे बढ़ाने की चिन्ता में अपना काम छोड़ने पर मजबूर नहीं होंगे। अपस्किलिंग में निवेश से कंपनियां कर्मचारियों पर टर्नओवर खर्च घटाने में सफल होंगी।

औसतन किसी कर्मचारी के कंपनी छोड़ने पर उसके वार्षिक वेतन का एक तिहाई उसका विकल्प तलाशने पर खर्च होता है। सेवायोजक के रूप में कंपनियां रोजगार तलाशने वालों को आकर्षित कर अपनी प्रगति सुनिश्चित कर सकती हैं। 86 प्रतिशत कर्मचारियों को काम के दौरान प्रशिक्षण जरूरी लगता है। सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देकर उत्साह, टीमवर्क व संतोष बढ़ता है। पीडब्लूसी के अनुसार 77 प्रतिशत कामगार अपनी अपस्किलिंग चाहते हैं। कर्मचारियों की अपस्किलिंग से उनको अपना कैरियर आगे बढ़ाने तथा पेशेवर विकास करने में सहायता मिलती है। डिजिटल परिवर्तन तथा स्वचालीकरण इन चुनौतियों से निपटने में सहायक हैं। स्वयं को अपस्किल करने वाले कर्मचारी अपनी भूमिकायें बेहतर ढंग से निभाने में सफल होते हैं तथा उनका अपनी क्षमताओं में विश्वास बढ़ता है।

# पहाड़ों की जीर्ण-शीर्ण पारिस्थितिकी

> पर्वतीय भूविज्ञान की वैज्ञानिक समझ को स्थानीय पारिस्थितिक ज्ञान के साथ लागू करना ही पहाड़ियों को संरक्षित करने और वहां पनपने वाले जीवन की रक्षा करने का तरीका है।



सौरव पांडेय



किशलय मिश्रा

भारत के पहाड़ों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती तीव्रता और आवृत्ति चिंताजनक है। यह आवास, आतिथ्य और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में तेजी से वृद्धि के कारण हुआ है। हमारे पहाड़ों में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग हस्तक्षेपों के अध्ययन, पैमाने और गति के लिए एक पूरी तरह से अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

पर्वतीय क्षेत्र अपने आप में एक पारिस्थितिकी तंत्र हैं। उनकी विशेषताएँ और जीवन चक्र ढलानों द्वारा निर्धारित होते हैं। ढलानों का निर्धारण अंतर्निहित चट्टान और उन पर कार्य करने वाले प्रकृति के एजेंटों, जैसे नदियों, ग्लेशियरों और बायोटा के बीच परस्पर क्रिया द्वारा किया जाता है। जैसे नदियों का बाढ़ के मैदानों में बाढ़ आना और फिर से अपने चैनलों में कम होना, पहाड़ों का निर्माण टेक्टोनिक रूप से (हिमालयी बेल्ट) होता है और फिर एक चक्रीय प्रक्रिया में अवशिष्ट पहाड़ियों (दक्कन क्षेत्र की अधिकांश पहाड़ियों की तरह) में वापस नष्ट हो जाते हैं। यह ढलान में गिरावट और ढलान पीछे हटने की प्रक्रियाओं के कारण होता है। यह भू-आकृति विज्ञान चक्र बहुत लंबा है और मुश्किल से ही बोधगम्य है। विस्तृत वैज्ञानिक ढलान विश्लेषण हमारे पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का हिस्सा नहीं रहा है। इससे ढलान चक्र बाधित और तेज हो गया है और मानव निर्मित बाढ़, भूस्खलन और मिट्टी का कटाव हुआ है।

हिमालय पर्वतमाला की टेक्टोनिक बेल्ट बहुत सक्रिय है। पर्वतमालाओं और घाटियों के पार चट्टानों को काटने से ढलानों और उस पर निर्भर पारिस्थितिकी तंत्र में तीव्र परिवर्तन होता है। ढलान का ढलान सीधे तौर पर चट्टान गिरने और भूस्खलन का कारण बनता है। इसके अलावा, वनों की कटाई के साथ-साथ मिट्टी का क्षरण होता है और पानी के बहाव, पानी के रिसाव और धारा चैनलों पर प्रभाव पड़ता है। अभेद्य चट्टानी स्तर पर उपसतह जल-जमाव के कारण भूभाग विभिन्न रूपों में नीचे की ओर प्रवाहित होता है, जैसे कि मिट्टी का खिसकना और कीचड़ का प्रवाह, जिससे ढलान के लक्षण और भी अधिक बदल जाते हैं।

पहाड़ों की संरचना में हुए परिवर्तनों के अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक की आवश्यकता है। एक इकाई के रूप में वाटरशेड पर आधारित योजना बनाने से स्थानीय ज्ञान के साथ छोटे इंजीनियरिंग हस्तक्षेप करने में मदद मिलेगी। इससे क्षति का स्तर कम हो जाएगा और पारिस्थितिकी तंत्र को पुन: समायोजित होने का समय मिल जाएगा। चट्टान संरचनाओं की विभिन्न परतों का मानचित्रण, उनका अभिविन्यास, कनेक्टिंग घाटियों की मिट्टी की प्रकृति और प्रत्येक भू-आकृति विज्ञान एजेंट का प्रभाव पहाड़ों में सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के निर्माण के आवश्यक पहलू हैं। उपलब्ध तकनीक में जीआईएस-आधारित भेद्यता मानचित्रण, रिमोट सेंसिंग और अन्य विशेषज्ञ भूवैज्ञानिक तकनीकें शामिल हैं। इन वैज्ञानिक पहलुओं को नीति और कानूनी ढांचे में शामिल किया जाना चाहिए जो देश में, विशेषकर पहाड़ी राज्यों में आपदा-लचीले बुनियादी ढांचे और आपदा प्रबंधन को नियंत्रित करते हैं।

यह ध्यान रखना उचित है कि जब नाजुक क्षेत्रों में निर्माण की बात आती है तो कोई कानूनी शून्यता नहीं होती है। नाजुक क्षेत्रों में निर्माण विभिन्न मास्टर प्लान द्वारा निर्देशित होते हैं, जैसे शिमला, मनाली और डलहौजी योजना क्षेत्रों के लिए मसौदा विकास योजना। भारतीय मानक ब्यूरो पहले ही भारत के पहाड़ी इलाकों में निर्माण की तकनीकों पर शोध और प्रस्तुत कर चुका है। हालांकि ऐसे क्षेत्रों के लिए कानून बनाना या मानक तय करना निर्माण को निर्देशित करने के कई तरीकों में से एक है, लेकिन कानून अलग से काम नहीं करता है। निर्धारित मानकों की स्वीकार्यता लाने के लिए सामाजिक प्रभाव और अनुनय के माध्यम से स्थानीय ज्ञान का उपयोग करने के लिए विकेंद्रीकृत और अनौपचारिक तंत्र की आवश्यकता है। जबकि राज्य ज्यादातर सामुदायिक स्थानों से निपटेगा, निजी स्थान के लिए निर्माण को बढ़ावा देना स्थानीय समुदाय का विशेषाधिकार होना चाहिए जो पहाड़ी क्षेत्रों के पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में नहीं डालता है। सहभागी दृष्टिकोण को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48ए से प्रेरणा लेनी चाहिए, जहां एक निर्देश राज्य से पर्यावरण की सुरक्षा और सुधार के लिए कहता है और वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए व्यक्तियों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए(जी) से प्रेरणा लेनी चाहिए जो सुरक्षा प्रदान करता है। प्राकृतिक पर्यावरण का मौलिक कर्तव्य।

वर्ष के कुछ महीनों के दौरान हिल स्टेशनों पर अत्यधिक भीड़ हो जाती है, जिससे उस क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभाव पड़ता है। ऐसा जनसंख्या दबाव मौसमी और सामान्य दोनों है। इसका तात्पर्य यह है कि पहाड़ी क्षेत्रों के कुछ हिस्से अपनी वहन क्षमता से अधिक काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, शिमला मूल रूप से केवल 25000 लोगों की आबादी के लिए बनाया गया था, लेकिन अब 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी आबादी 1,69,758 है। पीक सीज़न में पर्यटन उद्देश्यों के लिए एक विनियमन सेटअप होना चाहिए। वैकल्पिक मार्गों की उचित मैपिंग, क्षमता के आधार पर सख्त परमिट और होमस्टे और कारपूलिंग जैसी पर्यावरण-प्रथाओं को प्रोत्साहित करने को चरम पर्यटन सीज़न में पर्यटकों की संख्या और वाहनों की आवाजाही के नियमन में सख्ती से शामिल किया जाना चाहिए।

हमारे पर्वतीय क्षेत्र अपने अधिकांश इतिहास के लिए बंद गली की तरह रहे हैं जहां विकास और कनेक्टिविटी की कमी ने मैदानी इलाकों की तुलना में क्षेत्रीय असंतुलन पैदा कर दिया है। बेहतर शासन और विकास के लिए लोगों के अधिकारों को प्रगतिशील समझ के साथ, हमें विज्ञान और ज्ञान को एक साथ नियोजित करना चाहिए; ताकि हमारे पहाड़ फलें-फूलें।

## आप की बात

### कर्मयोगी मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने 2014 में सत्ता में आने के बाद कोई छुट्टी नहीं ली है। हाल ही में पीएमओ में लगाई गई एक आरटीआई के जरिए इसका खुलासा हुआ है। कर्मयोगी शब्द को सार्थकता प्रदान कर रहे हैं हमारे प्रधानमंत्री मोदी। नौ वर्ष के कार्यकाल में कोई छुट्टी नहीं लेना, 1 मिनट का भी टाइम बर्बाद नहीं करना, नियमित 16 घंटे से अधिक कार्य करना, खुद के खाने-पीने की व्यवस्था खुद ही करना, कोई मौज मस्ती नहीं सिर्फ राष्ट्र, राष्ट्र और राष्ट्र। ऐसे कर्म योगी से घोषित विरोधियों को छोड़ कर बाकी सारी जनता आश्चर्यचकित है। हमारे देश में जहां अदना सा नेता भी सरकारी धन पर बेरहमी से ऐश करता है, वहीं मोदी न सिर्फ भारत वरन पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल पेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपनी सारी सफलताओं का श्रेय देश की 140 करोड़ जनता के परिश्रम और लगन को देते हैं। इससे उनके विकास प्रयासों के प्रति सारी जनता का विश्वास बढ़ता है और वह अपने प्रयासों से इसमें अपना योगदान भी करती है। मोदी ने अपने भाषणों के साथ ही अपने व्यक्तिगत जीवन से सारी जनता के समक्ष एक उदाहरण पेश किया है। इसी कारण सारे विपक्षी नेता कुल मिला कर भी उनके जितने लोकप्रिय नहीं हैं।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

### चीन का बढ़ता अलगाव

**चीन** दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मगर 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर उसके दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भविष्यवाणी निरर्थक सिद्ध हुई है। अब यह मंजिल उससे और दूर होती जा रही है। यह सब उसकी काली करतूतों, विस्तारवादी मनोवृत्ति एवं सबसे दुश्मनी मोल लेने की सनक के कारण है। बीजिंग विश्व बिरादरी से अलग-थलग पड़ता जा रहा है। उसने अपना नया नक्शा प्रकाशित किया जिससे उसके तमाम पड़ोसी तो नाराज़ हुए ही, पर सबसे बड़ा झटका उसे मास्को से मिला। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बोल्शोई उस्सुरीस्की द्वीप को चीन के नक्शे में दिखाए जाने पर गहरी नाराज़गी जाहिर की है। भारत भी अरुणाचल व अक्साईचिन को लेकर कड़ा विरोध दर्ज करा चुका है। दक्षिण चीन सागर में उसकी आक्रामकता को लेकर मलेशिया, इंडोनेशिया, फ़िलीपींस और ताइवान भी नाराज़ हैं। चीन की बेल्ट एंड रोड पहल से इटली का बाहर निकल जाना भी उसे और कमजोर करेगा। हो सकता है कि अन्य यूरोपीय देश भी इस परियोजना से खुद को अलग कर लें चीन ने जो बोया था वही अब वो काट रहा है।

-जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

### घृणापूर्ण भाषण

**उदयनिधि स्टालिन** ने सनातन धर्म को मलेरिया, डेंगू और कोरोना की तरह बताते हुए उसे समाप्त करने की अपील की। वे जिस कार्यक्रम में बोल रहे थे उसका विषय ही सनातन उन्मूलन सम्मेलन था। क्या भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में ऐसे विषयों पर सम्मेलन या चर्चा हो सकती है? क्या इसकी जगह ईसाई उन्मूलन सम्मेलन या इस्लाम उन्मूलन सम्मेलन पर चर्चा करने का कोई साहस कर सकता है। सनातन धर्म बहुत पुराना है और इसे खत्म करने की मुगलों ने और अंग्रेजों ने कोशिश की। इससे बड़ी संख्या में हिंदुओं का कत्ल किया गया और लाखों हिंदुओं ने डर या लालच के कारण इस्लाम व ईसाई धर्म अपना लिया। लेकिन इसके बावजूद सनातन या दूसरे शब्दों में कहें तो हिंदू धर्म बचा रहा। उदयनिधि के बयान का सभी बुद्धिजीवियों द्वारा कठोर विरोध होना चाहिए, लेकिन विडंबना है कि उनमें से अनेक वोटबैंक राजनीति या अधिकांश हिंदुओं द्वारा भाजपा को समर्थन करने से चुप हैं। अब समय बदल गया है। भारत में प्रासंगिक रहने के लिए उदयनिधि जैसों को समय के अनुसार अपनी भाषा-शैली भी बदलनी होगी।

- अतिवीर जैन, मेरठ

### विपक्ष के अंतरविरोध

**इंडिया गठबंधन** की मुंबई बैठक के बाद उसमें शामिल नेताओं के बीच जारी अंतरविरोध एवं विरोधाभासी स्वर स्पष्ट संकेत है कि गठबंधन में सब कुछ अच्छा नहीं है। मुंबई की बैठक में किसी संयोजक का चुनाव न होना, जातिगत जनगणना पर एक मत का अभाव एवं सीट शेयरिंग फार्मूले पर अंतिम मुहर न लगाना गठबंधन के नेताओं के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। गठबंधन नेताओं के उटपटांग बयान अन्य घटक दलों पर भारी पड़ सकते हैं। डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए अनावश्यक बयान का चारों तरफ विरोध हो रहा है। एनडीए के घटक दल ही नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के अंदर भी इसके खिलाफ विरोध के स्वर सामने आए हैं। शिवसेना उद्धव गुट इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगा क्योंकि शिवसेना की राजनीति का आधार ही हिंदुत्व है और वह स्वयं को भाजपा से बड़ा हिंदुत्ववादी मानती है। यदि गठबंधन एकजुट होकर अपनी दिशा नहीं निर्धारित करता है तो विपक्ष के विरोधाभास उसे ले डूबेंगे। यह स्थिति निश्चित रूप से भाजपा के लिए लाभदायक है।

- वीरेन्द्र कुमार जाटव, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# सीएम की मौजूदगी में डॉ. दिनेश शर्मा ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन



## ● डॉ. दिनेश शर्मा अटल बिहारी वाजपेई के मूल्यों और सिद्धांतों से सदैव जुड़े रहेः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में एक सीट के लिए हो रहे राज्यसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. दिनेश शर्मा ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के समय स्वयं सीएम योगी भी मौजूद रहे। सीएम योगी के साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया गया। उपचुनाव में डॉ. दिनेश शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। राज्यसभा की यह सीट बीते जून में भाजपा सांसद हरद्वार दुबे के निधन से खाली हुई है। डॉ. शर्मा के अलावा किसी अन्य ने इस सीट से नामांकन नहीं किया है। नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को की जाएगी। परिणाम की औपचारिक घोषणा शुक्रवार को होगी।

नामांकन से पूर्व सीएम योगी ने भाजपा मुख्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक दिवस है और इस अवसर पर एक शिक्षक के रूप में दिनेश शर्मा राज्यसभा के उपचुनाव के लिए अपना नामांकन करने जा रहे हैं। शिक्षक दिवस पर आप सबको बधाई देते हुए हृदय से उनका अभिनंदन करता हूं। दिनेश शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर अपनी शानदार पारी को आगे बढ़ाया है। प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में, लखनऊ के महापौर के रूप में भी उन्होंने बेहतरीन कार्य किया है। 2017 से 2022 के बीच में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद उप मुख्यमंत्री के दायित्व के साथ ही माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभागों की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कई अहम कदम उठाए। आज पार्टी ने उन्हें राज्यसभा उपचुनाव में अपने प्रत्याशी के रूप में उतारा है। डॉ. दिनेश शमा पंडित दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई जी के मूल्यों और सिद्धांतों से सदैव जुड़े रहे हैं।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने राज्यसभा के लिए उपचुनाव में डॉ. दिनेश शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में कहा कि पार्टी संगठन ने डॉ. दिनेश शर्मा जी को कार्यक्षमता और उन पर आमजनमानस के भरोसे को देखते हुए राज्यसभा के उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। पाठक ने केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. दिनेश शर्मा निश्चित तौर पर निर्विरोध निर्वाचित होकर राज्यसभा में जाएगें और राज्यसभा में उत्तर प्रदेश की आवाज को बुलन्द करेंगे। राज्यसभा के लिए उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं और मैंने वार्ड अध्यक्ष से अपने राजनीतिक जीवन की यात्रा को प्रारम्भ किया है। मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं और कार्यकर्ता के नाते जो भी दायित्व निर्देश मुझें पार्टी संगठन द्वारा दिया जाता है उसे मैं करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय नेतृत्व का आभारी हूं जिन्होंने मुझे राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाकर मुझ पर विश्वास जताया। डॉ. शर्मा ने कहा पार्टी कार्यकर्ता के लिए पद कभी मायने नहीं रखता, बल्कि पार्टी, संगठन का निर्देश मायने रखता है। पार्टी राज्य मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। पार्टी राज्य मुख्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों, राज्य सरकार के मंत्रियों, विधायकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ. दिनेश शर्मा को पुष्प गुच्छ व फूल माला पहनाकर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**जी-20 समिट**

## 7 से 10 सितंबर तक दिल्ली के लिए सीमित रहेगा बसों का संचालन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गाजियाबाद

**दिल्ली** में आयोजित होने जा रही जी-20 समिट के चलते 7 सितंबर से 10 सितंबर तक तक दिल्ली के विभिन्न मार्गों पर डायवर्जन एवं प्रवेश पर प्रतिबन्ध के कारण सामान्य यातायात प्रभावित होगा। ऐसे में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम ने विभिन्न मार्गों से दिल्ली की ओर संचालन सीमित रखने का निर्णय किया है। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबन्धक गाजियाबाद की ओर से सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक खुर्जा, बुलन्दशहर, सिकंदराबाद, हापुड़, लोनी, साहिबाबाद, कौशाम्बी, गाजियाबाद, आनन्द विहार और कश्मीरी गेट दिल्ली को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है की इस दौरान विशेष रूप से लोनी बॉर्डर व दिल्ली कश्मीरी गेट की ओर आने व जाने वाली सेवाओं पर प्रभाव पड़ना सम्भावित है। ऐसे में सभी को निर्देशित किया जाता है कि विभिन्न मार्गो से दिल्ली की ओर संचालन सीमित रखते हुए स्थानीय जिला प्रशासन व पुलिस के सम्पर्क में रहें एवं समय-समय पर जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों के द्वारा जारी एडवाइजरी का अनुश्रवण करते रहें, जिससे सामान्य यातायात प्रभावित न हो एवं परिवहन निगम की बसों का संचालन प्रभावी रूप से चलता रहे। ये भी कहा गया है की इस सम्बन्ध में काउन्सलिंग के माध्यम से एवं नोटिस बोर्ड के माध्यम से अपने चालकों और परिचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए जाएं।

## आंद्रा वामसी बस्ती के नए डीएम

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार को अहम फेरबदल करते हुए कौशल विकास मिशन के निदेशक आंद्रा वामसी को बस्ती का नया डीएम नियुक्त किया है। दो दिन पूर्व ही डीएम मिर्जापुर से डीएम बस्ती के पद पर भेजी गई दिव्य मित्तल को अब प्रतीक्षारत कर दिया गया है। इसके अलावा गोरखपुर के डीएम कृष्णा करुणेश को गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# 11 से 30 सितंबर तक घर-घर जाकर मुट्ठी भर मिट्टी, चुटकी भर अक्षत का किया जाएगा संग्रहण



## ● मुख्य सचिव ने 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अन्तर्गत कलश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी 11 सितंबर से 30 अक्टूबर तक देश व प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की समस्त तैयारियों को समय से पूरा कराते हुए प्रदेशभर में भव्य आयोजन सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान प्रदेश के प्रत्येक घर में उत्सवी वातावरण का सृजन किया जाये।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख घटनाओं एवं नायकों से परिचित कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मुट्ठी भर मिट्टी, चुटकी भर अक्षत (चावल) संग्रहण किया जाए। कार्यक्रम में युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईके, स्काउट्स एंड गाईड, नागरिक सुरक्षा संगठन आदि का भी सहयोग लिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक स्तर व शहरी क्षेत्र में नगरीय निकायों में मिट्टी को बड़े कलश में मिश्रित करते समय महोत्सव जैसा माहौल होना चाहिए। आयोजित कार्यक्रम में वीरों को सम्मानित भी किया जाए। कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता पर विशेष बल दिया जाए।

उन्होंने कहा कि कलश को सुंदर कलात्मक सजावट से सुसज्जित किया जाए। कलश तिरंगे के रंग में रंगा होना चाहिए। सुसज्जित वाहनों में ढोलक, नगाड़ा, मृदंग जैसे वाद्ययंत्रों के साथ अमृत कलश यात्रा निकाली जाए। इन सभी वाहनों को फूलों, बंधनवार, तिरंगा झंडे व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों से सजाया जाए। इस दौरान इस अमृत कलश यात्रा के दौरान माटी गीत का गायन व वादन किया जाए। जिला मुख्यालय पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जाए। कलश यात्रियों के रात्रि विश्राम एवं भोजन आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि आगामी 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर के मध्य अमृत कलश में प्रत्येक घर से एकत्रित की गई मिट्टी को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लाक स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों की नगर पालिकाओं, नगर निगमों तथा अन्य नगर निकायों में बड़े कलशों में मिश्रित किया जाएगा। अमृत कलश यात्रा 13 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। इस यात्रा के निर्धारित पथ पर अमृत यात्रियों का स्वागत पुष्प वर्षा से होगी।

27 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित झूलेलाल वाटिका में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सुसज्जित विशेष रेलगाड़ी से अमृत कलश यात्रा 28 अक्टूबर को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। 30 अक्टूबर को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में कार्यक्रम का समापन समारोह यानी ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, मंडलायुक्त रौशन जैकब, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार, लखनऊ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश से कुपोषण खत्म करने को प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

## ● संभव अभियान के दौरान चिन्हित किए गए ढाई लाख कुपोषित बच्चों का हो रहा इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार कुपोषण को राज्य से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में जून में चले संभव अभियान में चिंहित किए गए ढाई लाख कुपोषित बच्चों का उपचार किया जा रहा है, जिससे इनकी भी कद काठी सामान्य बच्चों की तरह बढ़ सके। अगले माह इन सभी बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट आंकी जाएगी।

शासन की ओर से वर्ष 2021 से हर साल कुपोषित बच्चों को खोजने के लिए संभव अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से आयोजित हो रहे संभव अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। ई-कवच से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक इस साल शून्य से पांच साल के दो लाख 48 हजार 728 अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों को चिन्हित किया गया है। इन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार टीकाकरण, आयरन, फालिक एसिड, मल्टी विटामिन, कैल्शियम दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हर 15 दिनों पर इन चिन्हित बच्चों के घर जाकर इनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं कि इनका वजन बढ़ रहा है कि नहीं। जरूरत के अनुसार अभी तक 16645 बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) रेफ र किया गया है। 63148 और बच्चों को एनआरसी रेफर किया जाना है। एक सितंबर से राष्ट्रीय पोषण माह शुरू हो चुका है। इस दौरान इन चिन्हित बच्चों की जांच की जाएगी कि इनमें कितने बच्चे स्वस्थ हुए।

# भाजपा को 2024 में हराएंगे व 2027 में भी करेंगे यूपी से बाहरः अजय

## ● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की केंद्रीय राज्यमंत्री के पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मौजूदा जज की देखरेख में न्यायिक जांच कराने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नवनियुक्त** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर पहली प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि हम भाजपा को 2024 में भी हराएंगे और 2027 में भी उत्तर प्रदेश से बाहर करेंगे। उन्होंने ध्वस्त कानून व्यवस्था पर प्रदेश की योगी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए भारत सरकार के मंत्री के घर पर हत्या एवं चलती ट्रेन में महिला सिपाही के साथ की गई बर्बरता की घटना को प्रमुखता से उठाते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया है कि आखिर केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के घर पर बुल्डोजर कब चलेगा। प्रदेश कांग्रेस के मुखिया के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी वाड्रा को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि हम लोग एक संकल्प लेकर आए है और एक वचनबद्धता के साथ हैं कि जो कहेंगे वह करेंगे डंके की चोट पर। प्रदेश अध्यक्ष ने भारत सरकार के मंत्री श्री कौशल किशोर के घर में उनके बेटे की पिस्टल से भाजपा कार्यकर्ता की हत्या की निंदा करते हुए योगी सरकार की बहुप्रचारित कानून व्यवस्था की पोल खोली। उन्होंने कहा कि मंत्री के घर शराब और जुआ का दौर चल रहा था जबकि वह शराब बंदी के लिए अभियान चलाते हैं। उनके अपने ही घर में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या होना और उनके द्वारा अपने बेटे को बचाने का षड़यंत्र करना निंदनीय कृत्य है। भारत सरकार के मंत्री झूठ बोलते हैं कि उनका बेटा मौका-ए-वारदात पर मौजूद नहीं था वह तो दिल्ली में था जबकि सीसीटीवी फुटेज में वह उपस्थित दिखता है। घटना के तीन से चार दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती कार्यवाही के नाम पर पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती है। हम लोगों के दबाव में एक नोटिस जारी कर कहती है कि मंत्री पुत्र से पूछताछ की जायेगी।

उन्होंने कहा कि यदि योगी सरकार ईमानदारी की बात करती है तो मंत्री पुत्र के विरूद्ध 120 बी का मुकदमा दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की मौजूदा जज की देख-रेख में न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला सिपाही के साथ ट्रेन में दरिंदों द्वारा की गई बर्बरता का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकार अपनी ही महिला आरक्षी को सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थ है तो प्रदेश के आम जनमानस की सुरक्षा कैसे कर सकती हैं।

# घोसी उपचुनाव में मतदाताओं के अधिकारों को छीना गया: सपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**घोसी** उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर जबरदस्त हमला बोला। सपा प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि घोसी घोसी के उपचुनाव में हार देखकर हताश भाजपा सरकार मतदान में प्रशासन एवं पुलिस का दुरुपयोग करती रही। भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अराजकता पर उतर आया है। वह भाजपा की एक विंग बनकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पहले ही आशंका जाहिर की थी कि भाजपा समाजवादी पार्टी के खिलाफ हर हथकंडे अपनाएगी। आशंका सच साबित हुई। कुछ पुलिस कर्मियों ने भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम किया। मतदाताओं को मतदान से रोका। मतदाताओं के अधिकारों को छीना। उन्होंने कहा कि मतदान के अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाने के लिए नए-नए हथकंडे अपनाए गए। अल्पसंख्यकों और पिछड़ों का वोट पड़ने से रोकने के लिए भाजपा के पदाधिकारी और पुलिस मिलकर काम करते नज़र आए। तमाम मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया गया। कई जगह शिकायते मिली कि सीओ खुद चुनाव प्रचारक की भूमिका निभाते मिले है। कई बूथों पर ईवीएम में खराबी से मतदान बाधित रहा। मदरसा अमजदी में मौलानाओं और हास्टल में रहने वाले बच्चों को लाठी मारकर पुलिस ने भगाने का काम किया। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में वोट डालने जा रहे मतदाताओं को पीटकर पुलिस ने भगा दिया। सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग को कई ज्ञापन सौंपकर पहले ही आशंका जताई गई थी कि घोसी उपचुनाव में भाजपा सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की पवित्रता को नष्ट करेगी। भाजपा के इशारे पर समाजवादी पार्टी के समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित मतदाताओं को डराने धमकाने के साथ उनके घरों की बिजली काटने आदि की शिकायतें की गई थी।

उन्होंने कहा कि खासतौर पर अल्पसंख्यकों को मतदान से वंचित करने की आशंका मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर बताई गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा मऊ जनपद के घोसी विधानसभा उपचुनाव में ड्यूटी में लगाये गये पुलिस कर्मियों और अधिकारियों के नाम दिये गये थे जो भाजपाई बन रहे थे। इसके बावजूद समाजवादी पार्टी की शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। घोसी उपचुनाव में शुरू से ही जनता का रुझान स्थानीय समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह के प्रति रहा है। भाजपा उनकी लोकप्रियता से घबराई हुई है और इसीलिए वह हर हथकंडा अपनाकर उपचुनाव में हार बचाने में लगी रही है। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव का लोकतंत्र बचाने का संघर्ष जारी रहेगा।

# अब तक 43119 ग्राम पंचायतों में किया गया ग्राम चौपालों का आयोजन

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांव चौपालों के आयोजन से गांव विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में हलचल तेज हुई है और गांवों के संवरने के साथ ही ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधर रहा है, सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही हैए ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है, यही नहीं जिन समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीणों को तहसील, जिला या राजधानी जाना पड़ता था, उनका समाधान उनके अपने गांव में ही हो जा रहा है। प्रदेश में प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड की 2 ग्राम पंचायतो में आयोजित की जा रही ग्राम चौपालों के उत्साहजनक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं। प्रदेश में शुक्रवार को ग्राम चौपालों का आयोजन कर जहां लोगों की समस्याओं को समझा और सुलझाया जा रहा है वहीं लाभार्थीपरक योजनाओं सहित विकास व निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत को भी परखा जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जनवरी 23 से अब तक प्रदेश की 43119 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालो का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 32लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 2 लाख 17 हजार से अधिक समस्याओंध्प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चस्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम चौपालो को और अधिक भव्य स्वरूप दिया जाय तथा ग्राम चौपाल में बड़ा बैंक ड्राप लगाया जाय और वहां पर उस ग्राम पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, विभिन्न प्रकार के पेंशनर्स की सूचीएव उस ग्राम के अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की सूची प्रदर्शित की जाए।

# उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने के बजाए दी जाए राहत

## ● ऊर्जा मंत्री ने पावर कारपोरेशन और विद्युत वितरण निगमों के कार्यों की समीक्षा की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सभी विद्युत कार्मिक अपनी कार्य संस्कृति एवं चाल चरित्र में बदलाव लायें और उपभोक्ताओं की परेशानियों को तत्काल दूर करने का प्रयास करें। प्रदेश की विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु अच्छा इन्फ्रस्ट्रक्चर के साथ कार्मिकों का अपने कार्यों के प्रति ईमानदार होना और समस्याओं को दूर करने के लिए त्वरित प्रयास हों, यह भी जरूरी है।

उपभोक्ताओं का उत्पीड़न करने के बजाय, उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने का प्रयास करें। शिकायतों का त्वरित संज्ञान लें और गुणवत्तापूर्ण ढंग से इनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि विद्युत कार्मिकों की बदौलत प्रदेश की 28 हजार से अधिक मेगावाट की विद्युत मांग को भी सकुशल पूरा किया गया। विद्युत के क्षेत्र में जो कार्य गत 60 वर्षों में नहीं हो सका उसे विगत 5.6 वर्षों के भीतर ही पूरा किया गया।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा मंगलवार को नगरीय निकाय निदेशालय में यूपी पावर कारपोरेशन लि. और सभी विद्युत वितरण निगमों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विजनेस प्लान से संबंधित कार्यों, राजस्व वसूली, नगरीय निकायों के विस्तारित व नवसृजित क्षेत्रों में किये जा रहे विद्युत संबंधी कार्य, फीडरों की ट्रिपिंग में कमी लाने की रणनीति तथा विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए गए प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बिजली जीवन की मूलभूत आवश्यकता बन गई है। सबकुछ बिजली पर निर्भर हो गया है। एक मिनट के लिए बिजली का जाना अब बर्दाश्त नहीं होता। बिजली न जाए इसके लिए व्यवस्था एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना होगा। आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर इस व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के गलत व अर्नगल बिलिंग को रोकना होगा। मिलीभगत करके बिलिंग में सुधार की जाने वाली कोशिशों एवं ऐसे गोरखधंधे को बंद करना होगा। खासतौर से ग्रामीण उपभोक्ताओं को ट्रस्ट बिलिंग करने के लिए बढ़ावा दें। उपभोक्ता स्वयं अपने मीटर की फोटो भेजकर बिलिंग बनवायें, ऐसे प्रयोग को बढ़ाएं। कनेक्शन डायरेक्ट या बाईपास करने के बजाय उपभोक्ता के खराब मीटर को समय पर बदलें। उन्होंने सख्त हिदायत दी की समझाने बुझाने का अब समय नहीं रहा। अब गड़बड़ी पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता द्वारा अपने आदमियों, एजेन्सियों व दलालों के माध्यम से की जा रही वसूली स्वीकार्य नहीं। एके शर्मा ने कहा कि बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए सभी ट्रांसफार्मर का समय पर मेन्टिनेंस किया जाएए इससे ट्रांसफार्मर की कार्यक्षमता बढ़ेगी। साथ ही शहरी क्षेत्रों में 24 घण्टे में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घण्टे में ट्रांसफार्मर बदलने की समयसीमा का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। उन्होंने जर्जर व लटकते हुए तारों व पोल को ठीक करने के साथ विपरीत परिस्थितियों में फ्यूज और जम्फर उड़ने की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लें। फीडरों की ट्रिपिंग को कम करने की रणनीति पर कार्य किया जाए। एक निश्चित समय पर ही शटडाउन लिया जाएए जिससे की उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती का ज्यादा समाना करना न पड़े। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग को अपनी कमियों को तत्काल ठीक करने के साथ कार्मिकों को अपने कार्यों में सुधार करने को कहा। उन्होंने मुख्य अभियन्ता को अपने कार्यदायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने को कहा।

# हापुड़ घटना की जांच कमेटी में पूर्व न्यायाधीश हरिनाथ भी सदस्य बने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

प्रदेश सरकार ने हापुड़ की घटना की जांच के लिए गठित कमेटी में सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय लखनऊ को भी सदस्य के रूप में शामिल किया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हापुड़ की घटना के संबंध में कमिश्नर मेरठ की अध्यक्षता में त्रिसदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया था। अब इस कमेटी में आईजी मेरठ तथा डीआईजी मुरादाबाद के अलावा सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय लखनऊ हरिनाथ पांडे को भी शामिल किया गया है। चार सदस्यीय जांच कमेटी को घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 6 सितंबर, 2023



# धान को साफ, सुखाकर केंद्रों पर लाएं किसान, उठाएं एमएसपी योजना का लाभ

- एक अक्टूबर से होगी धान की खरीद, किसान घर से कराए रजिस्ट्रेशन
- सरकारी क्रय केन्द्रों पर कॉमन धान 2183 रुपये प्रति कुंतल, ग्रेड 'ए' धान 2203 रुपये

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**अबकी** बार किसानों से 2183 रुपये की दर से सरकारी क्रय केंद्रों पर धान की खरीद होगी। पिछले साल की अपेक्षा 143 रुपये की दर से सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। ग्रेड ए के धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये नियत है। जिले में 05 क्रय एजेंसियों के 169 धान क्रय केंद्रों पर खरीद की जाएगी।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कृषक बन्धुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने धान को साफ एवं सुखाकर क्रय केन्द्रों पर विक्रय हेतु लायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। किसी भी बहकावे में न आकर सरकारी क्रय केन्द्रों पर ही लाकर अपना धान विक्रय करें। सरकारी क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। जिले में धान क्रय के लिए कुल 05 क्रय एजेंसियों के 169 धान क्रय केन्द्र क्रय एजेंसियों से प्राप्त प्रस्ताव, धान उत्पादन क्षेत्र एवं जनपद स्तर पर आहूत बैठकों में व्यापक परीक्षणोंपरान्त कृषकों की सुविधा के दृष्टिगत तहसील सदर 49, गोला 45, पलिया 12 मोहम्मदी 23, मितौली 14, निघासन 08, धौरहरा में 18 बनाये गए है। जनपद खीरी में 01 अक्टूबर से धान क्रय केन्द्र प्रात: 09 बजे से सायं 05 बजे तक संचालित होंगे। प्रत्येक क्रय केन्द्र पर कृषक बन्धुओं की सुविधा हेतु पेय जल, बैठने इत्यादि की व्यवस्था होगी।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय हेतु कृषक बन्धुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल द्बष्ह्य.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ अथवा विभाग के मोबाइल एप ह्वश्च ढ्ढद्बह्यड्डठ्ठ द्बद्बह्लल्ड्ड पर पंजीयन कराना जरूरी है। पंजीकृत किसानों से ही धान क्रय किया जायेगा। धान विक्रय के लिए इच्छुक कृषक खरीद शुरू होने से पूर्व ही पंजीकरण करायें एवं न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूँ व धान खरीद हेतु पूर्व में पंजीकरण करा चुके कृषकों को धान विक्रय हेतु पुन: पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है, परन्तु उक्त पंजीकरण को संशोधित कर पुन: लॉक कराना होगा। यदि कृषक पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो जनपद में स्थापित कन्ट्रोलरूम नं. 6396239116 या सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया 01 जुलाई, 2023 से शुरू है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कृषक बन्धुओं से अपील करते हुए कहा कि अपने पंजीयन समय से कर लें क्योंकि पंजीयन के बाद तहसील स्तर पर प्रत्येक कृषक पंजीयन के सत्यापनोपरान्त ही कृषक धान विक्रय का पात्र होगा।धान विक्रय के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। कृषक भाई पंजीकरण के लिए वर्तमान मो.नं. ही अंकित करायें, स्स्र्ह्र द्वारा प्रेषित ह्रञ्जक्क भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें। कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना जरूरी है। धान के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में करने की व्यवस्था है। कृषक बन्धुओं से धान खरीद क्रय केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक प्वाइंट ऑफ परचेज (श्व-क्कह्रस्) के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करते हुए की जायेगी। प्रत्येक क्रय केन्द्रों पर डीएम द्वारा कृषकों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए प्रत्येक क्रय केन्द्रों पर पर्यवेक्षणीय अधिकारियों, कर्मचारियों की नियुक्ति की जायेगी। यदि किसी केन्द्र प्रभारी द्वारा कृषकों के साथ धान विक्रय में किसी भी प्रकार का समस्या उत्पन्न करता है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी। क्रय केन्द्र की मिलों से सम्बद्धीकरण की जानकारी देते हुए डिप्टी आरएमओ संतोष पटेल ने बताया कि प्रत्येक धान क्रय केन्द्र का मिलों से सम्बद्धीकरण डिप्टी आरएमओ एवं सम्भागीय खाद्य नियंत्रक की संस्तुति पर डीएम द्वारा किया जायेगा। डिप्टी आरएमओ जिले में कार्यरत एजेंसियों से विचार-विमर्श कर जनपद में स्थापित जियो टैग्ड क्रय केन्द्रों एवं चावल मिलों के डाटाबेस के आधार पर धान कुटाई हेतु रजिस्टर्ड एवं सत्यापित चावल मिलों की साख, उनके पूर्व कार्य व्यवहार का परीक्षण कर सम्बद्धीकरण हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, लखनऊ सम्भाग के अनुमोदनोंपरान्त डीएम के माध्यम से कराया जायेगा।

## दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु शिविर का हुआ आयोजन

**डीह।** दिव्यांग बच्चों के यू. डी. आई. डी. (दिव्यांगता प्रमाणपत्र ) निर्गत करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत समेकित शिक्षा इकाई द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र डीह में मेडिकल असिसमेंट शिविर का आयोजन किया गया शिविर में डॉ. डी. पी. सरोज अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. नीलम सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रदीप कुमार मनोचिकित्सक व रूबी चौधरी सहायक ऑडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। चिकित्सीय टीम द्वारा परिषदीय विद्यालयों के भिन्न - भिन्न अक्षमताओं से ग्रसित दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगतावर परीक्षण किया गया कैम्प की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी डीह बृजलाल ने किया शिविर का व्यवस्थापन व संचालन विशेष शिक्षक बृजेश यादव द्वारा किया गया शिविर में कुल 39 बच्चों का परीक्षण किया गया। विशेष शिक्षक बृजेश यादव ने अभिभावकों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र की उपयोगिता व दिव्यांग बच्चों को शासन स्तर से मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी शिविर को संपन्न कराने में शिवनंदन वर्मा, राजेश शुक्ला विशेष शिक्षक व आरती यादव फीजियोथेरेपिस्ट ने अहम भूमिका निभायी।

# भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने किया विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सीएचसी** मितौली में मंगलवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला स्तरीय टीम द्वारा मरीज को उपचार व दवाएं वितरित की गई। विशाल मेगा कैंप का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा वर्मा द्वारा किया गया इस दौरान उनके साथ कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर करने पर काम कर रही है। सामान्य बीमारियों जैसे ही आज मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जबकि पहले की सरकारों में ऐसा नहीं हुआ। आज लोगों को खास कर ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को झाड़ फूंक व ओझा हकीम से दूर रहकर मानसिक बीमारियों के इलाज को करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और इसके लिए डॉक्टर की टीम जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर अपनी सेवाओं को दे रही है उनके द्वारा हेल्थ वेलनेस सेंटर बबूना का भी शुभारंभ भी किया गया।

विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर में जिला पुरुष अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा कैंप में मरीजों को देखा गया। इस दौरान उनके साथ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और एनसीडी की टीम सहित सीएससी के डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने इस दौरान कहा कि मानसिक रोग जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मों का अभिश्राप , सिर मे दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड फूक, उपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन आदि विषय पर जागरूक किया गया और बिना किसी झिझक के टीम के सामने आकर इलाज कराने और समाज मे व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ द्वारा मितौली क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स, अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित कर बिमारी व उपचार के बारे मे विस्तार से बताया गया और परामर्श दिया गया। साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जिला पुरुष अस्पताल के कमरा नं. 02 मे दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को ओ.पी.डी. के समय 8 बजे प्रात: से 2 बजे अपरान्ह और हेल्पलाइन नं. 9120984643 और मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस टोल फ्री न.14416 (24म7) पर कोई समस्या होने पर सम्पर्क कर सकते हैं। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से विमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज का परामर्श दिया गया। साथ ही सामु.स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को आने का सलाह दिया गया। शिविर मे 470 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 110 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा साईक्रेटिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा प्रदान की गई। स्तुति कक्कड़ नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा 14 मरीजों का मानसिक परीक्षण किया गया और बुद्धिमत्ता की जाँच की गई। एनसीडी काउंसलर राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा काउंसलिंग की गई और स्टाफ नर्स अमृता शुक्ला द्वारा 77 मरीजों की ब्लड शुगर और बीपी की जाँच की गई। शिविर मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मितौली से अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह एवं डॉ शोएब, डॉ रेनू, डॉ विपनेश, डॉ केके भार्गव, डॉ शिप्रा, डॉ अखिलेश खरे, डॉ राजेश एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## दबंगो की पिटाई से भाजपा नेता की पत्नी का हुआ गर्भपात

**बरेली।** जमीनी विवाद के चलते दबंगों ने एक भाजपा नेता पर हमला कर दिया शोर सुनकर बचाने पहुंची उसकी गर्भवती पत्नी के साथ भी मारपीट की गई जिससे वह घायल हो गई और इलाज के दौरान उसका गर्भपात हो गया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला चक्र मोहम्मद निवासी भाजपा नेता सारिक पुत्र साबिर की पत्नी फिज़ा का दबंग की पिटाई से गर्भपात हो गया उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया भाजपा नेता ने सारिक ने बताया कि उसका मोहल्ले के ही रहने वाले साजिद से जमीनी विवाद चल रहा है इसी रंजिश के चलते साजिद ने अपने साथी सकलानी, रईस, सब्बीर, इदरीस, भूरा, नजीब के साथ मिलकर उसे रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर सभी ने उसके साथ मारपीट शुरू हो कर दी शोर सुनकर उसकी गर्भवती पत्नी फिज़ा उसे बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई इसी दौरान साजिद ने उसके पेट में लात मार दी जिससे वह घायल हो गई और जमीन पर गिर पड़ी उसे जमीन पर गिरता देख सभी हमलावर फरार हो गए उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया फिज़ा भाजपा के टिकट पर पार्षद पद का चुनाव भी लड़ चुकी है घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई जिसने आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी

# फसल अवशेष ना जलाने का ले संकल्प : जिलाधिकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**फसलों** के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नित नए प्रयास करते हुए किसानों को जागरुक कर रहे हैं। डीएम ने कहा कि कई किसान भाई जानकारी के अभाव में फसल अवशेष जैसे धान की पराली, गन्ने की पत्ती आदि जला दे रहे है, इससे फसल अवशेषों को जलाने से वातावरण पर दुष्प्रभाव पड़ने के साथ अन्य कई प्रकार की हानियां हो रही है।

डीएम ने फसल अवशेष जलाने से होने वाली हानि बताते हुए कहा कि आपके स्वयं की खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। मिट्टी में रहने वाले केचुएं मर जाते है। फसलों के लिए उपयोगी जीवाणु मर जाते है।

फसल अवशेष में उपलब्ध पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाता है। पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है जो लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होने लगती है, सांस लेने में दिक्कत होती है। विशेषकर अस्थमा के मरीजों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाड़े के मौसम में पराली के धुएं से धुंध जैसा बन जाता है, जिससे पौधों में प्रकाश से पोषण के द्वारा भोजन करने में हेतु पर्याप्त मात्रा में प्रकाश नहीं मिल पाता परिणाम स्वरूप फसलों का उत्पादन प्रभावित होता है। फसलोंत्पादन पूरी लागत लगाने के बाद भी वातावरण की धुंध के कारण उत्पादन कम होता है। किसान भाई फसल अवशेष जलाने के बजाए उसे मिट्टी में मिला दें, इससे मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। मृदा में केचुआ जीवाणओं की संख्या बढ़ती है, जो फसलों के लिए लाभ दायक है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक किसान यंत्र क्रय कर सकते है। स्वयं का तथा आसपास के किसानों को फसल प्रबन्धन में सहयोग कर सकते है। कृषि विभाग द्वारा डी-कम्पोजर नि:शुल्क दिया जा रहा है, जिसका प्रयोग करके फसल अवशेष को जल्द से सड़ाकर खाद बनायी जा सकती है। फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए विभिन्न कृषि यंत्र जैसे-मल्चर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्राचापर आदि उपलब्ध है। जो ग्राम पंचायत, गन्ना समिति तथा पंजीकृत किसान समितियों के पास उपलब्ध है जहाँ से किराये पर लेकर फसल अवषेष को मिट्टी में मिल से कार्य आसानी से खाद बना सकते है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अपनी ग्राम पंचायत में जिन किसानों के द्वारा हार्वेस्टर/रीपर से फसल की कटाई की जा रही या गन्ने की पत्ती का अवशेष उपलब्ध है, उनको प्रेरित करके खेत में ही प्रबन्धन करायें।

## छह सितंबर को खीरी आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन

- 11 से 02 बजे के बीच कलेक्ट्रेट में होगी जनसुनवाई, मौजूद रहेंगे जनपदीय अफसर

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब 06 सितंबर को प्रात: 11 बजे से लेकर अपरान्ह 02 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी। आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग से एवं उच्च कोटि की संवेदनशीलता के साथ आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाएगा। इस आयोजन में जिलाधिकारी, जनपद के सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वंय मौजूद रहेंगे।

# शिक्षक दिवस : गुरुजनों को मिला सम्मान, मुख्यमंत्री कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बुधवार** को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में %शिक्षक दिवस% पर जनपद स्तर पर शिक्षक पुरस्कार के लिए卐बेस्ट स्कूल ऑफ़ द वीक卐 मुहिम में चयनित 46 विद्यालयों के हेडमास्टर का भव्य सम्मान समारोह का कलेक्ट्रेट में हुआ। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण भी हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. ईरा श्रीवास्तव, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल सिंह, सांसद प्रतिनिधि अंब्रीश सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर तथा मॉ. सरस्वती तथा पूर्व राष्ट्रपति, विद्धान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि शिक्षा देश के पीएम नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षा ही विकास की कुंजी है। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ छात्र को व्यवहारिक एवं तकनीकी रूप से भी दक्ष किया जाय।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम के माध्यम से सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में गुरू को बहुत बड़ा दर्जा प्रदान किया गया है। कहा कि मात्र किताबी ज्ञान देने वाला व्यक्ति के साथ-साथ किसी भी क्षेत्र में व्यक्तित्व निखारने वाला हर व्यक्ति शिक्षक (गुरू) की श्रेणी में आते हैं। डीएम ने शिक्षकों का आहवान किया कि बच्चें को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें अच्छे संस्कार भी दे।

अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव ने कहा कि सभ्य समाज की संरचना में शिक्षक का बहुत ही अहम योगदान रहता है। शिक्षक ही है जो शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में संस्कार का प्रवाह करता है। किसी भी समाज को अनुशासित एवं दक्ष बनाने के लिए शिक्षक का मार्गदर्शन उसकी दशा एवं दिशा दोनों तय करता है। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक किसी भी छात्र मात्र का शिक्षक ही नहीं बल्कि अभिभावक भी है। उन्होंने राज्य स्तर व जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि दूसरे शिक्षक भी आप लोगों से प्रेरणा लेकर आगामी वर्षों में पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत में बीएसए प्रवीण तिवारी ने कार्यक्रम की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताइ। आज सम्मानित होने वाले शिक्षक अभिनव पहल बेस्ट स्कूल ऑफ़ द वीक के तहत चयनित विद्यालयों के गुरुजनों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जा रहा। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जीएस पांडेय, बीईओ नगर क्षेत्र, बड़ी संख्या में शिक्षक गण मौजूद रहे।

### सीएमपीएस के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला को डीआईओएस ने किया सम्मानित

**लालगंज, रायबरेली।** मंगलवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चन्द्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला को जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली ओमकार राणा द्वारा शिक्षा के उन्नयन हेतु किए गए प्रयास हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सीएमपीएस स्कूल और उसके प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला के प्रयास सराहनीय है।उनके अथक प्रयास की वज़ह से विद्यालय आज शिखर पर है व क्षेत्र की हजारों जनता लाभान्वित हो रही है। बताते चले कि सीएमपीएस स्कूल लालगंज तहसील क्षेत्र का शिक्षा के क्षेत्र का जाना माना संस्थान है। क्षेत्र के हजारों बच्चे कम शुल्क में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जिसका श्रेय कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला को जाता है।

## उर्स-ए-अमीन-ए-शरीअत पर सुविधाएं उपलब्ध कराने, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की

संवाददाता। बरेली

**10,11** और 12 सितंबर को बरेली शरीफ में 105 वें उर्स-ए-रजवी की महफिल सजेगी। इस मुबारक मौके पर देश-विदेश से भारी तादाद में जायरीन बरेली शरीफ पहुँचेंगे, लिहाजा उनकी संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की सुविधाएँ दुरुस्त रखने और बढ़ाने की व्यवस्था की जाए। इस संबंध में ऑल इंडिया रजा एक्शन के नबीरा-ए-आला हजरत नायब सदर मौलाना अदनान रजा कादरी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष इमरान रजा बरकाती और कमेटी के प्रवक्ता अब्दुल हलीम खा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया । बरेली में स्मार्ट सिटी का काम चल रहा है और उसके कारण जगह-जगह सड़कें और चौराहे खुदे पड़े हैं इसलिए ऐसी सभी जगहों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं।बिजली सप्लाई का बुरा हाल है। कई सबस्टेशनों पर बड़े ट्रांसफॉर्मरों की हालत जर्जर है। उर्स के तीनों दिन बिजली व्यवस्था दुरुस्त रहे । दरगाह तथा उर्स स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था, इस्लामिया मैदान और जामियातुर्रजा स्थित उर्स स्थलों के पास उपयुक्त संख्या में अस्थायी शौचालय बनवाए , उर्स स्थल व बरेली के आसपास के जिलों को जोड़ने वाली सड़कों को दुरुस्त रखा जाए ताकि जायरीन को किसी तरह की परेशानी न हो।जिला अस्पताल में विशेष प्रबंध किए जाएं ताकि चिकित्सा सेवाएं प्रभावित न हों। मथुरापुर में भी उर्स-ए-आला हजरत मनाया जाता है, जिसमें भारी संख्या में जायरीन शामिल होते हैं। वहाँ भी बिजली, पानी, साफ-सफाई, मेडिकल कैम्प, सुरक्षा आदि की व्यवस्था की जाए। कांकर टोला स्थित ख़ानकाहे अमीन-ए-शरीअत में मनाया जाता है जिसमे बड़ी तादाद में जायरीन शिरकत करते हैं ख़ानकाहे अमीन- ए- शरीअत के पास रोड व ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए , जंक्शन से सुभाषनगर थाने के सामने से जो रोड चौपुला होते हुए उर्स स्थल इस्लामिया की तरफ आ रहा है, वहाँ रात के समय लाइट न होने से दुर्घटना और आपराधिक घटनाओं का अंदेशा रहता है। इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की विशेष व्यवस्था की जाए।

## क्विक न्यूज

### विवाहिता को पति और ससुरालियों ने पीटा

**बरेली।** पति से हुए मामूली विवाद के बाद विवाहिता को उसके पति और ससुरालियो ने पीट कर घायल कर दिया ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला छावनी निवासी आशी को आज सुबह उसके पति जीशान सास सैयदा और नन्द ने पीट कर घायल कर दिया आशी ने बताया कि उसका विवाह 24 दिसंबर सन 2020 में जीशान से हुआ था उसका मायका भी किला क्षेत्र में है उसने बताया कि पति उससे उसका अक्सर झगड़ा करता है आज सुबह भी उसक पति से झगड़ा हो गया गुस्साए पति ने अपनी मां और बहन के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गई घटना की सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी ।

### खेत पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**बरेली ।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने खेत पर ही फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह खेत में लगे पेड़ पर उसका शव लटका मिला सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।थाना फरीदपुर के गांव बिलारी का रहने वाला 42 वर्षीय गंगा साहब के रिश्तेदार ने बताया कि कल देर रात खाना खाकर खेत पर टहलने की बात कह कर घर से बाहर गए थे देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंछा तो परिवार के लोगों ने उनकी खोजें शुरू कर दी लेकिन उनका कोई पता नहीं लगा सुबह गांव के ही रहने वाले महिपाल के खेत में नीम के पेड़ से गमछे के सहारे उनकी लाश पेड़ से लटकी हुई मिली मौके पर पहुंचे परिवार बालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया परिवार के लोगों ने किसी से भी रंजिश से इंकार किया मृतक अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी को छोड़ गया गया

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बरेली ।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया उपचार के दौरान उसने आज सुबह दम तोड़ दिया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना क्योलड़िया के गांव अंबरपुर निवासी 45 वर्ष रामस्वरूप के घरवालों ने बताया की 29 अगस्त को वह बरेली से मजदूरी करके बाइक से घर को जा रहे थे तभी बाजार के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज सुबह उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव की कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### साबरी झंडे का जोरदार तरीके से किया स्वागत, पुलिस रही मौजूद

**बरेली ।** फतेहगंज पश्चिमी में साबिर पाक के 755वें सालाना उर्स के सिलसिले में हर साल की तरह इस साल भी बरेली से साबरी झंडे का काफिला उत्तराखंड कलियर के लिए रवाना हुआ। पहले की तरह इस साल भी साबरी झंडे का स्वागत और रात्रि विश्राम का इंतजाम कस्बे मे किया गया। पिरान कलियर स्थित दरगाह साबिर पाक के सालाना उर्स में हर साल सैकड़ों लोग जत्थे के रूप में बरेली से पैदल झंडा लेकर आते है। यह जत्था सूफी वसीम मियां साबरी की सरपरस्ती में बरेली से रवाना हुआ जोकि कलियर पहुंचेगा। फतेहगंज पश्चिमी पहुंचने पर झंडे के साथ आए अकीदतमंदों का फूल मालाओं के साथ शेखू साबरी, इरफान साबरी, आकिब साबरी,शाकिर साबरी, शाहिद साबरी, मोइनउद्दीन साबरी, आबिद साबरी असद अंसारी आदि लोगों ने स्वागत किया। सुरक्षा के मद्देनजर इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार चौकी प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह मुस्तैद रहे।

### आर्थिक तंगी के चलते युवक ने क्या आत्महत्या का प्रयास

**बरेली ।** आर्थिक तंगी के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया पत्नी ने उसे देख लिया और फंदे से उतार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है । थाना बिथरी चौनपुर के गांव हरताल निवासी 35 वर्षीय शेखर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया घर वालों ने बताया कि रोजगार न मिलने से वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा है उसकी पत्नी लक्ष्मी ने बताया वह इस बात को लेकर काफी परेशान था बीती रात उसने दुप्पटे को छत के कुंड से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया इस दौरान उसकी पत्नी ने उसे देख लिया और परिवार की मदद से फांसी से उतार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई।

### 05 हेल्थ एण्ड वैलनेस सेण्टर का मिला सौगात

**मिर्जापुर।** प्रदेश सरकार की ओर से इस माह की शुरूआत में ही जिले को पांच हेल्थ एण्ड वैलनेस सेण्टर की सौगात दी है। इस आशय की जानकारी शहरी स्वास्थ्य समन्वयक पंकज कुमार ने एक बैठक के दौरान दी। जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक ने बताया कि जिले को प्रदेश स्तर से शहरी क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में राहत देने के लिए पांच हेल्थ एण्ड वैलनेस सेण्टर का सौगात दिया है और ये चुनार में 02, अहरौरा में 02 व कछवा 01 हेल्थ एण्ड वैलनेस सेण्टर बनाया की मंजूरी मिल गई है इसके अलावा नगपालिका क्षेत्र में 01 पांली क्लीनिक को भी संचालित करने का स्वीकृति मिल गया है।

## 105वें उर्से रजवी के अवसर पर 105 छात्र छात्रों को फ्री शिक्षा दी जाएंगी

संवाददाता। बरेली

**कक्षा** 6 से कक्षा 12 तक के 105 छात्र छात्रों की पढ़ाई और एडमिशन फ्री होगी,ठिरिया निजावत खाँ स्थित मास्टर बन्ने खाँ इंटर कॉलेज के प्रबंधक हाजी फैजान खाँ कादरी ने बताया कि जिन बच्चों को कक्षा 6 से कक्षा 12 तक कि शिक्षा और एडमिशन फ्री दी जाएगी,एडमिशन कराने कराने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर 2023 तक हैं, जिन बच्चों को एडमिशन चाहिये है वह समय रहते इसका लाभ ले सकते हैं।बिहार कलां स्थित मदरसा तालीमुल इस्लाम गरीब नवाज में आज शहर के जिम्मेदार लोगों की बैठक की गई,बैठक में 105 बच्चो को फ्री एजुकेशन देने का फैसला लिया गया।इस मौके पर हाफिज इमरान रजा बरकाती ने कहा कि आला हजरत इल्म का समुद्र हैं,हर बच्चा पढ़े लिखे हमारा यह ही लक्ष्य है।

बैठक में जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कामयाबी को हासिल करने के लिये शिक्षा हासिल करना जरूरी हैं, फजूल खर्चो से बचो,अपने बच्चों को पढ़ाओ।बैठक में पम्मी खान वारसी,हाफिज इमरान रजा बरकाती,हाजी फैजान खाँ कादरी,प्रधानाचार्य मोहम्मद सलीम अजहरी,रजा ए मदीना के एमडी मुशाहिद रजा,शादाब रजवी, मोहम्मद यासीन, सलीम, हसीन, हाजी साकिब रजा खाँ, हाजी यासीन कुरैशी,हाफिज अरशद रजा, आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

संवाददाता। बरेली




**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आज डॉ दिनेश शर्मा के नेतृत्व 18 सूत्रीय मांगो को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को जल्द पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया मांग की उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण अधीन स्कूल में शिक्षकों को 1 अप्रैल 2005 से कार्य कर रहे शिक्षकों को पुरानी पेंशन लागू की जाए राज्य कर्मचारियों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कार्य कर रहे हैं शिक्षकों को 10 लाख तक का बीमा कराया जाए, बेसिक शिक्षकों के अंतर्जनपदीय या गैर जनपदों में स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता रखी जाए और न्यूनतम सेवा की शर्तों को समाप्त किया जाए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में 1 अप्रैल 2005 से पूर्ण चयनित जिनकी नियुक्ति अप्रैल 2005 के बाद की है उनका पुरानी पेंशन दी जाए, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ाई 8रू00 से 2रू00 तक की जाती है जबकि सीबीएसई और एनसीईआरटी के विद्यालयों में 5 घंटे की पढ़ाई की जाती है बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय की पढ़ाई की जाए, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय में पढ़ने वाले शिक्षकों का वेतनमान 48 सौ रुपए लेवल 8 है जबकि प्रोन्नति के समय 4600 रुपये और लेवल 7 दिया जाता है शिक्षकों ने कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद में कार्य कर रहे हैं दिव्यांगों का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है उनका भुगतान कराया जाए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, उत्तर प्रदेश प्रदेशीय शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को यथा शीघ्र पूरा करने की मांग की है।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं से की मारपीट

**बरेली।** मामूली विवाद के बाद दबंगो ने घर में मौजूद महिलाओं पर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई ।शीशगढ़ थाने के गांव जाफरपुर निवासी आसिफकी मां छोटी पत्नी शमा और भांजी अर्शी को आज सुबह पड़ोस मे हीं रहने वाले सरताज, अफसरी और उसके दामाद फुरकान ने घर में घुसकर लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया आरसिफने बताया कि कल शाम को उसकी भांजी अर्शी का पड़ोस में रहने वाले सरताज की पत्नी से मामूली बात पर विवाद हो गया जिससे नाराज सरताज और उसके घर वालों ने आज सुबह उसके घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे उसकी मां पत्नी और भांजी घायल हो गई शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे जिन्हें देखकर हमलावर फरार हो गए घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई है

# शिक्षक दिवस पर गुरुजनों को किया गया सम्मानित

●समाज निर्माता की भूमिका निभाते हैं शिक्षकः डीएम

●राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान-अनिल प्रधान

संवाददाता। चित्रकूट



**भारत** के द्वितीय राष्ट्रपति महान शिक्षाविद दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस में विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चंद द्विवेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की मौजूदगी में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर सभागार में शिक्षक दिवस पर अशोक कुमार, सर्वजीत सिंह, रविंद्र सिंह, देवेंद्र कुमार तिवारी, राकेश कुमार गुप्ता, आशीष कुमार चौरसिया, अरुण कुमार रजक समेत 30 शिक्षक, अनुदेशक व शिक्षामित्र को शिक्षक सम्मान समारोह में साल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि शिक्षक, छात्र व अभिभावकों का जीवन बनाते हैं। शिक्षक राष्ट्र निर्माता के रूप में समाज निर्माता के रूप में अहम भूमिका निभाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया है। इस क्षेत्र में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी ने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। शिक्षक सम्मान समारोह का संचालन साकेत बिहारी ने किया।

## शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह



**जालौन, उरई।** भारत सरकार के प्रथम उप राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में नगर के विभिन्न विद्यालयों में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर शिक्षकों ने उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। शिक्षक समाज को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। भारत के पूर्व राष्ट्रपति व शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को नगर के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालयों में छात्र, छात्राओं ने शिक्षक, शिक्षिकाओं को डायरी, पेन, फूल आदि भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। नगर के सेठ वीरेंद्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैलाशी देवी श्रवण कुमार महाविद्यालय, कन्हैयालाल विष्णुचरण महाविद्यालय, महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी, आदि में डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर 15 शिक्षकों को सम्मानित किया गया



**हमीरपुर।** आज शिक्षक दिवस के अवसर पर स्थानीय मीटिंग हाल में अच्छा कार्य करने वाले 15 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके पहले सीएम द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार वितरण का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने शिक्षकों के महत्व के बारे में बताया। सम्मानित शिक्षकों में सुमन आर्या, अरुण सिंह, मंजीता, जयप्रकाश नारायण, पूजा सचान, राजकुमार, पीयूष कुमार, रुपेंद्र विवेक, सीताराम, नवीन, रवि, प्रतीक्षा, पवन, महेंद्र, अर्चना, संघप्रिया कुमकुम, वरुण यादव, अशोक पाल, रामकृष्ण शुक्ला आदि शामिल रहे। इसी प्रकार कायाकल्प के तहत सहयोग करने वाले ग्राम प्रधानों में विनोद निषाद,धर्मेंद सिंह,आरती,प्रदीप,चरन सिंह,ईशु राजपूत आदि लोग शामिल रहे। नगर शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम ने बताया कि कार्यक्रम के बाद 58 विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित किया गया।

# पतियों पर लगे दुष्कर्म के आरोप के खिलाफ पत्नियां सड़क पर उतरीं

●डीएम और एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

●अवस्थी परिवार के समर्थन में सैकड़ों लोग आए सड़क पर

संवाददाता। उरई, जालौन



**बीते** दिनों नगर के विद्यालय प्रबंधक एवं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष भास्कर अवस्थी और उनके भाई तथा पुत्र के ऊपर महिला द्वारा लगाए गए दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ आज मंगलवार को प्रबंधक और उनके भाई तथा पुत्र की पत्नियों ने आरोप को झूठा बताते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जहां एक और अपना रोष जताया अवस्थी परिवार के ऊपर लगाए गए आरोप के मामले की सघन जांच करने की मांग की।

बताते चलें कि श्रीमती ज्योति सविता पत्नी अनिल कुमार निवासी गांधीनगर थाना उरई कोतवाली जिला जालौन ने बीते दिनों पुलिस को दिए शिकायती पत्र में भास्कर अवस्थी पुत्र गोविंद नारायण अवस्थी प्रभाकर अवस्थी और प्रशांत अवस्थी पर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया था इसके विरोध में आज डॉक्टर अर्चना अवस्थी पत्नी प्रभाकर अवस्थी, डॉक्टर साधना पत्नी डॉक्टर भास्कर अवस्थी, श्रीमती सौम्या पत्नी प्रशांत अवस्थी ने उक्त मामले में सैकड़ो समर्थकों के साथ जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की।

उनका कहना रहा कि उनके पतियों के ऊपर लगाया गया आरोप निराधार और भी बुनियाद है उक्त महिला ने जिन-जिन तारीखों में दुष्कर्म की बात कही है उन तारीखों में उनके पति नगर में ही मौजूद नहीं थे जिस बात के साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं यदि मामले की सगन जांच कराई जाती है तो वास्तविकता सामने आ जाएगी

# डॉ. राधाकृष्णन को याद कर बड़ी धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**फतेहपुर।** देश के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षक दिवस जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न विद्यालयों में पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर जहां श्रद्धासुमन अर्पित किए वहीं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किए। शहर के चित्रांशनगर स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने गुरूजनों को उपहार भेंट किए। इस मौके पर डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव, प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव सहित तमाम शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इसी तरह सेंट मेरीज स्कूल में छात्रों ने शिक्षक दिवस उल्लास व जोश से मनाया। मंच को फूलों और गुब्बारों से सुसज्जित किया। छात्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही उपहार देकर सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। इसी कड़ी में महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय परिषर मे शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालया के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी को तथा इस वर्ष सेवानिवृत्त हुये शिक्षक भूपेंद्र सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी को माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# जिले के 15 शिक्षकों को नेशनल बिल्डर अवार्ड से किया सम्मानित



**उन्नाव।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नॉलेज वैली इंटरनेशनल स्कूल शिव नगर उन्नाव में रोटरी क्लब उन्नाव के द्वारा नेशनल बिल्डर अवार्ड 2023-24 से जनपद के 15 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में डॉ मनोज श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डी ए वी कॉलेज कानपुर, सचिन मिश्रा सहायक शिक्षक, सर सैयद पब्लिक स्कूल उन्नाव, योगेंद्र प्रताप सिंह सहायक शिक्षक जूनियर हाई स्कूल सैदपुर सिकंदरपुर कर्ण, प्रभात सिन्हा सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय उन्नाव, अनिरुद्ध सौरभ सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय हिलौली, सपना सिंह सहायक शिक्षक जूनियर हाई स्कूल रूपऊ , प्रत्यूष मिश्र सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय हसनगंज, डॉ मीनाक्षी गंगवार प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल विद्यालय सोहरामऊ, आदि शामिल रहे। क्लब के सचिव नीरज निगम ने अवगत कराया कि रोटरी क्लब प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस को नेशन बिल्डरर्स अवार्ड से शिक्षकों को सम्मानित करता है।

# समाधान दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने सुनी जनता की फ़रियाद

●योगी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटे चेयरमैन

संवाददाता। चित्रकूट



**नगर** पालिका परिषद कर्वी में नगरीय समाधान दिवस में ढाई सौ फरियादियों की समस्याओं को अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व ईओ ने सुना। समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें विद्युत विभाग की पहुंची। पालिका क्षेत्र के विस्तारित क्षेत्रों में विद्युतीकरण न होने का मुद्दा छाया रहा।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के समक्ष विद्युतीकरण का मुद्दा उठा। कहीं तारें जर्जर हो गई हैं, आए दिन फॉल्ट और तमाम तरह की समस्यायें होती हैं। घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के एसडीओ को समस्या समाधान के कडे निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के भी फरियादी पहुंचे। संबंधित विभागों को सभी पत्रों पर कार्रवाई करके समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने किया पुस्तकालय का लोकार्पण



**चित्रकूट।** डीएम अभिषेक आनन्द तथा सीडीओ अमृतपाल कौर ने आज राजकीय जिला पुस्तकालय का फीता काटकर एवं लोकार्पण कर मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के छात्र-छात्राओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए लाइब्रेरी की स्थापना बहुत जरूरी है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि सीडीओ के माध्यम से नीट, जेईई, पीसीएस, आईएएस आदि तैयारी के लिए नई किताबों की व्यवस्था कराएं, तथा लाइब्रेरी में समाचार पत्र भी मंगवाये जाएं।

## क्विक न्यूज

### डीएम को ज्ञापन सौंप एंबुलेंस कर्मियों को बहाल करने की मांग

**हमीरपुर।** भारतीय मजदूर संघ की स्थानीय इकाई द्वारा मंगलवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांग पत्र सौप कर आपातकालीन एंबुलेंस के बर्खास्त कर्मियों की बहाली किये जाने की जोरदार मांग उठाई। जिला मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा की अगुवाई में संगठन के सदस्यों ने डीएम कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपते हुये कहा कि, एनएचएम के सभी संविदा कर्मियों की बीमा स्थानांतरण वेतन विसंगतियों को दूर किया जाये। आशा संगिनी को न्यूनतम रुपए 18 से लेकर 24 हजार मानदेय निश्चित किया जाये, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को नियमित किया जाये।, पटरी रेहडी दुकानदारों को समुचित स्थान दिये जाने एवं उनका उत्पीड़न बंद किया जाये, ई-रिक्शा ऑटो को स्टैंड दिया जाए एवं पुलिस उत्पीड़न पर रोक लगायी जाए, ई-रिक्शा चालक, ऑटो चालक, धोबी, दर्जी बढ़ई, लोहार एवं कुम्हार को मजदूर की श्रेणी प्रदान की जाए।

### विजय लक्ष्मी को मिला अंतर्राष्ट्रीय संकल्प अवार्ड

**फतेहपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत दिल्ली में सोकरेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय संकल्प अवार्डका आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समर्पण व सकारात्मक योगदान के लिए कार्य करने वाले लोगों को यूनिवर्सिटी की ओर से प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले से समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली विजय लक्ष्मी साहू को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### शेखपुर खुर्द के तालाब में मगरमच्छ से मचा हड़कंप

**जालौन, उरई।** शेखपुर खुर्द स्थित तालाब में मगरमच्छ निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ निकलने की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम दो दिन से मगरमच्छ को पकड़ने के लिए प्रयासरत है लेकिन अभी तक मगरमच्छ पकड़ा नहीं जा सका। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिहारी पड़ैया के मजरा शेखपुर खुर्द में रविवार की शाम कुछ लोग तालाब पर टहलने के लिए गए तो उन्हें तालाब में हलचल दिखी। जब उन्होंने गौर से देखा तो तालाब में मगरमच्छ था। तालाब में मगरमच्छ होने की जानकारी लगते ही गांव में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम को सूचना दी गई लेकिन अभी तक मगरमच्छ पकड़ा नहीं सका है।

# पेज एक का शेष

## इंडिया से...

लेकिन हम विचलित नहीं होंगे। आखिर इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलूसिव अलायंस) के घटक दलों का उद्देश्य क्या है? यह भारत है - सद्भाव, मेलजोल, मेल-मिलाप और विश्वास। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा, हम सभी जानते हैं कि इंडिया ही भारत है, लेकिन दुनिया हमें इंडिया के नाम से जानती है। उन्होंने सवाल किया, अचानक ऐसा क्या बदल गया कि हमें केवल भारत का उपयोग करना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि फासीवादी भाजपा शासन को उखाड़ फेंकने के लिए गैर-भाजपा ताकतें एकजुट हुईं और अपने गठबंधन को उपयुक्त नाम इंडिया दिया। अब भाजपा चाहती है इंडिया को बदलकर भारत कर दिया जाए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा ने ट्रांसफॉर्म इंडिया वादा किया था, लेकिन हम 9 साल बाद देख रहे हैं सिर्फ नाम बदला जा रहा है। ऐसा लगता है कि भाजपा इंडिया शब्द के इस्तेमाल किए जाने से परेशान है क्योंकि वे विपक्ष के भीतर एकता की ताकत को पहचानते हैं। चुनावों के दौरान, इंडिया भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूछा कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया अपना नाम फिर से भारत रखता है तो क्या भाजपा भारत का नाम बदल देगी। विपक्ष पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सवाल किया कि प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया शब्द का उपयोग करने में क्या दिक्कत है क्योंकि देश का नाम तो भारत ही है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस हर चीज को विकृत किए जाने के तौर पर देखती है। कभी वे सनातन धर्म को खत्म करने की बात करते हैं। मुझे नहीं लगता कि इसमें (भारत शब्द के उपयोग में) कोई समस्या है। अगर हम भारत का नाम भारत नहीं रखेंगे तो और क्या करेंगे।' शिक्षा मंत्री प्रधान ने खुद को मिले निमंत्रण की एक तस्वीर साझा करते हुए प्रेसीडेंट ऑफ भारत हैशटैग का इस्तेमाल किया और कहा, 'जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता। जय हो।' भाजपा महासचिव तरुण चुग ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कभी उन्हें वंदे मातरम से दिक्कत होती है और कभी उन्हें राष्ट्रवाद से दिक्कत होती है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा, भारत गणराज्य - खुश और गौरवान्वित है कि हमारी सभ्यता साहसपूर्वक अमृत काल की ओर आगे बढ़ रही है। विश्व हिंदू परिषद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जी20 रात्रिभोज निमंत्रण में भारत शब्द के इस्तेमाल की सराहना की और कहा, 'आइए इंडिया शब्द को भूल जाएं।' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गत एक सितंबर को कहा था कि इंडिया के बजाय भारत शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से इसकी आदत डालने का आग्रह किया। भागवत ने कहा था कि भारत नाम प्राचीन समय से चला आ रहा है और इसे आगे भी जारी रखना चाहिए।

## उदयनिधि के...

एक दिन पहले कई शीर्ष भाजपा नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों ने विवादास्पद टिप्पणियों पर विपक्षी नेताओं की 'चुप्पी' पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि ये टिप्पणियां समाज में तनाव पैदा करने और देश को बदनाम करने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा थीं। पिछले हफ्ते चेन्नई में तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स एंड आर्टिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक में अपने संबोधन में द्रमुक नेता ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू से की और कहा कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए बल्कि नष्ट किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने बाद में दावा किया कि उन्होंने सनातन धर्म के अनुयायियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान नहीं किया था। वहीं कांग्रेस नेता इस मुद्दे पर बंटे रहे। एक वर्ग स्टालिन का बचाव कर रहा था और दूसरा सभी धर्मों के सम्मान का आह्वान कर रहा था, अन्य विपक्षी सदस्य मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक के दौरान मंच साझा करने के कुछ दिनों बाद बयान की निंदा करने के लिए कतार में खड़े हो गए। बैठक में मिलकर चलने और एक साल से कम समय में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयार होने का आह्वान किया गया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह 'सनातन धर्म' से हैं और उन्होंने हर धर्म का सम्मान करने पर जोर दिया। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं सनातन धर्म से हूं। आप में से कई लोग भी सनातन धर्म से हैं। मुझे लगता है कि हमें एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करना चाहिए और इसके खिलाफ गलत नहीं बोलना चाहिए। यह सही नहीं है। सभी को एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करना चाहिए।' टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पहले ही सनातन धर्म के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कह चुकी हैं कि वह खुद भी इसकी अनुयायी हैं। पूर्व न्यायाधीशों और नौकरशाहों सहित 260 से अधिक प्रतिष्ठित नागरिकों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उदयनिधि की 'सनातन धर्म' को खत्म करने वाली टिप्पणी पर संज्ञान लेने का आग्रह किया है। सीजेआई को लिखे पत्र में, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एसएन ढींगरा सहित हस्ताक्षरकर्ताओं ने कहा कि जूनियर स्टालिन ने न केवल नफरत भरा भाषण दिया, बल्कि उन्होंने अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने से भी इनकार कर दिया। पत्र में कहा गया है कि देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बनाए रखने के लिए कार्रवाई की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि 'बहुत गंभीर मुद्दों' पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से कोई भी देरी अदालत की अवमानना को आमंत्रित करेगी। उन्होंने कहा, 'हम सुप्रीम कोर्ट से आग्रह करते हैं कि वह अवमानना का स्वत: संज्ञान लें, तमिलनाडु राज्य सरकार की निष्क्रियता के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें, और नफरत फैलाने वाले भाषण को रोकने, सार्वजनिक व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए निर्णायक कदम उठाएं और हम आपसे अनुरोध करते हैं कि तत्काल उचित कार्रवाई करें।' आरएसएस ने घोषणा की कि यह भारत के विभाजन के साथ-साथ राष्ट्र को खंडित करने का प्रयास था। संघ के विचारक और विचारधारा पर कई पुस्तकों के लेखक जे नंदकुमार ने कहा, 'सनातन धर्म के खिलाफ नरसंहार के आह्वान के गंभीर अर्थ हैं। यह जून में तिरुवनंतपुरम में आयोजित उत्तर-दक्षिण संवाद की निरंतरता में है, जिसका उद्घाटन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया था।

## अनुच्छेद 370...

अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को 2019 में एक संविधान पीठ को भेजा गया था। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के चलते पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था।

## जी-20...

इससे पहले पुलिस ने सोमवार को कहा था कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली जिले में दवाओं को छोड़कर सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाएं बंद रहेंगी। इस बीच दिल्ली पुलिस के अभ्यास के कारण मंगलवार को लोगों को मध्य दिल्ली में यातायात जाम से जूझना पड़ा। यातायात पुलिस ने एक्स पर लिखा, अभ्यास और विशेष यातायात व्यवस्था के कारण, दोपहर दो बजे तक भैरों मार्ग, भैरों रोड - रिंग रोड, मथुरा रोड, सी-हेक्सागन, सरदार पटेल मार्ग और गुड़गांव रोड पर कुछ भीड़ होने की उम्मीद है। यात्रियों को तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी जाती है। इंद्रप्रस्थ पार्क के पास बाहरी रिंग रोड, सी-हेक्सागन और सरदार पटेल मार्ग पर भी मंगलवार को भीड़भाड़ देखी गई। इस दौरान दिल्ली सरकार स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शहर में यातायात जाम को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, उन्हें समझ नहीं आ रहा कि दिल्ली यातायात पुलिस ने क्या किया है। दिल्ली के लोग हर जगह जाम का सामना कर रहे हैं। पुलिस का कामकाज ही एकमात्र ऐसी चीज थी जिसे उपराज्यपाल को संभालना था, लेकिन इससे दिल्ली के आम लोगों को बहुत असुविधा हो रही है।

## बिकरू कांड...

उन्होंने बताया कि अदालत ने इन 23 अभियुक्तों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) राजू पोरवाल ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश की अदालत ने जिन 23 आरोपियों को सजा सुनाई, उनमें गिरोह का मारा गया सरगना विकास दुबे का सहयोगी श्यामू वाजपेयी (35) और विकास दुबे के कथित फाइनेंसर (धन का प्रबंधन करने वाला) जयकांत वाजपेयी उर्फ जय (37) का नाम शामिल हैं। इसके अलावा हीरू दुबे उर्फ धर्मेंद्र (35), जहान यादव (49), दया शंकर अग्निहोत्री उर्फ कल्लू (47), इस्लाम बेग उर्फ बब्लू मुसलमान (40), रामू वाजपेयी उर्फ रवींद्र (35), शशिकांत पांडे उर्फ सोनू (32), शिवम दुबे उर्फ अजीत (24), गोविंद सैनी (35), उमाकांत उर्फ गुड्डन (48), शिवम दुबे उर्फ दलाल (23), धीरेंद्र कुमार द्विवेदी उर्फ धीरू (35), मनीष उर्फ बीरू (28), सुरेश वर्मा (55), गोपाल सैनी (30), शिव तिवारी उर्फ आशुतोष (34), विष्णु पाल उर्फ जिलेदार (48), राम सिंह यादव (35), वीर सिंह उर्फ नन्नू (32), छोटू शुक्ला (31), अखिलेश दीक्षित उर्फ श्याम (33) और राहुल पाल (27) को भी समान सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि बरी किए गए लोगों में अरविंद त्रिवेदी उर्फ गुड्डन (46), सुशील कुमार तिवारी उर्फ सोनू (33), बाल गोविंद (52), राजेंद्र मिश्रा (49), रमेश चंद्र (58), संजय दुबे उर्फ संजू (48) और प्रशांत शुक्ला उर्फ डब्बू (47) शामिल हैं। गौरतलब है कि जुलाई 2020 में कानपुर जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई थी। पुलिस की टीम बिकरू निवासी कुख्यात माफिया विकास दुबे को पकड़ने के लिए उसके घर दबिश देने गई थी। पुलिस का आरोप है कि विकास दुबे और उसके सहयोगियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी करके एक पुलिस उपाधीक्षक समेत आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। पुलिस ने कहा था कि विकास दुबे 10 जुलाई को उस समय एक मुठभेड़ में मारा गया था जब उसे उज्जैन से कानपुर लाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, रास्ते में पुलिस का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और दुबे ने भागने की कोशिश की थी। बिकरू कांड के बाद पुलिस द्वारा शुरू की गई व्यापक तलाशी के बाद, विकास दुबे के दो कथित सहयोगियों प्रेम प्रकाश पांडे और अतुल दुबे को पुलिस ने कानपुर में एक मुठभेड़ में मार गिराया था। पुलिस ने आठ जुलाई को 50 हजार रुपए के इनामी अमर दुबे को हमीरपुर जिले के मौदहा गांव में मार गिराया था। दुबे के दो और कथित सहयोगी- कार्तिकेय उर्फ प्रभात और प्रवीण उर्फ बउवा दुबे - कानपुर और इटावा जिलों में नौ जुलाई को अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए थे।

## मेहमानों को...

पुस्तिका में कई संदर्भ और ऐतिहासिक घटनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने वाले शासकों का उल्लेख भी किया गया है। पुस्तिका में बताया गया है कि अकबर 'समझदार राजा' था, छत्रपति शिवाजी ने 'लोकतंत्र की विरासत' छोड़ी और सम्राट अशोक के शासनकाल में हर पांच साल में मंत्रियों का चुनाव होता था।

# इस्कॉन मंदिर में भगवान कृष्ण के चार दिवसीय जन्मोत्सव का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। उरई, जालौन



**अंतर्राष्ट्रीय** भावना मृत संघ इस्कॉन केंद्र उरई द्वारा स्थानीय कौशल मार्केट राठ रोड पर चार दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का शुभारंभ हो गया यह समारोह 8 सितंबर तक चलेगा। उक्त जानकारी से अवगत कराते हुये मंदिर प्रभारी माधव प्रभु जी ने बताया कि 5 सितंबर की शाम श्रीकृष्ण जन्म कथा के साथ जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ हुआ है। जिसमें 6 सितंबर को हरिनाथ नगर संकीर्तन श्री इस्कॉन का मुख्य आकर्षण एवं विश्व प्रसिद्ध हरे कृष्ण महामंत्र के साथ यात्रा निकाली जायेगी। जबकि 7 सितंबर की शाम 7 बजे से भगवान का दिव्य अभिषेक प्रारंभ होगा और रात्रि 12 बजे भगवान का जन्म एवं महा आरती होगी। इस बीच मंदिर परिसर में सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। वहीं 8 सितंबर को इस्कॉन संस्थापक श्रील प्रभुपाद जी का जन्मोत्सव एवं नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें सभी भक्त अपने गुरू प्रभुपाद को पुष्पांजलि एवं आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद प्रारंभ होगा।

## पंचायत उप चुनाव के लिये पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

**कोंच, जालौन।** पंचायत उप चुनाव में 6 सितंबर बुधवार को पहाड़गांव जिला पंचायत सदस्य और क्योलारी क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए वोट डाले जाने हैं जिसके लिए मंगलवार को सुबह पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। उच्चाधिकारियों की देखरेख में मंगलवार को कंट्रोल रूम बनाए गए एसआरपी इंटर कॉलिज से 84 पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं हैं जबकि 9 पार्टियां रिजर्व रखी गई हैं। इस सीट पर कुल 50 हजार 759 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना प्रतिनिधि चुन सकेंगे। आरओ एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव को बनाया गया है। उधर, नदीगांव ब्लॉक की क्योलारी गांव सभा में क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए होने वाले मतदान के लिए 4 पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं हैं जबकि एक पार्टी रिजर्व रखी गई है। यहां कुल 2 हजार 277 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

# टेंपो और पिकअप की भिड़ंत में दो महिला श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत, नौ घायल

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शमशाबाद** थाना क्षेत्र में आज एक टेंपो और पिकअप के बीच जोरदार भिड़ंत में भोले बाबा श्रद्धालु दो महिलाओं की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई और दोनों बहनों के चालकों समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कासगंज जिले के पटियाली में भोले बाबा के सत्संग से घर वापस लौट रहे नौ श्रद्धालुओं से भरा एक टेंपो आज प्रात करीब 9:30 बजे जिले के शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़ना घमगमा के समाने जब पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार वाली एक पिकअप से जोरदार भिड़न्त होने पर टेंपो में सवार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असगरपुर की निवासिनी एवं भोले बाबा की श्रद्धालु रानी देवी उम्र करीब 55 वर्ष व यही की निवासिनी धनदेवी उम्र करीब 65 वर्ष की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

इस सड़क दुर्घटना में भोले बाबा के श्रद्धालुओं में बीना देवी व विट्टन देवी व गुड्डी व शकुंतला व गीता व लक्ष्मी व काव्या तथा दोनों वाहन चालक जितेंद्र कुमार एव राकेश कुमार समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उपचार के लिए भिजवाया गया। यहां दोनों मृतक महिलाओ के शवो का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिलाअस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

## कारगिल विजय में योगदान लेने वाले जांबाज हवलदार जगराम का निधन

**जालौन, उरई।** कारगिल विजय में योगदान देने वाले जांबाज पूर्व सैनिक हवलदार जगराम सिंह कुशवाहा के निधन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने तिरंगे के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद उनके शरीर को पंचतत्व में विलीन किया गया। भारतीय सेना में इंजीनियर रेजिमेंट में रहे पूर्व सैनिक हवलदार जगराम सिंह कुशवाहा के निधन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन मास्टर सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष सूबेदार मेजर आसाराम, इंडियन वाइट रन आर्गेनाइजेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष जनक सिंह, एबीओ के जिलाध्यक्ष हवलदार आशुतोष प्रजापति एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पूर्व कप्तान अखिलेश ऊमरी स्थित उनके आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने दिवंगत पूर्व सैनिक को तिरंगे साथ श्रद्धांजलि दी। पूर्व सूबेदार मेजर आसाराम ने कहा कि श्रीलंका युद्ध और कारगिल विजय में हवलदार जगराम सिंह कुशवाहा ने उल्लेखनीय योगदान दिया। वह 2012 में सेवानिवृत्त होकर परिवार के साथ रह रहे थे।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक तुष्टीकरण में डूबी रही : शाह

## कहा, मोदी सरकार आदिवासियों, दलितों और गरीबों की सरकार

**भाषा।** मंडला (मप्र)




**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण में डूबे रहने का आरोप लगाया और कहा कि इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आदिवासियों, दलितों, गरीबों और पिछड़े वर्गों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करती है। शाह ने मध्य प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र के मंडला में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए, आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।गृह मंत्री ने कहा, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की तिजोरी पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। कांग्रेस सरकार अल्पसंख्यककरण में डूबी रही। लेकिन जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए तो उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों की सरकार है। उन्होंने कहा, एक ओर कांग्रेस कहती है कि देश की तिजोरी पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। वहीं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि देश के खजाने पर हमारे आदिवासियों एवं गरीबों का अधिकार है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए जल, जंगल और जमीन के अधिकार की सिर्फ बातें की, लेकिन मोदी ने जल, जंगल और जमीन के साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास को जोड़कर आदिवासियों का कल्याण किया। उन्होंने कहा, मैं आज कमलनाथ और मिस्टर बंटाधार (दिग्विजय सिंह) से पूछने आया हूँ... जब कांग्रेस की सरकार थी तब आदिवासी कल्याण के लिए बजट कितना था? शाह ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार में आदिवासियों के लिए 24,000 करोड़ रुपए का बजट था, जबकि मोदी सरकार ने 1.19 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक देश पर राज किया लेकिन किसी आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनाया, जबकि मोदी एवं भाजपा ने गरीब परिवार की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का काम किया है।शाह ने कहा आज हम जनजाति समाज से आशीर्वाद मांगने आए हैं। मिस्टर बंटाधार (दिग्विजय सिंह) मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाकर छोड़ गए थे। 20 साल में भाजपा के तीन मुख्यमंत्रियों ने विशेषकर हमारे शिवराज सिंह चौहान ने इसे बेमिसाल प्रदेश बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने आदिवासी भाई-बहनों के लिए पेसा कानून को धरातल पर उतारा है। शाह ने कहा कि आदिवासी कल्याण के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक नया रास्ता पूरे देश को दिखाया है।

# भारत माता की जय नारा लगाने से रोकने को लेकर कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा पर बिफरी भाजपा

**भाषा।** जयपुर

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा की सदस्य और राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा उस समय विवादों में घिर गई जब उन्होंने यहां एक बैठक में पार्टी सदस्यों को भारत माता की जय का नारा लगाने से कथित तौर पर रोका। भाजपा नेताओं ने आराधना मिश्रा के बयान की निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्र का अपमान ही कांग्रेस का चरित्र है। भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मिश्रा के कथित कृत्य के खिलाफ बुधवार को विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन करने की घोषणा की है। हालांकि, मिश्रा ने इस आरोप को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्होंने व्यक्ति विशेष के समर्थन में नारा लगाने से कार्यकर्ताओं को रोका था।जयपुर के आदर्श नगर ब्लॉक की सोमवार को हुई एक बैठक के दौरान पार्टी पर्यवेक्षक आराधना मिश्रा और शहर पार्टी अध्यक्ष आर आर तिवारी के सामने आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दो गुटों के बीच तकरार हो गई थी।हंगामे के बीच अलग-अलग गुट के नेताओं के समर्थन में नारेबाजी से मिश्रा नाराज हो गईं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि कोई भी व्यक्ति विशेष के पक्ष में नारे नहीं लगाएगा। इस पर कार्यकर्ता भारत माता की जय के नारे लगाने लगे तो मिश्रा ने हस्तक्षेप करते हुए कहा, अगर आपको नारे लगाने का शौक है तो कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाइए। मिश्रा उत्तर प्रदेश के रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी की पुत्री हैं।घटना का एक वीडियो भी सामने आया जिसमें कुछ कार्यकर्ता भारत माता की जय के नारे लगाते तो कुछ हंगामा करते दिख रहे हैं।विवाद पर सफाई देते हुए मिश्रा ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं से केवल व्यक्ति विशेष के पक्ष में नारे नहीं लगाने को कहा था। मिश्रा ने कहा, एआईसीसी पर्यवेक्षक के रूप में मैंने कार्यकर्ताओं को किसी भी व्यक्ति के पक्ष में नारे लगाने से रोका था और कहा था कि केवल पार्टी के पक्ष में नारे लगाए जा सकते हैं। किसी भी बात को गलत तरीके से और मनगढ़ंत तरीके छाप देना .. मुझे लगता है कि यह बिल्कुल बेतुकी बात है। इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि उम्मीदवारी के लिए आवेदन करते समय समर्थक ऐसी बैठकों में अपने नेताओं के पक्ष में नारे लगाते हैं।कांग्रेस नेता के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा, कांग्रेस का डीएनए और सोच दोनों गड़बड़ है। इन्हें भारत माता की जय बोलने से एतराज है, लेकिन गांधी परिवार की गुलामी से नहीं।

## क्विक न्यूज

### नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्यायालय ने मौत की सजा खारिज की

**नई दिल्ली।** एक न्यायाधीश को निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह अपनी आंखें बंद कर लेगा और रोबोट की तरह मूक दर्शक बन जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने एक मामले में निचली अदालत और पटना उच्च न्यायालय की आलोचना करते हुए यह बात कही। पटना उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई थी जिस पर 2015 में उसके घर टेलीविजन देखने आई 11 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने और उसकी गला घोंटकर हत्या करने का आरोप है। मृत्युदंड के फैसले को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर खामियां रेखांकित करते हुए मामले को उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया। शीर्ष अदालत उस व्यक्ति की अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसने लड़की से दुष्कर्म और उसका गला घोंटने के मामले में उसे सुनाई गई मौत की सजा को चुनौती दी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी ने एक जून, 2015 को लड़की से उस समय दुष्कर्म किया था और उसका गला घोंट दिया था जब वह कथित तौर पर बिहार के भागलपुर जिले के एक गांव में उसके घर टीवी देखने गई थी। भागलपुर की निचली अदालत ने 2017 में दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को दोषी ठहराया तथा अपराध को दुर्लभ से दुर्लभतम की श्रेणी का बताकर मौत की सजा सुनाई। पटना उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि के खिलाफ आरोपी की अपील को 2018 में खारिज कर दिया था और मृत्युदंड पर मुहर लगाई थी। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि पूरी जांच में बहुत गंभीर खामियां रही और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट तक नही प्राप्त की गई। उसने कहा, उक्त बात तो छोटी सी बानगी भर है। हमें यह बताते हुए पीड़ा हो रही है कि जांच अधिकारी की ओर से बहुत गंभीर खामी हुई और वह भी एक गंभीर मामले में। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में जांच अधिकारी की एक और गंभीर खामी यह रही कि उन्होंने अपीलकर्ता की किसी चिकित्सक से मेडिकल जांच नही कराई। उसने कहा कि जांच अधिकारी की ओर से इतनी गंभीर खामी पर कोई स्पष्टीकरण नही दिया गया।

### नुसरत जहां को ईडी का समन, प्रतिशोध के टीएमसी के आरोपों को भाजपा ने बताया निराधार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कथित तौर पर बुजुर्गों को ठगने से संबंधित एक मामले में पूछताछ के लिए पार्टी की सांसद और अभिनेत्री नुसरत जहां को जारी प्रवर्तन निदेशालय के समन की आलोचना की है। टीएमसी ने इसे आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी की छवि खराब करने के लिए एकै प्रतिशोधपूर्वकै कदम बताया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस आरोप को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और टीएमसी कीै घबराहट भरी प्रतिक्रियौ पर सवाल उठाया। टीएमसी नेता और राज्य के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा, यह लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति है। वे हम पर और अन्य विपक्षी दलों पर आरोप लगाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। यह समन चुनाव से पहले हमारी छवि खराब करने का एक और प्रयास है। जहां ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वहै जांच में सहयोग करेंगीै। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदू अधिकारी ने प्रतिशोध की राजनीति के आरोपों को निराधार करार दिया। उन्होंने कहा, जब भी ईडी या सीबीआई टीएमसी नेताओं को बुलाती है, तो वे प्रतिशोध की राजनीति पर बात करने लगते हैं। लेकिन वास्तव में, टीएमसी भ्रष्टाचार में गहराई तक डूबी हुई है, और एक भी नेता ऐसा नही है जिसके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप न हों। अगर उन्होंने कोई गलती नही की है तो वे ईडी या सीबीआई के समन से क्यों डरते है। जहां को शहर के न्यू टाउन में फ्लैट देने का वादा करके वरिष्ठ नागरिकों को कथित तौर पर ठगने के मामले में पूछताछ के लिए 12 सितंबर को यहां केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी की जांच बुजुर्गों के एक समूह की हाल की शिकायत से संबंधित है। इस समूह ने एक रीयल एस्टेट कंपनी पर न्यू टाउन इलाके में फ्लैट का वादा कर इन लोगो को ठगने का आरोप लगाया है।

### सजा तय करते समय मामले की परिस्थितियों पर विचार किया जाए : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि भारत में सांविधिक सजा नीति नही है और यह एक बखूबी स्थापित सिद्धांत है कि सजा तय करते समय मामले की परिस्थितियो पर विचार किया जाए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अप्रैल 2019 के फैसले को चुनौती देने वाले एक दोषी की अपील का निस्तारण करते हुए शीर्ष न्यायालय ने उसकी सजा पांच साल से घटा कर तीन साल कर दी। उच्च न्यायालय ने हत्या की कोशिश के 1984 के एक मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उसकी पांच साल जेल की सजा बरकरार रखी थी। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति संजय करोल ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता प्रमोद कुमार मिश्रा की कोई आपराधिक पृष्ठभूमि होने का साक्ष्य नही दिया गया, और यह नही कहा जा सकता कि उसने पूर्व नियोजित तरीके से ऐसा किया होगा। पीठ ने कहा, भारत में, आज की तारीख तक सांविधिक सजा नीति नही है। हालांकि, इस अदालत ने सजा सुनाने के पीछे के उद्देश्य और इस तरह की सजा सुनाने के दौरान ध्यान रखे गए कारकों की पड़ताल की। शीर्ष न्यायालय ने कहा, यह एक बखूबी स्थापित सिद्धांत है कि सजा तय करते समय मामले की परिस्थितियो पर विचार किया जाए। पीठ ने मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि अपराध हुए 39 साल बीत चुके है और निचली अदालत ने दो सह-आरोपियों को बरी कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा, इसलिए, न्याय के हित में और ऊपर उल्लेख किए गए कारको पर विचार करते हुए यह न्यायालय आरोपी की पांच साल सश्रम कारावास की सजा को घटा कर तीन साल सश्रम कारावास में तब्दील करता है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को छह हफ्तों के अंदर 50,000 रुपए का जुर्माना भी भरना होगा, जो शिकायतकर्ता को मुआवजे के रूप में अदा किया जाएगा। अभियोजन के मुताबिक, अगस्त 1984 में इस आरोप के साथ एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी कि मिश्रा सहित तीन लोगों ने एक व्यक्ति पर हमला किया था, जिसने अपनी फसल बर्बाद करने की उनकी कोशिश का प्रतिरोध किया था।

### भारतीय कृषि की बुनियादी और बदलती जरूरतों को पूरा करेंगी स्वदेशी मशीनें

**नई दिल्ली।** देश में तेजी से बढ़ता ब्रांड और महिंद्रा ग्रुप का हिस्सा स्वराज ट्रैक्टर्स ने आज 40 से 50 एचपी श्रेणी में ट्रैक्टरों को उतारा। हरित क्रांति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और भारत के पहले स्वदेशी ट्रैक्टर के लिए प्रसिद्ध नई स्वराज रेंज भारत के कृषि मशीनीकरण को आगे बढ़ाने और भारतीय किसानों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वराज ट्रैक्टर्स के दृढ़ समर्पण का प्रतीक है। नई रेंज भारत के तेजी से बढ़ते और प्रमुख40-50 एचपी ट्रैक्टर सेगमेंट में स्वराज के उत्पाद पोर्टफोलियो की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए तैयार है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर के प्रेसिडेंट हेमंत सिक्का ने टिप्पणी की स्वराज ब्रांड भारतीय किसानों के दिलों पर राज करता है। इस नई ट्रैक्टर रेंज के माध्यम से हम बेहतर मशीनीकरण के लिए नवीनतम सुविधाओं और प्रौद्योगिकी की पेशकश कर रहे हैं। यह रेंज भारतीय कृषि और किसानों को अधिक उपज प्राप्त करने और कम मेहनत करके विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाती है। हरीश चव्हाण मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वराज डिवीजन महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने नए ट्रैक्टरों के लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि इस नई ट्रैक्टर रेंज के साथ हम मौलिक क्षमता, विश्वसनीयता को बढ़ाकर और भविष्य की कृषि यंत्रीकरण आवश्यकताओं के लिए इसे तैयार करके ब्रांड को भविष्य में आगे बढ़ा रहे हैं।

# ग्राहक अपने खातों में वारिस का नाम अद्यतन करें: सीतारमण

## ● वित्त मंत्री ने बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से यह सुनिश्चित करने को कहा

**भाषा।** मुंबई




**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उनके ग्राहक अपने वारिस (नॉमिनी) को नामित करें, जिससे बिना दावे वाली जमा की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी। सीतारमण ने यहां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) में कहा, मैं चाहती हूं कि बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र (सहित) म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार... हर कोई यह ध्यान रखे कि जब कोई अपने (ग्राहक के) पैसे का लेनदेन करता है, तो संगठनों को भविष्य के बारे में सोचना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वे (ग्राहक) अपने वारिस को नामित करें, उनका नाम और पता दें। एक रिपोर्ट के अनुसार, केवल बैंकिंग प्रणाली में 35,000 करोड़ रुपए से अधिक ऐसी राशि है जिसके दावेदार नहीं हैं, जबकि जबकि ऐसी कुल राशि एक लाख करोड़ रुपए से भी अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लोगों को लावारिस राशि की खोज और दावा करने में मदद करने के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल यूडीजीएएम (लावारिस जमा - जानकारी तक पहुंचने का प्रवेश द्वार) की 17 अगस्त को शुरुआत की है। वित्त मंत्री ने कहा कि जिम्मेदार वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना आवश्यक है और एक भी लापरवाही विघटन का कारण बन सकती है, जिससे भरोसे की कमी हो सकती है और वित्तीय दुनिया में संकट पैदा हो सकता है। सीतारमण ने कहा कि कर पनाहगाह देश और पैसे की राउंड ट्रीपिंग जिम्मेदार वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा है। राउंड ट्रिपिंग से आशय किसी कंपनी द्वारा अपने पैसे को विदेश में घुमा-फिराकर देश में वापस लाने से है। उन्होंने कहा, हमें एक जिम्मेदार वैश्विक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए खतरों और उससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में भी समान रूप से बात करनी चाहिए। वित्तीय प्रणाली के समक्ष आने वाले खतरों को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि सीमा से जुड़े खतरे हैं जैसे पारंपरिक युद्ध आदि। फिर साइबर खतरे भी हैं, पहुंच आज बहुत अधिक हो गई है। वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों के देश की मदद करने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि डीमैट खातों की संख्या 2019-20 में 4.1 करोड़ से 2.5 गुना होकर 2022-23 में 10 करोड़ हो गई है। आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या बढ़ने पर उन्होंने कहा कि अगस्त के आंकड़े संकेत देते हैं कि अर्थव्यवस्था अब वास्तव में व्यापक रूप से संगठित हो रही है यह कई अलग-अलग क्षेत्रों तक पहुंच बना रही है।

# पवार ने आरक्षण सीमा और बढ़ाने की मांग की

## महिला आरक्षण विधेयक पर समर्थन देने को कहा

**भाषा।** जलगांव (महाराष्ट्र)

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण पर जारी चर्चा के बीच मंगलवार को मांग की कि केंद्र सरकार आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाए और इसे 15-16 प्रतिशत तक बढ़ा दे ताकि अन्य समुदाय को इसमें शामिल किए जा सकें। राकांपा प्रमुख ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर केंद्र महिला आरक्षण पर विधेयक लाता है, तो उनकी पार्टी इसका समर्थन करेगी। सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय सरकारी नौकरियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहा है। पवार ने मराठाओं को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए मौजूदा आरक्षण में ही जगह देने की कुछ नेताओं की मांग से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, कुछ लोगों का कहना है कि और लोगों (समुदायों) को ओबीसी आरक्षण का लाभार्थी बनाना ओबीसी आरक्षण के गरीब लोगों के साथ अन्याय है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, हमारे पास संसद में केंद्र द्वारा आरक्षण की मौजूदा 50 फीसदी सीमा में संशोधन किए जाने और इसे 15-16 प्रतिशत तक बढ़ाने का विकल्प है। पवार ने कहा कि ओबीसी तथा अन्य समुदायों के बीच कोई फर्क नहीं होना चाहिए। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में सूखे जैसी स्थिर्ति पर पवार ने कहा कि सरकार को मवेशियों के लिए चारा, पेयजल उपलब्ध कराने, फसलों को बचाने के लिए कदम उठाने, किसानों को आर्थिक सहायता तथा सभी प्रकार के राज्य कर निलंबित करने जैसे कुछ कदम उठाने की जरूरत है।

# पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी विवाद: नेकां नेता लोन ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दायर किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**नेशनल कॉन्फ्रेंस** (नेकां) के नेता मोहम्मद अकबर लोन ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामा दायर किया, जिसमें कहा गया कि वह एक सांसद के रूप में भारत के संविधान के प्रावधानों और देश की क्षेत्रीय अखंडता को संरक्षित एवं बरकरार रखने के लिए ली गई अपनी शपथ को दोहराते हैं। शीर्ष अदालत ने सोमवार को लोन को भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेने और देश की संप्रभुता को बिना शर्त स्वीकार करने के लिए एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था, क्योंकि अनुच्छेद 370 को हटाने से संबंधित मामले में संविधान पीठ द्वारा की जा रही सुनवाई के दौरान 2018 में उनके द्वारा जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद नारा लगाए जाने से संबंधित मुद्दा उठने पर बड़ा विवाद पैदा हो गया था। कार्यवाही के अंत में, लोन की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को हलफनामा सौंपा। पीठ ने कहा कि वह इसका अध्ययन करेगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हलफनामे की सामग्री पर आपत्ति जताई। हलफनामे में लोन ने कहा,ै मैं भारत संघ का एक जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक हूं। मैंने संविधान के अनुच्छेद 32 के माध्यम से इस अदालत से संपर्क करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। इसमें कहा गया, मैं संसद सदस्य के रूप में भारत के संविधान के प्रावधानों को संरक्षित और बरकरार रखने तथा भारत की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए ली गई अपनी शपथ को दोहराता हूं। मेहता ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि हलफनामे में जो नहीं लिखा गया है उसे भी ध्यान दिया जाए।



भगवान कृष्ण के बाल रुप में सजकर मटकी को फोड़ने का प्रयास करते बच्चे

### शिक्षक दिवस समारोह में नीतीश लड़खड़ाकर गिरे

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को पटना विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह में लड़खड़ाकर गिर पड़े।सत्तर वर्षीय नीतीश कुमार विश्वविद्यालय में एक पट्टिका की ओर बढ़ते समय अपना संतुलन खो बैठे और लड़खड़ाकर गिर पड़े। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उन्हे सहारा दिया और उन्हे अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद की। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने इस पट्टिका का अनावरण किया था। राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री के तौर पर सेवारत नीतीश कुमार को कोई गंभीर चोट नही आई। बाद में उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है।

### नई तकनीकी से दो-चार होंगे लोग

**मुंबई।** वीवो ने हाल ही में अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन वी 29ई लॉन्च किया है जो कि इस प्राइस सेगमेंट का सबसे पतला अल्ट्रा-स्लिम 7.5 मिमी बॉडी स्मार्टफोन है, साथ ही इसमें 120 एच जेड 3 डी कर्व्ड डिस्प्ले है। स्मार्टफोन में 50 एम पी आई एएफ सेल्फी कैमरा और 64एम पी ओ आई एस नाइट पोर्ट्रेट मैन कैमरा मौजूद है। नया वीवो वी 29ई ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरता है। वीवो ने वी 29ई की स्टाइलिश खूबसूरत और एकदम स्लिम बिल्ड बेहद ख़ास है जो कि वीवो की वी सीरिज़ की विशेषता है। वीवो वी 29ई में मिलती है 120 एच जेड 3 डी कर्व्ड डिस्प्ले के साथ 7०5 मिमी स्लिमए जो इसकी प्राइस रेंज के लिए एक उल्लेखनीय इनोवेशन है। डिवाइस की 120 एच जेड रिफ्रेश रेट एक इमर्सिव विज़ुअल एक्सपीरियंस देती है। वीवो वी 29ई ने एक इंडस्ट्री लीडिंग 50एम पी ऑटो फोकस सेल्फी कैमरा पेश किया है जो इस प्राइस रेंज के लिए काफी अद्भुत है।

### तेलंगाना में भारी बारिश, चार लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में एक लड़के सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक जयशंकर भूपालपल्ली जिले के क्रमश: चित्याल और कटाराम मंडल के गांवों में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक मजदूर थे और घटना के समय खेत में काम कर रहे थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां बाचुपल्ली में चार साल का एक बच्चा नाले में बह गया और उसका शव घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर बरामद किया गया।

# सनातन धर्म पर टिप्पणी कर उदयनिधि लोगों का ध्यान भटका रहे: अन्नाद्रमुक

**भाषा।** कोयंबटूर (तमिलनाडु)



**ऑल इंडिया अन्ना** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव ईके पलानीस्वामी ने मंगलवार को कहा कि सनातन धर्म पर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी केवल लोगों का ध्यान भटकाने के लिए है और उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए नाटक करने का आरोप लगाया। इस बीच युवा मंत्री ने एक संत द्वारा उनके सिर पर इनाम रखे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।पलानीस्वामी ने कहा कि जब भी द्रमुक अपनी विफलताओं के चलते लोगों के निशाने पर होती है तो वह ध्यान भटकाने के लिए ऐसा ही करती है। उदयनिधि की इस टिप्पणी को लोगों का ध्यान भटकाने के तौर पर देखा जा सकता है ताकि बिगड़ती कानून-व्यवस्था, विशेष रूप से बढ़ते अपराध, महंगाई और अन्य मुद्दों पर जवाब देने से बचा जा सके। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक एवं कलाकार संघ की शनिवार को चेन्नई में हुई एक बैठक को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू के बुखार से की थी और कहा था कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इन्हें नष्ट कर देना चाहिए। इसके बाद अयोध्या तपस्वी छावनी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत परमहंस दास ने उदयनिधि स्टालिन का सिर काटने वाले को 10 करोड़ रुपए का इनाम देने की घोषणा की। इसके बाद बाद द्रमुक कार्यकर्ताओं ने अपना गुस्सा व्यक्त करने के लिए वेल्लोर में संत का पुतला जलाया। थूथुकुडी जिले में आज उदयनिधि ने संत के बयान पर प्रक्रिया देते हुए कहा कि 10 करोड़ रुपए की घोषणा एक बड़ी राशि है। उन्होंने व्यंग्यात्मक ढंग से कहा, मेरे बालों को संवारने के लिए 10 रुपए की कीमत वाली कंघी ही काफी है। उन्होंने कहा, अमित शाह (गृह मंत्री) से लेकर (भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष) जेपी नड्डा तक, हर कोई उदयनिधि के बारे में बात कर रहा है। मेरे खिलाफ पूरे भारत में मुकदमा दायर किए जा रहे हैं और अब एक संत ने मेरे ऊपर इनाम रख दिया है। पलानीस्वामी ने कोयंबटूर संवाददाताओं से कहा, यह एक विडंबना है कि राष्ट्रपति चुनाव में वंचित वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ मतदान करने वाली द्रमुक सामाजिक न्याय की बात कर रही है। अब वह सनातन धर्म के विरुद्ध है। अन्नाद्रमुक के बारे में पलानीस्वामी ने कहा कि उनकी पार्टी जाति और धर्म से परे है। पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने पूछा, एम करुणानिधि (पूर्व मुख्यमंत्री) के पोते और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे होने के नाते उदयनिधि खुद की छवि बनाने की कोशिश कर रहे हैं। क्या यह उनकी उपलब्धि है? चेन्नई में अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री डी. जयकुमार ने आश्चर्य जताया कि क्या उदयनिधि सनातन धर्म पर अपनी घृणित टिप्पणियों के लिए पद पर बने रहने के योग्य हैं। सनातन धर्म की तुलना हिन्दू धर्म से करते हुए जयकुमार ने कहा कि एक विशिष्ट धर्म को निशाना बनाना संविधान के खिलाफ है। संत द्वारा उदयनिधि पर इनाम और उसके बाद संत का पुतला जलाने के बारे में किए गए सवाल पर जयकुमार ने कहा, हिंसा कभी भी समाधान नहीं हो सकती।

### भारत या इंडिया: सोशल मीडिया पर चलता रहा मजेदार, चुटीली टिप्पणियों का दौर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से प्रेषित जी20 रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र में उन्हें प्रेसिडेंट ऑफ भारत संदर्भित किए जाने के बाद मंगलवार को सोशल मीडिया पर चर्चा का दौर चलता रहा और लोग इस बात पर चुटीली टिप्पणियां करते रहे कि क्या देश का नाम केवल भारत कर दिया जाएगा। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने सवाल किया कि क्या इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) जैसे संस्थानों के नाम भी बदल दिए जाएंगे। अभिनेता मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम का गीत भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं एक्स पर हैशटैग भारत (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में) के साथ ट्रेंड करता रहा। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने लिखा, सबसे कठिन काम इसरो का नाम बदलकर बिसरो करने के बारे में सोचना है। एक अन्य उपयोगकर्ता ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, बीसीसीआई का पूरा नाम अब भारत कंट्रोलिंग क्रिकेट इंटरनेशनली कर दिया जाएगा। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने एक्स पर लिखा, मै हमेशा से मानता रहा हूं कि ऐसा नाम होना चाहिए जिस पर हमें गर्व हो। हम भारतीय है, इंडिया नाम अंग्रेजो ने दिया और हमारा आधिकारिक नाम भारत किए जाने का लंबे समय से इंतजार था।

# राहुल और ईशान विश्व कप टीम में

## भारतीय टीम का ऐलान

**भाषा।** पालेकल



**फिटनेस समस्याओं** से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है। चयनकर्ताओं ने टीम में सात बल्लेबाजों और चार हरफनमौलाओं को जगह दी है। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने कहा कि राहुल की फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है हालांकि वह एशिया कप में भारत के ग्रुप मैचों के लिए श्रीलंका नहीं गए। राहुल नौ सितंबर से शुरू हो रहे सुपर फोर मैचों के लिए श्रीलंका पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल ने एनसीए में बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग दोनों में अपनी फिटनेस साबित कर दी है। चयनकर्ताओं ने ईशान किशन को दूसरा विकेटकीपर बल्लेबाज चुना है। कप्तान रोहित शर्मा ने हालात के अनुसार अंतिम एकादश में राहुल और ईशान दोनों के चुने जाने की संभावना से इनकार नहीं किया। दोनों के चयन से संजू सैमसन के रास्ते बंद हो गए जो इस समय श्रीलंका में एशिया कप में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर भारतीय टीम के साथ हैं। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने वाले श्रेयस अय्यर को मध्यक्रम में जगह मिली है। सूर्यकुमार यादव को वनडे में खराब फॉर्म के बावजूद तिलक वर्मा पर तरजीह दी गई। टीम में जगह नहीं पा सके खिलाड़ियों के बारे में रोहित ने कहा कि प्रबंधन को कई बार टीम के फायदे में कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। टीम में अपनी जगह के लिए संघर्ष करना बुरी बात नहीं है। चुनौतियां बढती है और चयन कठिन होता जाता है। हमें देखना होता है कि कौन फॉर्म में है और विरोधी टीम को देखते हुए कौन सा खिलाड़ी फायदेमंद होगा। ऐसा हमेशा होता है। क्रिकेट में टीम की जरूरत के अनुसार कठिन फैसले लेने पड़ते हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह , मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे। बुमराह चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद हाल ही में टीम में लौटे हैं। एशिया कप टीम में शामिल तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में जगह नहीं मिल सकी। उपकप्तान हार्दिक पंड्या और शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाजी के विकल्प होंगे। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव , रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल स्पिन का जिम्मा संभालेंगे। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, आफ स्पिनर आर अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में जगह नहीं मिली है। रोहित ने कहा , हमें गेंदबाजी और बल्लेबाजी में गहराई चाहिए जिसका टीम में पिछले कुछ साल से अभाव दिख रहा है। बल्लेबाजी में गहराई की बात करें तो नौवें और आठवें नंबर का क्रम काफी अहम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ठाकुर और अक्षर जैसे खिलाड़ी निचले क्रम पर उपयोगी रन बना सकेंगे जो कई बार निर्णायक साबित होते हैं। विश्व कप पांच अक्टूबर से शुरू होगा जिसमें पहला मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में खेला जाना है। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ अक्टूबर को पहला मैच खेलेगी।

### राहुल फिट है, उसकी मौजूदगी से टीम को बेहतर संतुलन मिलता है: अगरकर



**पालेकल (श्रीलंका)।** मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने केएल राहुल को लेकर बनी अनिश्चितता को दूर करते हुए मंगलवार को कहा कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने फिटनेस के सभी मापदंड हासिल कर लिए है और उनकी मौजूदगी से भारत की विश्वकप टीम को सर्वश्रेष्ठ संतुलन मिलता है। राहुल ने भारत की तरफ से अंतिम मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च में चेन्नई में वनडे के रूप में खेला था। अगरकर ने राहुल की फिटनेस को लेकर संतोष जताया और कहा कि यह 31 वर्षीय खिलाड़ी उस मामूली चोट से उबर गया है जिसके कारण वह एशिया कप के शुरूआती मैचों में नहीं खेल पाया था। अगरकर ने कप्तान रोहित शर्मा की उपस्थिति में विश्वकप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम घोषित करते हुए कहा, केएल (राहुल) फिट है। हमारा मानना है कि उनकी मौजूदगी से हमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सबसे अच्छा संतुलन मिलता है। केएल बेंगलुरु में शिविर का हिस्सा था और वह बहुत अच्छी स्थिति में दिख रहा था। वह चोट से पूरी तरह उबर गया है। उसने (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी- एनसीए में) पिछले दो दिनों में दो मैच खेले। उसने 50 ओवर तक विकेटकीपिंग की और लगभग 50 ओवर तक ही बल्लेबाजी की, इसलिए उसके टीम में होने से हम खुश हैं। ईशान किशन को भी विश्वकप की टीम में चुना गया है और अगरकर ने कहा कि दो बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाजों के होने से टीम को मजबूती मिलेगी।यह हमारे लिए अच्छा सरदर्द है। किशन ने हाल में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शीर्ष क्रम में अच्छा खेलता है। राहुल का वनडे में रिकॉर्ड बेहतरीन है। हमारे पास विकेटकीपर बल्लेबाज के दो बहुत अच्छे विकल्प हैं।

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

### यूएई की गर्मी में वनडे खेलने को लेकर टीमों ने चिंता व्यक्त की थी : जय शाह



**नई दिल्ली।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने मंगलवार को श्रीलंका में एशिया कप के मैचों की मेजबानी के फैसले के पीछे टीमों के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की गर्मी में वनडे खेलने की हिचक और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के शीर्ष पदों पर हुए अचानक हुए बदलावों को जिम्मेदार बताया। शाह ने पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी की हालिया टिप्पणी के बाद इस फैसले का बचाव किया। सेठी ने कहा था कि उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने सुझाव दिया था कि 2023 एशिया कप का आयोजन श्रीलंका के बजाय यूएई में किया जाए। श्रीलंका के कुछ हिस्सों में काफी बारिश हो रही है। शाह ने एक बयान में कहा, एशिया कप 2022 यूएई में टी20 प्रारूप में खेला गया था। यहां इस बात पर जोर देना अहम है कि टी20 टूर्नामेंट की परिस्थितियों की तुलना 100 ओवर (50-50 ओवर) के वनडे प्रारूप से नही की जा सकती है। इस संदर्भ में एसीसी सदस्यों को अपने संबंधित हाई परफोरमेंस टीम से प्रतिक्रिया मिली जिसमें सितंबर के महीने में यूएई में वनडे मैच खेलने को लेकर चिंता व्यक्त की गई थी। इस तरह के कार्यक्रम से संभवतः खिलाड़ियों को थकान हो सकती थी और उनके चोटिल होने का जोखिम बढ़ सकता था, विशेषकर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले।

### कोलंबो में ही होंगे सुपर फोर मुकाबले और फाइनल

**कोलंबो।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मुकाबले और फाइनल मंगलवार को कोलंबो में ही कराने का फैसला किया क्योंकि श्रीलंका की राजधानी में मौसम बेहतर होने के संकेत मिले हैं। कोलंबो में भारी बारिश के बाद पिछले कुछ दिनों में इस तरह की अटकलें थी कि एशिया कप के सुपर चार मुकाबलों और फाइनल को हंबनटोटा में स्थानांतरित किया जा सकता है। पीटीआई को सूचना मिली है कि एसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी), मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आधिकारिक प्रसारणकर्ता के साथ सलाह-मशविरे के बाद मुकाबलों को कोलंबो में ही कराने का फैसला किया है। प्रसारणकर्ता ने भी इतने कम समय में सुदूर दक्षिणी जिले हंबनटोटा में अपने उपकरण और कर्मचारियों को स्थानांतरित करने में परेशानी का हवाला दिया है। एसएलसी ने एशिया कप के सुपर चार चरण के पांच मुकाबलों और फाइनल के लिए वैकल्पिक स्थल के रूप में हंबनटोटा का नाम दिया था क्योंकि वहां पिछले कुछ हफ्तों में सूखा पड़ा है।

### विश्व कप जर्सी पर भारत लिखा जाए : सहवाग

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने मंगलवार को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से आग्रह किया कि आगामी वनडे विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की जर्सी पर इंडिया के बजाय भारत लिखा जाए। सहवाग ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को टैग करते हुए सुझाव दिया कि खिलाड़ियों को ऐसी जर्सी पहननी चाहिए जिस पर भारत लिखा हो। सहवाग ने एक्स पर लिखा, मेरा हमेशा से मानना है कि नाम ऐसा होना चाहिए जो हममें गर्व पैदा करे। हम भारतीय है, इंडिया नाम अग्रेजो ने दिया था और आधिकारिक रूप से हमारा मूल नाम भारत वापस लाने में लंबा समय हो चुका है। मै बीसीसीआई (सचिव) जय शाह से यह आग्रह करता हूं कि वे सुनिश्चित करें कि इस विश्व कप मे हमारे खिलाड़ी अपनी छाती पर भारत लिखी हुई जर्सी पहने। एक अन्य पोस्ट मे उन्होंने लिखा, टीम इंडिया नही, टीम भारत। इस विश्व कप मे जब हम कोहली, रोहित, बुमराह, जड्डू के लिए चीयर करेंगे तो हमारे दिल मे भारत होगा और खिलाड़ी भारत लिखी जर्सी पहनेंगे। सहवाग की यह टिप्पणी राष्ट्रपति भवन द्वारा नौ सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए आमंत्रण भेजने के विवाद के बाद आई है जिसमे प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बजाय प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा है। कई राजनेता इस मुद्दे पर बयानबाजी कर रहे हैं।

### द्रविड़ उन महान बल्लेबाजों में शामिल जो मेरी गेंद को नहीं पढ़ सके : मुरलीधरन



**मुंबई।** श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का कहना है कि मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ उन महान बल्लेबाजों की सूची में शामिल है जो उनकी गेंद को पढ़ने का तरीका नही ढूंढ सके थे। मुरलीधरन ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा कि भारत के कई महान बल्लेबाज जैसे सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और गौतम गंभीर उनकी गेंद को पढ़ लेते थे लेकिन द्रविड़ ऐसा नही कर सके थे। मुरलीधरन ने अपने जीवन पर बनी फिल्म 800 के ट्रेलर लांच के दौरान कहा, वह (सचिन तेंदुलकर) मेरी गेंद को बहुत अच्छी तरह पढ़ लेते थे। लेकिन ज्यादा खिलाड़ी ऐसा नही कर पाते थे। (ब्रायन) लारा भी इसमें सफल रहे थे लेकिन वह भी मेरी गेंदो को हिट नही कर सके थे। इस मौके पर महान क्रिकेटर तेंदुलकर भी मौजूद थे। मुरलीधरन ने कहा, मै कुछ लोगो को जानता हूं जैसे राहुल द्रविड़, वह महान खिलाड़ियों मे शुमार है लेकिन वह मेरी गेंद को नही पढ़ पाते थे। सचिन और (वीरेंद्र) सहवाग और (गौतम) गंभीर मेरी गेंद को पहचान लेते थे। यहां तक कि मेरी टीम मे भी कुछ ऐसे खिलाड़ी थे जो ऐसा कर पाते थे और कुछ नही। तेंदुलकर ने स्पिन इस जादूगर के साथ अपनी पहली मुलाकात याद करते हुए कहा, मै पहली बार 1992-93 मे इनसे मिला था और तब से हम अच्छे दोस्त है।

### लिटन दास की बांग्लादेश की टीम में वापसी

**ढाका।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास की एशिया कप सुपर चार के मैचों से पहले बांग्लादेश की टीम मे वापसी हुई है जिससे उसकी टीम को मजबूती मिलेगी। बांग्लादेश ने रविवार को लाहौर मे अपने अंतिम ग्रुप मैच मे अफगानिस्तान को 89 रन से हराकर सुपर चार मे अपनी जगह लगभग सुरक्षित की। लिटन दास अस्वस्थ होने के कारण पहले इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे लेकिन चिकित्सा संबंधी मंजूरी मिलने के बाद वह टीम से जुड़ गए है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार बांग्लादेश के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने कहा, एशिया कप की टीम मे कुछ खिलाड़ियों का चोटिल होना चिता का विषय है और टीम प्रबंधन का मानना है कि सुपर चार से पहले टीम को अतिरिक्त खिलाड़ी की जरूरत है।

### विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगे दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर डिकॉक



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक भारत मे आगामी 50 ओवर के विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास लेगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक्स पर डिकॉड के संन्यास की योजना की घोषणा की। डिकॉक दक्षिण अफ्रीका के लिए 140 वनडे और 80 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके है जिसमे उन्होंने क्रमशः 5966 और 2277 रन बनाए है। उसने लिखा, क्विंटन डिकॉक ने भारत मे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के समाप्त होने के बाद वनडे क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। डिकॉड का संन्यास का फैसला क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के भारत मे पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले विश्व कप के लिए 15 सदस्ईय टीम की घोषणा के बाद आया है जिसकी अगुआई तेम्बा बावुमा करेंगे। दिसंबर 2021 मे डिकॉक ने अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया था।

### भारत पुरूष हॉकी 5एस विश्वकप में मिस्र, स्विटजरलैंड और जमैका के साथ एक ग्रुप में

**नई दिल्ली।** मौजूदा एशियाई चैंपियन भारत को अगले साल 24 से 31 जनवरी के बीच मस्कट मे होने वाले एफआईएच पुरूष हॉकी 5एस विश्व कप के लिए मिस्र, स्विटजरलैंड और जमैका के साथ पूल बी मे रखा गया है। पहली बार आयोजित किए जा रहे इस विश्व कप मे कुल 16 टीमे भाग लेंगी जिन्हे चार ग्रुप मे बांटा गया है। भारत ने शनिवार को ओमान के सलालाह मे पाकिस्तान को फाइनल मे पेनल्टी शूटआउट मे 2-0 से हराकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। नीदरलैंड को पूल ए मे पाकिस्तान, पोलैंड और नाइजीरिया के साथ रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और कीनिया को पूल सी मे रखा गया है, जबकि मेजबान ओमान का सामना पूल डी मे मलेशिया, अमेरिका और फिजी से होगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय कप्तान मनदीप मोर ने कहा, टूर्नामेंट मे कुछ वास्तव मे मजबूत टीमे भाग ले रही है।

### कोच सह वीडियो विश्लेषक के रूप में भारतीय हॉकी टीम से जुड़े आर्टर लुकास

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को अपनी सीनियर और जूनियर टीम के साथ बेल्जियम के आर्टर लुकास को कोच सह वीडियो विश्लेषक के रूप मे नियुक्त करने की घोषणा की। लुकास के अनुबंध के अनुसार वह बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र मे सभी चार भारतीय हॉकी टीमो के साथ काम करेंगे जिसमे सीनियर पुरुष, सीनियर महिला, जूनियर पुरुष और जूनियर महिला टीम शामिल है। लुकास को काफी अनुभव और विशेषज्ञता हासिल है। वह इससे पहले रॉयल बेल्जियम हॉकी संघ के साथ 2018 से 2023 तक अंडर-18 राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन विश्लेषक के रूप मे जुड़े रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होने टीम के विकास और सफ्लता मे अहम भूमिका निभाई। लुकास की नियुक्ति पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया परिवार में आर्टर लुकास का स्वागत करके हमें खुशी है।

### इससे बेहतर भारतीय शतरंज टीम की उम्मीद नहीं की जा सकती थी: आनंद

**कोलकाता।** पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने मंगलवार को कहा कि आगामी एशियाई खेलों के लिए वह इससे मजबूत भारतीय शतरंज टीम की उम्मीद नही कर सकते थे। भारतीय शतरंज तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रहा है और हाल में बाकू में हुए विश्व कप में चार भारतीय खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल मे पहुंचे जिसमें आर प्रज्ञानानंदा ने रजत पदक जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया।

### सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी भारतीय अंडर-16 टीम

**थिम्पू।** भारत सैफ अंडर-16 फुटबॉल चैपिनशिप 2023 के सेमीफाइनल में जगह बनाने से सिर्फ एक अंक दूर है और टीम नेपाल के खिलाफ बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप ए मैच मे किसी तरह की कोताही नही बरतना चाहेगी। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ1-0 की जीत के साथ की और अब बुधवार को चांगलिमिथांग स्टेडियम में नेपाल से भिड़ने को तैयार है। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने मैच की पूर्व संध्या पर एआईएफएफ.कॉम से कहा, हां, हम अन्य सभी ग्रुप मैचों को देख रहे है।

### हरियाणा को राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल में स्वर्ण पदक

**भिवानी।** हरियाणा ने श्रीनगर में आयोजित 52वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में 51 वर्षों बाद स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की टीम ने फाइनल में रेलवे को 34-28 से हराया। प्रतियोगिता का आयोजन श्रीनगर में एक से पांच सितंबर तक किया गया।

### आईटीएफ पीसी ओपन की चार साल बाद वापसी

**चेन्नई।** पुरुषों और महिलाओं के लिए आईटीएफ पीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन चार साल के बाद यहां कराया जाएगा। यह टूर्नामेंट प्रेसिडेंसी क्लब में 11 से 16 सितंबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग 35 वर्ष से अधिक, 45 वर्ष से अधिक और 55 वर्ष से अधिक के मुकाबले एकल और युगल वर्ग में होंगे। पहली बार इस प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगी।

### क्लस्टर फाइनल्स के विजेता बने प्रदुम्न चौधुरी

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे प्रतिष्ठित बिज़नेस क्विज टाटा क्रूसिबल कैम्पस क्विज़ 2023 के क्लस्टर 15 फाइनल्स में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी आईआईटी कानपूर के प्रदुम्न चौधुरी विजयी हुए है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालेए क्लस्टर 15 फाइनल्स में सभी प्रतियोगियों के बीच मुकाबला काफी कड़ा रहा। विजेता को 35,000' रुपयों के नकद इनाम से सम्मानित किया गया। साथ ही अब वह ज़ोनल फाइनल्स में हिस्सा लेने के लिए भी पात्र हो गए है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कानपुर के आशुतोष मुदुली ने उपविजेता का स्थान हासिल करते हुए 18,000' रुपयों का नकद इनाम जीता। इस साल की कैम्पस क्विज़ के लिए देश में 24 क्लस्टर बनाए गए और ऑनलाइन प्रीलिम्स के दो लेवल्स के बाद हर क्लस्टर से अव्वल 12 फाइनलिस्टस् को वाइल्ड कार्ड फ इनल्स के लिए और उनमें से अव्वल 6 फ इनलिस्टस् को 24 ऑनलाइन क्लस्टर फ इनल्स के लिए चुना गया। इन 24 क्लस्टर्स को चार ज़ोन्स में ग्रुप किया गया है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर। हर ज़ोन में 6 क्लस्टर्स हैं।

## बारह महीने में तीन बार रहने के स्थान के नियम के उल्लंघन पर हिमा दास निलंबित

**भाषा।** नई दिल्ली

भारत की स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास को पिछले बारह महीने में तीन बार रहने के स्थान के नियम के उल्लंघन के कारण राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया। असम की 23 वर्ष की धाविका हिमा चोट के कारण हांगझोउ एशियाई खेलों की टीम में नहीं है। भारतीय टीम के एक अधिकारी ने कहा , पिछले एक साल में तीन बार उसने रहने के स्थान संबंधी नियम का उल्लंघन किया है। यही वजह है कि उसे नाडा ने अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया। उसे दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ सकता है जो घटाकर एक साल का किया जा सकता है। हिमा ने जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में 400 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता था। वह स्वर्ण जीतने वाली चार गुणा 400 मीटर महिला टीम और रजत जीतने वाली मिश्रित रिले टीम की भी सदस्य थी।

## श्रीलंका एशिया कप के सुपर फोर में

**● अफगानिस्तान पर दो रन की रोमांचक जीत**

**भाषा।** लाहौर



**श्रीलंका ने** मंगलवार को यहां एशिया कप के अंतिम ग्रुप मैच में अफगानिस्तान पर दो रन की रोमांचक जीत से सुपर फोर के लिए क्वालीफाई किया। श्रीलंका ने ग्रुप के अपने दोनों मैच जीते जिससे उसके चार अंक रहे। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की 92 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट पर 291 रन बनाए। अफगानिस्तान को ग्रुप बी में सुपर फोर के लिए क्वालीफाई करने के लिए यह लक्ष्य 37.1 ओवर में पूरा करना था लेकिन अफगानिस्तान मोहम्मद नबी की छह चौके और पांच छक्के जड़ित 65 रन की तूफानी पारी और खिलाड़ियों के अंत तक पूरा जोर लगाने के बावजूद 37.4 ओवर में 289 रन बनाकर बाहर हो गया। अफगानिस्तान ने 37 ओवर में नौ विकेट पर 289 रन बना लिए थे और वह लक्ष्य से तीन रन से दूर थी। लेकिन 38वें ओवर में धनंजय डिसिल्वा की पहली गेंद पर विकेट नौवां गंवा दिया। दो गेंद बाद अंतिम विकेट गिरने से उसकी पारी खत्म हुई। राशिद खान 27 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका के लिए कासुन रजीता ने 79 रन देकर चार विकेट झटके जबकि दुनिथ वेलालागे और डिसिल्वा ने दो दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका ने नौ ओवर तक 50 रन पर अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ियों रहमनुल्लाह गुरबाज (04), इब्राहिम जदरान (07) और गुलबदिन नायब (22 रन) के विकेट झटक लिए थे। इसमें रजीता ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट झटके। फिर रहमत शाह (45 रन, 40 गेंद) और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (66 रन) ने टीम को 18वें ओवर तक कोई झटका नहीं लगने दिया और मिलकर चौथे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी निभाई। रजीता ने इस भागीदारी को तोड़ते हुए रहमत को आउट कर अपना तीसरा विकेट झटका और अफगानिस्तान ने 121 रन पर चौथा विकेट गंवा दिया।अब शाहिदी और मोहम्मद नबी (32 गेंद) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने अपने अर्धशतक पूरे किए। नबी ने अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में 24 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से सबसे तेज अर्धशतक जड़ा।

## विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिपः शुभम ग्रुप डी में तीसरे स्थान पर रहे, मीराबाई वजन कराकर हटी

**भाषा।** रियाद

**पहली बार** विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भाग ले रहे भारतीय भारोत्तोलक शुभम टोडकर यहां पुरुषों की 61 किग्रा स्पर्धा के ग्रुप डी में तीसरे स्थान पर रहे। महाराष्ट्र के 26 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन टोडकर ने कुल 269 किग्रा (119 किग्रा150 किग्रा) वजन उठाया, जो मई में उनके एशियाई चैंपियनशिप प्रयास (263 किग्रा) से छह किग्रा बेहतर था। उन्होंने जुलाई में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 259 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता था। टोडकर ने सोमवार को अपनी स्पर्धा के बाद पीटीआई से कहा, परिणाम मेरी अपेक्षानुरूप नहीं रहा लेकिन इस बार मेरा कुल योग अच्छा रहा जिससे मैं संतुष्ट हूं। यह मेरा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ग्रुप डी में मलेशिया के अज़नील मुहम्मद 290 किग्रा (129 किग्रा 161 किग्रा) वजन उठाकर पहले और कोरिया के रोक शिन 280 किग्रा (125 किग्रा 155 किग्रा) भार उठाकर दूसरे स्थान पर रहे।

## सबालेंका अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**● क्विनवेन भी आगे बढ़ी**



**भाषा।** न्यूयॉर्क

**आर्यना** सबालेंका ने इगा स्वियातेक की जगह विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर अपना स्थान सुनिश्चित करने के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका ने सोमवार की रात को खेले गए मैच में 13वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को 6-1, 6-3 से पराजित किया। उन्होंने विश्व में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के बारे में कहा, मैंने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए पूरे साल कड़ी मेहनत की। यह वास्तव में मेरे लिए काफी मायने रखता है। यह मेरे परिवार के लिए बहुत मायने रखता है। यह अविश्वसनीय है। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक के रविवार को चौथे दौर में बाहर होने के बाद सोमवार को तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंस जाबेउर को भी हार का सामना करना पड़ा। चौथी वरीयता प्राप्त इलेना रायबाकिना पहले ही बाहर हो गई थी। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका क्वार्टर फाइनल में चीन की 23वीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन से भिड़ेंगी जिन्होंने पिछले साल की उपविजेता जाबेउर को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में प्रवेश किया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं जहां उनका मुकाबला मैडिसन कीज़ से होगा। कीज़ ने पेगुला को 6-1, 6-3 से जबकि वोंद्रोसोवा ने गैर वरीय अमेरिकी पेयटन स्टर्न्स को 6-7 (3), 6-3, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में सोमवार मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की जबकि 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव भी अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रहे जहां उनका सामना हमवतन रूसी खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने जैक ड्रेपर को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 से और मेदवेदेव ने 13वें वरीय एलेक्स डी मिनौर को 2-6, 6-4, 6-1, 6-2 से हराया। इससे पहले अल्कराज ने गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी को 6-3, 6-3, 6-4 से पराजित करके तीसरी बार अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## हार्दिक का फॉर्म हमारे लिए अहम : रोहित

**भाषा।** पालेकल



**भारत के** कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि आईसीसी विश्व कप जीतने के लिए हार्दिक पंड्या का फॉर्म टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। स्टार हरफनमौला पंड्या को विश्व कप के लिए भारत का उपकप्तान बनाया गया है। पंड्या ने रोहित की गैर मौजूदगी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में कप्तानी की थी। इसके अलावा वह टी20 टीम के कप्तान भी हैं। विश्व कप के लिए भारतीय टीम के ऐलान के बाद रोहित ने कहा , उसका फॉर्म हमारे लिए अहम है। दोनों पारियों में चाहे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी। यह अहम है। , पिछले साल उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से प्रभावित किया। यह हमारे लिए काफी अहम है। रोहित ने कहा , आपने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में देखा। हार्दिक और ईशान ने अच्छे रन बनाए। गेंदबाजी में भी हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया है। उसकी बल्लेबाजी में परिपक्वता दिखी और यह हमारे लिए अच्छा संकेत है। रोहित यह भूले नहीं है कि पिछले कुछ अर्से से आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वनडे प्रारूप में टीम वापसी करेगी। 50 ओवरों का प्रारूप अलग है जब आप नौ लीग मैच , सेमीफाइनल और फाइनल यानी 11 मैच खेल रहे हैं। वापसी का मौका हमेशा रहता है। इस प्रारूप में आपके पास रणनीति पर पुनर्विचार का समय रहता है जो टी20 में नहीं होता। उन्होंने विश्व कप के लिए भारतीय टीम को संतुलित बताया। हम खुश हैं। संतुलन और गहराई को देखें तो यह सर्वश्रेष्ठ टीम है।

## भारतीय महिला टीम छठे स्थान पर, मिश्रित जोड़ी बाहर

**भाषा।** प्योंगचांग (दक्षिण कोरिया)

**भारतीय महिला टीम** मंगलवार को यहां एशियाई टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में थाईलैंड से मिली 0-3 की हार के बाद छठे स्थान पर रही। भारतीय टीम ने पांचवें से आठवें स्थान के मैच में सिंगापुर को 3-2 से हराया लेकिन वह पांचवें स्थान के मुकाबले में थाईलैंड से हार गई। सिंगापुर के खिलाफ मनिका बत्रा ने जिंग्ई झोऊ (3-0) के खिलाफ जीत से अच्छी शुरूआत कराई लेकिन श्रीजा अकुला को जियान जेंग से (0-3) से हार मिली। पर अयहिका मुखर्जी ने रु जिन वोंग के खिलाफ जीत से भारत को 2-1 से बढ़त दिला दी। मनिका उलट एकल में जियान जेंग की चुनौती पार नहीं कर सकीं और 0-3 से हार गईं जिससे श्रीजा पर पहली हार की भरपाई करने का दबाव बढ़ गया। पर इस हैदराबादी ने जिंग्ई पर 3-1 की जीत से टीम की उम्मीद बढ़ाई। थाईलैंड की टीम ने भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सुथासिनी सावेटाबट ने श्रीजा को 3-0 से हराया फिर ओरवान परानांग ने मनिका को 3-1 से पराजित किया। फिर वानविसा औएविरियायोथिन ने दिया चिताले की चुनौती 3-2 से समाप्त की जिससे थाईलैंड ने पांचवां स्थान हासिल किया। मिश्रित युगल में भी भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी विफल रहे।

## प्रणय व सेन चाइना ओपन के पहले दौर में बाहर



**भाषा।** चांग्झू (चीन)

**विश्व** चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय मंगलवार को यहां मलेशिया के एनजी त्जे योंग से तीन गेम तक चले मैच में हारकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में बाहर हो गए। विश्व में छठे नंबर के भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे छह मिनट तक चले मैच में मलेशिया के विश्व में 22वें नंबर के खिलाड़ी से 12-21 21-13 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा चैंपियन लक्ष्य सेन भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 21-23 21-16 9-21 हार झेलनी पड़ी। यह मैच एक घंटे 18 मिनट तक चला। इसके बाद प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 13-21, 24-26 से हार का सामना करना पड़ा जिससे पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी चेन किंग चेन और जिया ई फैन की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 18-21, 11-21 से हार गई। पीवी सिंधू के एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण आखिरी क्षण में हट जाने के कारण महिला एकल में भारत की कोई भी खिलाड़ी भाग नहीं ले रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।